@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 13 जनवरी 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 70 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## भारत और जर्मन में रक्षा, प्रौद्योगिकी और व्यापारिक सहयोग पर जोर

● प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच में बैठक हुई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच सोमवार को गांधीनगर (गुजरात) में बैठक हुई। इस दौरान भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती देने के लिए रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, ऊर्जा और जन-जन संपर्क सहित अनेक क्षेत्रों में व्यापक समझौते हुए और बाद में कई घोषणाएं की गई।

दोनों देशों ने रक्षा औद्योगिक सहयोग, आर्थिक सहयोग के लिए सीईओ फोरम, सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, क्रिटिकल मिनरल्स, दूरसंचार और उभरती तकनीकों में साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त घोषणापत्रों पर सहमति जताई। हरित हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया, नवीकरणीय ऊर्जा और जैव-अर्थव्यवस्था में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए समझौते हुए। आयुर्वेद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सहयोग को विस्तार दिया गया। सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के संबंधों को मजबूत करने हेतु खेल, डाक सेवाएं, समुद्री विरासत और युवा हॉकी विकास पर समझौते किए गए। इसके अलावा, भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए जर्मनी में वीज़ा-फ्री ट्रांजिट, इंडो-पैसिफिक संवाद, डिजिटल डायलॉग और हरित विकास के लिए 1.24 अरब यूरो की नई फंडिंग जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने 12-13 जनवरी को भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह उनकी भारत की पहली और चांसलर बनने के बाद एशिया की भी पहली यात्रा थी, जो भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में जर्मनी के एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार के रूप में दिए गए महत्व को दर्शाती है।

चांसलर मर्ज के साथ 23 प्रमुख जर्मन सीईओ और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया। दोनों नेताओं के बीच आज सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। बातचीत में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति बनी।

## संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से

● आम बजट एक फरवरी को

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलेगा। केंद्रीय आम बजट एक फरवरी (रविवार) को पेश किया जाएगा।

लोकसभा सचिवालय के सोमवार को जारी बयान के अनुसार संसद के बजट सत्र के पहले दिन 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे संसद भवन के लोकसभा कक्ष में आयोजित होगा। बजट सत्र का पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद अवकाश होगा। सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक चलेगा।


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी, जो रविवार को प्रस्तावित है। सत्र के दौरान वित्तीय प्रस्तावों के अलावा कई विधायी और अन्य सरकारी कार्यों पर भी चर्चा होगी, जिसमें नीतिगत, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर बहस शामिल हैं।

बजट सत्र परंपरा के अनुसार राष्ट्रपति का यह अभिभाषण संसद में सरकारी एजेंडा प्रस्तुति और चर्चा का मार्ग खोलता है, जिससे सदन की कार्यवाही का औपचारिक आरंभ होता है और सदस्यों को मुख्य नीतिगत दिशा-निर्देश मिलते हैं।

उल्लेखनीय है कि बजट से जुड़ी तैयारियों में आ रही दिक्कतों को देखते हुए वर्ष 2017 में बजट की तारीख बदलने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद आम बजट को फरवरी की शुरुआत यानी एक फरवरी को पेश किया जाने लगा।

### पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की बिगड़ी तबीयत, एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत बिगड़ने पर सोमवार को उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया




कि 10 जनवरी को जगदीप धनखड़ को दो बार बेहोशी का दौरा पड़ा था। एहतियात के तौर पर विस्तृत जांच के लिए उन्हें आज एम्स में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में उपराष्ट्रपति का पदभार संभालने वाले जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए 21 जुलाई 2025 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले साल 2019 में वे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बनाए गए थे।

## जेकेएसए ने ईरान से कश्मीरी छात्रों को निकालने के लिए पीएम मोदी से मांगी मदद

**'ईरान में जारी अशांति के कारण कश्मीरी छात्रों के माता-पिता बेहद परेशान और चिंतित हैं'**

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर छात्र एसोसिएशन (जेकेएसए) ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से ईरान से कश्मीरी छात्रों को निकालने में मदद मांगी। जेकेएसए ने आग्रह किया है कि वे ईरान में अध्ययनरत भारतीय छात्रों, विशेष रूप से कश्मीर घाटी के छात्रों की सुरक्षा, गरिमा और समग्र कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करें। जम्मू-कश्मीर छात्र एसोसिएशन ने कहा कि ईरान में जारी अशांति के कारण कश्मीरी छात्रों के माता-पिता बेहद परेशान और चिंतित हैं और उन्हें अपने बच्चों की सुरक्षा और भलाई के लिए डर सता रहा है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक नासिर खुएहामी ने सैकड़ों भारतीय छात्रों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की, जिनमें से अधिकांश जम्मू और कश्मीर के हैं। ये छात्र ईरान की सस्ती शिक्षा प्रणाली और भारत के साथ लंबे समय से चले आ रहे शैक्षणिक और जन-संबंधी संबंधों के कारण वहां एमबीबीएस और अन्य व्यावसायिक चिकित्सा पाठ्यक्रम कर रहे हैं। खुएहामी ने कहा कि कई माता-पिता पिछले चार दिनों से अपने बच्चों से संपर्क स्थापित नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं। फोन कॉल कनेक्ट नहीं हो रहे हैं, मैसेजिंग सेवाएं बंद हैं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पूरी तरह से निष्क्रिय हो गए हैं, जिससे परिवारों में तीव्र मनोवैज्ञानिक तनाव पैदा हो गया है।



## गणतंत्र दिवस पर 87 उम्रकैद के दोषियों की समय से पहले रिहाई का आदेश दिया

● जेल विभाग ने 27 मई 2025 के एक निर्देश के तहत 481 मामलों की विस्तृत समीक्षा के बाद यह आदेश जारी किया

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने 77वें गणतंत्र दिवस से पहले एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य भर की जेलों से 87 आजीवन कारावास के दोषियों की समय से पहले रिहाई को मंजूरी दे दी है। जेल विभाग ने 27 मई 2025 के एक निर्देश के तहत 481 मामलों की विस्तृत समीक्षा के बाद यह आदेश जारी किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जिला स्तरीय समितियों ने कानूनी प्रावधानों, मामले की पृष्ठभूमि और प्रासंगिक तथ्यों के आधार पर प्रत्येक मामले की जांच की। कुल समीक्षा किए गए मामलों में से 394 दोषी समय से पहले रिहाई के लिए अपात्र पाए गए। यह निर्णय दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 432, 433 और 433(ए) के तहत लिया गया है, जो राज्य को विशिष्ट शर्तों के तहत सजा माफ करने या कम करने का अधिकार देती है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रिहाई सख्त सुरक्षा उपायों के अधीन होगी। हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील वाले कैदी तभी पात्र होंगे जब उनके मामलों का समाधान 26 जनवरी, 2026 तक हो जाएगा।



इसके साथ ही जिन कैदियों पर जुर्माना लगाया गया है, उन्हें जुर्माना अदा करना होगा या अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा, जबकि अन्य मामलों में सजा काट रहे दोषियों को रिहाई से पहले अपनी सजा पूरी करनी होगी। जिन व्यक्तियों के मुकदमे लंबित हैं, वे विचाराधीन कैदी बने रहेंगे और अंतरराज्यीय मामलों में रिहाई से पहले स्थानांतरण हो सकता है। आजीवन कारावास के दोषियों के अलावा, सात गैर-आजीवन कारावास कैदियों को सजा में छूट दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि अस्वीकृति मुख्य रूप से उन मामलों में हुई है जहां दोषियों ने राज्य नीति के तहत आवश्यक 20 वर्ष का कारावास (छूट सहित) पूरा नहीं किया था। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उठाया गया यह कदम पुनर्वास को बढ़ावा देने और जेलों में भीड़भाड़ कम करने के उद्देश्य से की जाने वाली वार्षिक पहल का हिस्सा है।

### एयर इंडिया विमान की जयपुर में आपातकालीन लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**जयपुर।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 2517 को चिकित्सा संबंधी आपात स्थिति के कारण सोमवार सुबह जयपुर में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। बीमार यात्री को उतारने के बाद फ्लाइट को वापस विजयवाड़ा के लिए रवाना किया गया। इस विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। नई दिल्ली से विजयवाड़ा जा रही एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 2517 में एक बुजुर्ग यात्री की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिससे हड़कंप मच गया। इसके बाद फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किया गया और एटीसी से अनुमति लेने के बाद जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। ड्यूटी टर्मिनल मैनेजर राहुल कुमार ने रनवे पर फ्लाइट के लैंड करते ही तुरंत एंबुलेंस को बुलवाया।

## मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल ने फ्लाइट टेस्ट में लक्ष्य पर किया सटीक हमला

● परीक्षण की कामयाबी ने सेना के लिए पोर्टबल गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शीर्ष आक्रमण क्षमता वाली तीसरी पीढ़ी की फायर एंड फॉरगेट मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम) ने उड़ान परीक्षण में एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की है। इस दौरान मिसाइल और वारहेड के प्रदर्शन मानक के अनुरूप पाए गए। परीक्षण का लक्ष्य एक डमी टैंक था, जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है।

डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने महाराष्ट्र के अहिल्या नगर की केके रेंज में एक गतिशील लक्ष्य के खिलाफ सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया। स्वदेश में विकसित एमपीएटीजीएम में अत्याधुनिक स्वदेशी प्रौद्योगिकियां जैसे इमेजिंग इंफ्रारेड (आईआईआर) होमिंग सीकर, ऑल इलेक्ट्रिक कंट्रोल एक्चुएशन सिस्टम, फायर कंट्रोल सिस्टम, टैंडम वारहेड, प्रणोदन प्रणाली और उच्च प्रदर्शन दृष्टि प्रणाली शामिल हैं। इन्हें डीआरडीओ की सहयोगी प्रयोगशालाओं रिसर्च सेंटर इमारत, हैदराबाद, टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी, चंडीगढ़, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, पुणे और इंस्ट्रूमेंट्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट, देहरादून में विकसित किया गया है। डीआरडीओ के मुताबिक थर्मल टारगेट सिस्टम को डिफेंस लैबोरेटरी, जोधपुर ने टारगेट टैंक की नकल करने के लिए बनाया था। आईआईआर सीकर दिन और रात में कॉम्बैट ऑपरेशन की काबिलियत रखता है। यह वॉरहेड मॉडर्न मेन बैटल टैंक को हराने में काबिल है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड इस वेपन सिस्टम के डेवलपमेंट-कम-प्रोडक्शन पार्टनर हैं। मिसाइल को ट्राइपॉड या मिलिट्री व्हीकल लॉन्चर से लॉन्च किया जा सकता है। डीआरडीओ ने पिछले साल 13 अप्रैल और 13 अगस्त को 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल के परीक्षण किये थे।



## पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1 मिशन विफल

● तीसरे चरण में गड़बड़ी से 'अन्वेषा' उपग्रह कक्षा में नहीं पहुंच सका

**एजेंसी**

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1 मिशन रविवार को तकनीकी खामी के कारण विफल घोषित कर दिया गया। इस मिशन के तहत रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अत्यंत गोपनीय हाइपरस्पेक्ट्रल निगरानी उपग्रह 'अन्वेषा' का प्रक्षेपण किया गया था, लेकिन रॉकेट के तीसरे चरण (पीएस3) के अंतिम चरण में आई गड़बड़ी के कारण उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित नहीं किया जा सका।

***गौरतलब है कि यह वर्ष 2026 में इसरो का पहला प्रक्षेपण था। साथ ही यह न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) का 9वां वाणिज्यिक मिशन था, जो तकनीकी खामी के कारण सफल नहीं हो सका।***



इसरो के अनुसार, मिशन के दौरान पीएसएलवी रॉकेट का उड़ान क्रम सामान्य रूप से आगे बढ़ रहा था, लेकिन तीसरे स्टेज के अंत में रॉकेट मार्ग से भटक गया, जिससे पेलोड को अपेक्षित कक्षा में इंजेक्ट नहीं किया जा सका। इसके बाद इसरो ने मिशन को विफल घोषित करते हुए विस्तृत तकनीकी विश्लेषण शुरू कर दिया है। दरअसल, इसरो का यह 64वां पीएसएलवी मिशन (पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1) आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 10:18 बजे प्रक्षेपित किया गया था। इस उड़ान के माध्यम से कुल 16 उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजा जाना था, जिनमें डीआरडीओ द्वारा विकसित 'अन्वेषा' सबसे महत्वपूर्ण पेलोड था। इसरो ने पहले बताया था कि 'अन्वेषा' एक अत्याधुनिक हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग सैटेलाइट है, जो जंगलों की गहराई से लेकर युद्ध के मैदान में छिपी बेहद सूक्ष्म वस्तुओं तक की पहचान करने में सक्षम है। यह उपग्रह पर्यावरण निगरानी, संसाधन मानचित्रण और सामरिक निगरानी के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में भारत की निगरानी क्षमताओं को नई मजबूती प्रदान करने वाला था। हालांकि मिशन की असफलता से इसरो और रक्षा प्रतिष्ठान को झटका लगा है, लेकिन वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया है कि इसरो की टीम खामी के कारणों की गहन जांच कर रही है, ताकि भविष्य के मिशनों में ऐसी त्रुटियों से बचा जा सके।

## ई-सिगरेट मामले में सांसद कीर्ति आज़ाद की सदस्यता जा सकती है

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** संसद में ई-सिगरेट पीने के मामले में तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आज़ाद के खिलाफ संसद की मर्यादा भंग करने और गरिमा को गिराने के आरोप में निष्कासन तक की कार्रवाई हो सकती है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह संभावना जाहिर की। कीर्ति आज़ाद द्वारा सदन के भीतर ई-सिगरेट पीने के मामले से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, सदन की गरिमा और मर्यादा बनाये रखना सबका काम है। सबको सभाकक्ष की मर्यादा रखनी होगी। उन्होंने कहा, जांच की प्रक्रिया पूरी होने की दिशा में है। जैसे ही जांच पूरी हो जाएगी, कार्य योजना बनाई जाएगी और समिति को भेजी जाएगी और प्रक्रिया पूरी की जाएगी। किसी को भी सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने की इजाजत नहीं दी जाएगी।' उन्होंने आगे कहा, 'यह एक जिम्मेदारी है। आपको सदन के अंदर गरिमा बनाए रखनी होगी और जो गरिमा नहीं बनाए रखेगा, उस पर संसद के नियमों और प्रक्रियाओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। बिरला ने कहा कि नियमों में सदस्यता समाप्त करने का भी प्रावधान है, पर ये सदन का अधिकार है, अध्यक्ष का नहीं। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार सदस्यों की सदस्यता जा चुकी है और इस मामले में भी सदन चाहेगा तो सदस्यता जा सकती है।उल्लेखनीय है कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने अध्यक्ष के समक्ष औपचारिक रूप से कीर्ति आज़ाद के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी कि वह सदन में ई-सिगरेट पी रहे थे और इसे कई सदस्यों ने स्पष्ट रूप से देखा भी है।

## स्वामी विवेकानंद ने हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया : भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन

● **गुरुग्राम पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का किया गया भव्य स्वागत**

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि देश भर में युवाओं को आगे बढ़ने का भरपूर मौका मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत का सपना सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए पूरा करना है। उन्होंने कहा कि हम महापुरुषों की जयंतियां एक दिन नहीं, बल्कि पूरे वर्ष मनाते हैं और उनकी प्रेरणा से कार्य करते हैं।

नितिन नबीन सोमवार को गुरुग्राम में स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भाजपा कार्यालय में आयोजित समारोह में



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या और खेल मंत्री गौरव गौतम ने भी संबोधन दिया। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद सोमवार को पहली बार गुरुग्राम (हरियाणा) पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली समेत अनेक नेताओं, कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। दिल्ली बॉर्डर से उनकी स्वागत यात्रा निकालकर भाजपा कार्यालय तक लाया गया। इस दौरान जेसीबी मशीनों से उन पर पुष्प वर्षा भी की गई अपने संबोधन में नितिन नबीन ने कहा कि हमारे प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद ने हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया है। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि जब-जब देश आगे बढ़ेगा और नई ऊंचाइयों को छूएगा तो उस ऊंचाई का नेतृत्व युवा करता दिखाई देगा। युवाओं से अपील की कि देश का युवा विकसित भारत बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत विजन को पूरा करने में अपना योगदान दें। नितिन नबीन ने कहा कि एक हजार साल पहले सोमनाथ को रौंदा गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वाभिमान व गौरव को बढ़ाया जिस पर हमें गर्व है। सोमनाथ मंदिर आज भव्य रूप में खड़ा है।

## प्रधानमंत्री 15 जनवरी को करेंगे राष्ट्रमंडल देशों की संसद से जुड़े 28वें सम्मेलन का उद्घाटन

● लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस सम्मेलन के अध्यक्ष हैं।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय संसद 14-16 जनवरी तक नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल के स्पीकरों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) की मेज़बानी कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी को सुबह 10:30 बजे नई दिल्ली में संसद भवन परिसर, संविधान सदन के ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री ने 9वें जी20 संसदीय अध्यक्षों (पी20) के शिखर सम्मेलन का भी उद्घाटन किया था। पी20 अंतर-संसदीय सम्मेलन की मेज़बानी भारत की संसद ने अक्टूबर 2023 में की थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस सम्मेलन के अध्यक्ष हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि भारत 16 वर्षों बाद राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकरों एवं पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। 14 जनवरी को 15 देशों की कार्यकारी परिषद की बैठक होगी। 15 जनवरी को प्रधानमंत्री सम्मलेन का उद्घाटन करेंगे। 15-16 जनवरी को अलग-अलग बैठकें होंगी। भारत का मेजबानी करने का यह साल 1971, 1986 और 2010 के बाद यह चौथा अवसर है। सम्मेलन पूरी तरह वेब आधारित होगा। निमंत्रण से लेकर चर्चा सभी एप के माध्यम से होगी।



## झारखंड में सात साल के बच्चे को चोरी के आरोप में पेड़ से बांधकर पीटा

रांची (एजेंसी)। झारखंड के रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में 9 जनवरी को सात साल के एक बच्चे को चोरी के संदेह में पेड़ से बांधकर पीटने का मामला सामने आया। घटना का 20 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। वीडियो में नाबालिग के हाथ-पैर बंधे दिखाई दे रहे हैं और उसे पीटा जा रहा है। पुलिस ने मुख्य आरोपी बबलू प्रसाद उर्फ टीकाधारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पीड़ित के बड़े भाई की शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता और पास्को अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि बबलू प्रसाद और दो अन्य लोगों ने बच्चे को रोका और चोरी के आरोप में उस पर हमला किया। यह घटना बच्चों के खिलाफ हिंसा और नाबालिग सुरक्षा की गंभीरता को उजागर करती है।

## खटीमा में बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत

देहरादून (एजेंसी)। सुरई रेंज के बग्गा 54 क्षेत्र में रविवार की देर रात एक बाघ ने 52 वर्षीय शेर सिंह कन्याल पर हमला कर दिया, जिसमें उनकी मौत हो गई। शेर सिंह चकरपुर लाइन, बग्गा चौहान के निवासी थे। घटना की सूचना मिलने पर उप निरीक्षक लक्ष्मण जोशी और उनका दल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देखा कि शव पर बाघ के नाखून और दांत के निशान थे और दाहिना कुल्हा बाघ द्वारा खाया गया था। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सुरक्षित मोर्चरी में रखवाया। अधिकारी मामले की तफ्तीश और बाघ की गतिविधियों पर निगरानी कर रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## कश्यप समाज के युवक की हत्या पर अखिलेश और मायावती ने निंदा कर जताई नाराजगी

लखनऊ(एजेंसी)। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने मेरठ के सरधना इलाके में एक युवक की हत्या के मामले पर नाराजगी जताई है। यह घटना करीब एक सप्ताह पहले की है और पुलिस ने बताया कि इस मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अखिलेश यादव ने एक्स पर कहा कि दबंगों ने सरधना क्षेत्र के ज्वालागढ़ में कश्यप समाज के एक युवक की हत्या का जो 'कुकृत्य किया है, उसके लिए हम पूरे पीडीए समाज की तरफ से आवाज उठाते हैं। वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी एक्स पर कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आने वाले कश्यप समुदाय के युवक की हत्या की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों को कानून का डर होना जरूरी है। इस बीच अखिलेश यादव और मायावती के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मेरठ पुलिस ने कहा कि यह मामला हाल का नहीं है और हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर घटना के 24 घंटे के अंदर मामले को सुलझा लिया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी नाबालिग है, जिसे किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना पिछले सोमवार को अक्खेपुर-रार्धना रोड पर हुई थी। मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर शहर के मोहल्ला किला निवासी रोहित उर्फ सोनू (28) के रूप में हुई थी। शुरुआती जांच में सामने आया कि टेंपो में तेज आवाज में गाना बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद 16 साल के टेंपो चालक ने रोहित की हत्या कर दी थी। सरधना के सीओ ने बताया कि आरोपी ने पहले रोहित से दोस्ती की, फिर उसे शराब पिलाई और खुद 'एनर्जी ड्रिंक' पी और बाद में उसने ईंट से रोहित के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पहचान छिपाने के लिए आरोपी ने शव को करीब 15 मीटर तक स्कूल की दीवार के पास एक जगह तक घसीटा और कपड़े, सूखे पत्तों एवं तेल का इस्तेमाल करके उसमें आग लगा दी। घटना की जानकारी तब हुई जब स्कूल के चौकीदार ने सोमवार रात आग जलती देखी और पुलिस को इसकी सूचना दी। अगले दिन शव की पहचान रोहित के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक रोहित मुंबई में हलवाई का काम करता था और शादी के लिए लड़की देखने गांव आया था। पुलिस ने शराब के पाउच पर लगे बारकोड और ठेके के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और हत्याकांड का खुलासा किया।

## चारा लेने मां-दादी के साथ जा रही मासूम पर कुत्तों ने नोंच-नोंच कर हाथ कर दिया अलग



संभल (एजेंसी)। यूपी के संभल में आवारा कुत्तों का झुंड मासूम बच्ची पर टूट पड़ा। कुत्तों ने बच्ची को बुरी तरह नोंचकर मार डाला। ये घटना रविवार शाम को तब हुई जब बच्ची अपनी मां के साथ चारा लेने जा रही थी। तभी अचानक आवारा कुत्तों का झुंउ उस पर टूट पड़ा। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर जब तक घरवाले मौके पर पहुंचे, तब तक कुत्ते उसका एक हाथ काटकर अलग कर चुके थे। गंभीर हालत में बच्ची को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह पूरा मामला थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के गांव पोटा का है। जानकारी के मुताबिक पोटा गांव के रहने वाले विनोद उर्फ बंटी की 9 साल की बेटी रिया गौतम प्राथमिक विद्यालय में कक्षा में पढ़ती थी। रिया मां ममता और दादी के साथ बकरी और भैंसों के लिए चारा लेने जा रही थी। मां और दादी थोड़ा आगे निकल गई जबकि रिया पीछे-पीछे आ रही थी। इसी बीच अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर बच्ची की मां और दादी दौड़ी और हमलावर कुत्तों को भागने की कोशिश की, लेकिन कुत्ते उसे बुरी तरह नोच-खसोट करते रहे। आसपास मौजूद और खेतों पर काम कर रहे लोग शोर-शराबा सुनकर वहां पहुंचे और बमुश्किल बच्ची को कुत्तों के चुंगल से बचाया, लेकिन तब तक बच्ची बुरी तरह जख्मी हो चुकी थी। काफी देर तक रिया के कटे हुए हाथ को ढूंढा गया, लेकिन वह नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पिछले कई महीनों से आवारा कुत्तों का आतंक जारी है। अब तक करीब दो दर्जन लोगों को काट चुके हैं। शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पुलिस का कहना है कि गांव पोटा में एक बच्ची के ऊपर आवारा कुत्तों द्वारा हमला कर दिया था। हमले में बच्ची की मौत हो गई है। पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

# एससी/एसटी आरक्षण क्रीमी लेयर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को जारी किया नोटिस

### -आरक्षण व्यवस्था में क्रीमी लेयर लागू करने जनहित याचिका पर सुनवाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) आरक्षण व्यवस्था में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग से जुड़ी एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में सभी पक्षों से जवाब तलब करते हुए कहा है कि वह याचिका में उठाए गए संवैधानिक और सामाजिक पहलुओं पर विचार करेगी।

यह जनहित याचिका अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर की गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में उन लोगों तक पहुंचना चाहिए, जो आज भी सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि एससी/एसटी वर्ग के कुछ परिवार अब सरकारी सेवाओं, प्रशासनिक पदों और संवैधानिक पदों में प्रतिनिधित्व हासिल कर चुके हैं और वे सामाजिक रूप से सशक्त हो गए हैं। ऐसे में उनके बच्चों को आरक्षण का लाभ मिलते रहना समानता के अधिकार के विपरीत है।

याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की है कि जिन एससी/एसटी परिवारों में माता-पिता या अभिभावक केंद्र या राज्य सरकार की ग्रुप-ए या ग्रुप-बी सेवाओं में कार्यरत हैं, या जो संवैधानिक पदों पर रहे हैं, उनके बच्चों को आरक्षण के दायरे से बाहर किया जाए। याचिकाकर्ता के अनुसार, इससे आरक्षण का लाभ उन परिवारों तक पहुंचेगा, जो अब भी हाशिये पर हैं और जिन्हें इसकी वास्तविक जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से यह दलील दी गई कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए पहले से ही 'क्रीमी लेयर' का सिद्धांत लागू है, ताकि संपन्न वर्ग आरक्षण का अनुचित लाभ न उठा सके। ऐसे में समानता के संवैधानिक सिद्धांत के तहत एससी/एसटी आरक्षण में भी इस व्यवस्था पर विचार किया जाना चाहिए।

हालांकि, इससे पहले कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट यह स्पष्ट कर चुका है कि एससी/एसटी आरक्षण का आधार ऐतिहासिक सामाजिक भेदभाव और छुआछूत रहा है, न कि केवल आर्थिक पिछड़ापन। ऐसे में इस मुद्दे पर अदालत का रुख हमेशा संवेदनशील और संतुलित रहा है।

## बंगाल में एक और बीएलओ की गई जान, परिवार का आरोप- काम का था ज्यादा दबाव

### -टीएमसी विधायक बोले- चुनाव आयोग एसआईआर प्रक्रिया में कर रहा जल्दबाजी

कोलकाता (एजेंसी)। एसआईआर को लेकर विवाद खत्म होने के नाम नहीं ले रहा है। मुर्शिदाबाद जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में बीएलओ का शव फंदे से मिला। बीएलओ के परिवार का आरोप है कि एसआईआर को लेकर काम के अत्यधिक दबाव के कारण उन्होंने खुदकुशी की है। 4 नवंबर को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से अब तक आठ बीएलओ की मौत हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रानीतला पुलिस ने बताया कि मृतक हमीमुल इस्लाम (47) जो पैकमरी चार कृष्णपुर बॉयज प्राइमरी स्कूल में शिक्षक और खारिबोना ग्राम पंचायत के अंतर्गत पुरबा अलापुर गांव में एक बूथ पर बीएलओ थे। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात पैकमरी चार इलाके में लोगों के संज्ञान में आई। मृतक के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि हमीमुल शनिवार सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन दोपहर तक वापस नहीं लौटे। पुलिस ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद शनिवार रात को विद्यालय परिसर के एक कमरे में उनका शव फंदे से लटका मिला। पुलिस अधिकारी के मुताबिक परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि शिक्षक और बीएलओ के रूप में अपनी दोहरी जिम्मेदारियों के कारण काम के बोझ से तनाव में था। मृतक हमीमुल के बड़े भाई फरमान-उल-कलाम ने कहा कि हाल के हफ्तों में एसआईआर से संबंधित कार्यों को पूरा करने का दबाव बढ़ गया था। वहीं भगबंगोला के टीएमसी विधायक रियाज हुसैन सरकार ने परिवार से मुलाकात की और आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग एसआईआर प्रक्रिया में जल्दबाजी कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप बीएलओ पर दबाव पड़ रहा है जिससे वह तनाव में रहते हैं। वहीं पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को फिर से पत्र लिखकर एसआईआर के संबंध में आम नागरिकों और बीएलओ की मौतों पर चिंता जताई है।

## राम मंदिर में नमाज पढ़ने की कोशिश करने वाला निकला मानसिक रोगी, पुलिस ने छोड़ा



**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या के राम मंदिर में नमाज पढ़ने की कोशिश करने वाला कश्मीरी व्यक्ति मानसिक रोगी निकला। वर्ष 2024 से उसका जम्मू मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। अयोध्या पुलिस व जांच एजेंसियों ने उसकी मेडिकल हिस्ट्री मंगवाई, तो इसकी जानकारी हुई। यही नहीं जम्मू पुलिस, सीआरपीएफ और अन्य खुफिया इकाइयों के माध्यम से उसका सत्यापन भी कराया। इसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद आरोपी को परिजनों को सौंप दिया गया है।

विदित हो कि राम मंदिर परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक कश्मीरी मुस्लिम व्यक्ति ने रामलला का दर्शन करने के बाद दक्षिणी परकोटे के पास नमाज पढ़ने की कोशिश करने लगा। इस दौरान मौके पर मौजूद सुरक्षा बलों ने उसे दबोच लिया था। उस पर धार्मिक नारे लगाने का आरोप भी लगा था। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान अहद शेख निवासी शोपियां, जम्मू कश्मीर के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंचे विभिन्न जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने उससे पूछताछ की थी। उसके पते का सत्यापन के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस और वहां तैनात खुफिया विभाग के अधिकारियों से संपर्क साध कर किया गया था।

गहन जांच के बाद सभी एजेंसियां इस नतीजे पर पहुंची कि आरोपी मानसिक रूप से बीमार था। इस जांच में उसके परिवार वालों ने भी काफी सहयोग किया. उसके बेटे ने अपने पिता की पूरी मेडिकल हिस्ट्री भी जांच अधिकारियों को उपलब्ध कराई। अयोध्या पुलिस ने सीसीटीवी के माध्यम से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से राम मंदिर परिसर, गर्भगृह व दक्षिणी परकोटे तक पहुंचने की सभी एक्टिविटी को खंगाला है, जिससे भी कुछ हासिल नहीं हुआ। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने अहद शेख को मानसिक रूप से बीमार बताया गया था। अहद की मेडिकल रिपोर्ट के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# भारत नहीं खरीदेगा एफ-35 और एसयू-57 लड़ाकू विमान, एफ5 सुपर राफेल खरीदने की तैयारी

### -फ्रांसीसी राफेल एफ-5 में ओम्निरोल क्षमता जो एक ही उड़ान कई मिशन को देगा अंजाम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ना तो अमेरिका से एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट खरीदेगा और ना ही रूसी एसयू-57 लड़ाकू विमान। भारत अब फ्रांस से ही 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदेगा। संख्या में कुछ अंतर हो सकता है, लेकिन 100 से ज्यादा राफेल की संभावना है। एक रिपोर्ट में कहा गया है भारत के लिए फ्रांसीसी राफेल एफ5 'सुपर राफेल' अपनी जगह पक्की कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एफ-5 में नया एम88 टी-रेक्स इंजन है, जिसकी वजह से ये 20 फीसदी ज्यादा थ्रस्ट जेनरेट करता है। इसके अलावा इसमें एडवांस एवियोनिक्स है और बिना स्टील्थ फाइटर जेट जितना मेंटिनेंस खर्च के ये एडवांस 4.5 जेनरेशन क्षमता देता है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब जबकि अमेरिका और चीन जैसे देश छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान बना रहे हैं, उस वक्त एफ-5 की उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं, खासकर भारत के लिए जिसका दुश्मन चीन है और जिसके पास दो तरह के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं और जो छठी पीढ़ी का लड़ाकू विमान बना रहा है। फिर भी भारत के लिए राफेल एक बेहतर विकल्प है, खासकर उस वक्त जब अमेरिकी एफ-35 खरीदा नहीं जा सकता और सुखोई-57 स्टील्थ फाइटर जेट पर विश्वास नहीं है।

कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि भारत शायद 20 राफेल एफ5 खरीद सकता है, जबकि बाकी राफेल एफ4 होंगे, जिनका मेक इन इंडिया के तहत प्रोडक्शन हो सकता है। ऐसी रिपोर्ट है कि 60 फीसदी प्रोडक्शन भारत में होगा। राफेल एफ5 लड़ाकू विमान एक ट्विन-जेट फाइटर एयरक्राफ्ट है जो एयरक्राफ्ट कैरियर से समुद्री फाइटर के तौर पर और जमीन पर आधारित फाइटर के तौर पर काम कर सकता है। राफेल ने अभी तक ओपन मार्केट में अच्छा प्रदर्शन किया है और यही वजह है कि राफेल के पास बहुत ऑर्डर्स हैं। राफेल एफ-5 की सबसे बड़ी खासियत इसकी ओम्निरोल क्षमता है, जिससे यह एक ही उड़ान में कई मिशन को अंजाम दे सकता है।

अमेरिकी की एक पत्रिका में कहा गया है कि पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर की तुलना में यह ज्यादा किफायती है, लेकिन ऐसा लगता नहीं है। राफेल लड़ाकू विमान को खरीदने से लेकर इसके मेटिनेंस में अच्छा खासा बजट लगता है।

राफेल एफ5 अपने 14 बाहरी हार्ड पॉइंट्स पर मजबूत हथियार सिस्टम युद्ध के दौरान ले जा सकता है। इनमें हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल, हीट-सीकिंग और रडार-सीकिंग हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल, एआईएम-9 साइडविंडर हीट-सीकिंग हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल, और हवा से हवा में मार करने वाले मिशन के लिए रडार-गाइडेड मिसाइल शामिल हैं। जो राफेल को अपने प्रतिद्वंदियों से काफी आगे ले जाती है। इसके अलावा एजीएम-84 हार्पून एंटी-शिप मिसाइल, स्टैंड-ऑफ क्रूज मिसाइल, हैमर एयर-टू-ग्राउंड बम, एएम-39 एक्सोसेट एंटी-शिप मिसाइल, साथ ही एयर-टू-सरफेस मिशन के लिए पारंपरिक और स्मार्ट बम होते हैं। इस एयरक्राफ्ट की बाहरी लोड उठाने की क्षमता 20,000 पाउंड से ज्यादा है। साथ ही राफेल में 2500 राउंड वाली एक पावरफुल नेक्सटर 30एम791 30एमएम तोप भी लगी है। यह फाइटर जेट एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एरे आरबीई2 रडार से लैस है जो एक साथ 40 टारगेट को ट्रैक कर सकता है और एक साथ चार टारगेट पर हमला कर सकता है। राफेल का डेल्टा विंग और कैनार्ड कॉनफ़िगरेशन, फ्लाई-बाय-वायर कंट्रोल के साथ मिलकर इसे जबरदस्त फुर्ती देता है। यह बिना रिफ्यूलिंग के 1000 किलोमीटर से ज्यादा की डीप-स्ट्राइक मिशन पर उड़ सकता है और आफ्टरबर्नर के साथ स्पीड से क्रूज कर सकता है। अमेरिका, भारत को एफ-35 लाइटनिंग-2 स्टील्थ, पांचवीं पीढ़ी के मल्टीरोल फाइटर देने की डील करके उसे लुभाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन अब अमेरिका को मना कर दिया गया है। इसीलिए बहुत उम्मीद है कि फ्रांस के साथ राफेल फाइटर जेट के लिए डील हो जाए।

## अन्नामलाई की राज ठाकरे को सीधी चुनौती... मैं मुंबई जरूर जाऊंगा, हिम्मत है तो पैर काटकर दिखाएं



**मुंबई (एजेंसी)।** तमिलनाडू के युवा बीजेपी नेता के. अन्नामलाई ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे द्वारा उन्हें दी गई धमकियों का करारा जवाब देकर कहा है कि वे मुंबई जरूर आएंगे और हिम्मत है, तब उनके पैर काटकर दिखाएं। सोमवार को चेन्नई में मीडिया से बात कर अन्नामलाई ने सवाल किया कि उन्हें धमकाने वाले आदित्य या राज ठाकरे कौन होते हैं। उन्होंने गर्व से खुद को एक किसान का बेटा बताकर कहा कि वे ऐसी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं।

दरअसल राज ठाकरे ने हाल ही में अन्नामलाई पर रसमलाई वाला तंज कसा था, जिसके बाद कुछ एमएनएस समर्थकों ने अन्नामलाई के मुंबई आने पर उनके पैर काटने की धमकी दी थी। बीजेपी नेता अन्नामलाई ने इन धमकियों को अज्ञानता करार देकर कहा कि अगर वे डरते, तब अपने गांव में ही रहते। उन्होंने कहा कि मुंबई एक ग्लोबल लेवल का शहर है और उनके बयानों का गलत मतलब निकाला जा रहा है।

विवाद केवल अन्नामलाई तक सीमित नहीं रहा। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने नक्शा दिखाकर आरोप लगाया कि पिछले 10 साल में केवल कारोबारी गौतम अडानी ही अमीर हुए हैं। इस पर मुंबई बीजेपी प्रमुख अमित साटम ने पलटवार कर राज और अडानी की एक पुरानी फोटो साझा की। बीजेपी नेता साटम ने फोटो को पोस्ट करते हुए राज ठाकरे के रुख को शर्म और पाखंड की पराकाष्ठा करार दिया। बीजेपी का तर्क है कि एक ओर राज ठाकरे अडानी से मिलते हैं और दूसरी तरफ उन पर आरोप लगा रहे हैं।

बीजेपी नेता के. अन्नामलाई ने राज और उनके समर्थकों के बयानों को पूरी तरह अज्ञानता से भरा बताया। उन्होंने तर्क दिया कि अगर वे कामराज को भारत का महान नेता कहते हैं, तब इसका मतलब यह नहीं कि वे तमिल नहीं रहे। इसी तरह, मुंबई को विश्व स्तरीय शहर बताने का मतलब यह नहीं है कि वे मराठियों के योगदान को नकार रहे हैं।

## हिमाचल के बाजार में लगी भीषण आग, बच्चे समेत दो की मौत, 8 लापता, तलाश जारी

**-सिलेंडर फटने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने मुश्किलों का करना पड़ा सामना**

**सोलन (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में कई सिलेंडर फटने से अर्की के निचले बाजार में भीषण आग लगी। अब तक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि 8 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनमें चार बच्चे हैं। आग से सात साल के बच्चे को जिंदा निकाला, लेकिन उसकी अस्पताल में मौत हो गई। राहत और बचाव कार्य जारी है।

जानकारी के मुताबिक अर्की के निचले मेन बाजार में बीती रात को आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और एक के बाद एक कई दुकानें धू-धू कर जल गईं। आगजनी के बीच कई सिलेंडर भी फटे और बाजार में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत प्रशासन और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की जद्दोजहद की, लेकिन लगातार हो रहे ब्लास्ट के चलते दमकल कर्मियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस अग्निकांड में करोड़ों रुपए की संपत्ति के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक जेसीबी मशीनों के जरिये अब मलबे में लापता आठ लोगों की तलाश की जा रही है। दोपहर एक बजे के करीद दूसरी डेडबॉडी मिली है। इससे पहले सुबह एक बच्चे की मौत हो गई थी जिसे आग से जिंदा बचाया गया था। डीसी सोलन ने बताया कि सोमवार अल सुबह 2 बजकर 45 मिनट पर अर्की बाज़ार के एक पुराने भवन में आग लग गई। उन्होंने कहा कि यह पुराना भवन लकड़ी का बना था और इस कारण आग बहुत तेज़ी से फैली। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया है। डीसी ने बताया कि इस अग्निकांड में एक 8 साल के बच्चे प्रियांश की दुःखद मृत्यु हुई है। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को फौरी सहायता उपलब्ध करवाई गई है और अग्निकांड के जांच के आदेश दिए गए हैं। डीसी ने बताया कि अग्निकांड में दो लोग घायल हुए हैं। इनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त और प्रशासन एवं पुलिस की टीम घटना स्थल पर मौजूद हैं। यह दल पीड़ितों को वस्त्र एवं अन्य सहायता उपलब्ध करवाएगा। सीएम सुक्खू ने बताया कि आठ साल की बच्ची की मौत हुई है और कुछ लोगों के फंसने की सूचना है। स्थानीय विधायक संजय अवस्थी से उनकी फोन पर बात हुई है और वह मौके पर मौजूद हैं और फंसे हुए लोगों को निकालने की कोशिश की जा रही हैं और एसडीआरफ की टीम पहुंची हैं। सीएम ने कहा कि आग लगने के कारणों पर कहा कि अब तक यह पता नहीं चला है।

# कड़ाके की ठंड: राजस्थान और कश्मीर में पारा शून्य से नीचे, दिल्ली में 13 साल का रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत के विशाल हिस्से में भीषण ठंड और शीतलहर का कहर लगातार जारी है। बर्फीली हवाओं और गिरते पारे ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है और कई राज्यों में येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है।

इस सीजन में पहली बार देश की राजधानी दिल्ली में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली के आयानगर में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि पालम वेधशाला में तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम में पिछले 13 वर्षों में दर्ज किया गया यह सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले दो दिनों तक दिल्ली और आसपास के इलाकों में इसी तरह की भीषण शीतलहर बनी रहेगी। राजस्थान के कई हिस्सों में हालात और भी गंभीर हैं। मरुस्थलीय राज्य होने के बावजूद यहां के कुछ इलाकों में तापमान जमाव बिंदु से नीचे चला गया है। प्रतापगढ़ में न्यूनतम तापमान शून्य से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड किया गया, वहीं बाड़मेर में भी पारा शून्य से 1 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। भीषण शीतलहर के कारण सुबह के समय खेतों में बर्फ की चादर देखी जा रही है, जिससे आम जनजीवन के साथ-साथ खेती पर भी असर पड़ने की आशंका है।

पहाड़ी राज्यों की बात करें तो हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कश्मीर घाटी वर्तमान में चिल्ला-ए-कलां के दौर से गुजर रही है, जो 40 दिनों की सबसे कठिन सर्दियों की अवधि होती है। इस दौरान घाटी में न्यूनतम तापमान अक्सर जमाव बिंदु से कई डिग्री नीचे रहता है। श्रीनगर में शनिवार रात तापमान शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अत्यधिक ठंड के कारण विश्व प्रसिद्ध डल झील और अन्य जल निकायों के किनारे जमने शुरू हो गए हैं। हालांकि, इस साल अब तक घाटी के मैदानी इलाकों में बर्फबारी नहीं हुई है, लेकिन आसमान साफ रहने और शुष्क मौसम के कारण रात की ठंड और अधिक बढ़ गई है। पंजाब और हरियाणा में भी स्थिति सामान्य नहीं है, यहाँ अधिकांश शहरों में तापमान जमाव बिंदु के करीब बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 21 जनवरी तक मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा, लेकिन आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। सरकार और प्रशासन ने लोगों को ठंड से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। फिलहाल उत्तर भारत के मैदानी इलाकों से लेकर पहाड़ों तक, लोग अलाव और गर्म कपड़ों के सहारे इस हाड़ कंपाने वाली ठंड का सामना कर रहे हैं।



# धुएं में दम घुटने से जगतपुरी में दंपती की मौत, मंदिर के ज्योत से लगी आग

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली। शाहदरा जिला के जगतपुरी स्थित हजारा पार्क-शिवपुरी में बुधवार दोपहर एक घर में आग लग गई। हादसे में बुजुर्ग दंपती प्रेम सागर मल्होत्रा (80) और आशा मल्होत्रा (75) की दम घुटने से मौत हो गई। हादसे के समय बुजुर्ग प्रेम सागर अपने घर में अकेले थे। उनकी पत्नी वापस घर लौटीं तो आग लगी हुई थी। लोगों के रोकने के बावजूद वह जबरन पति को बचाने के लिए घर में घुस गईं और वहीं फंस गईं। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के बाद दोनों को बेसुध हालात में घर से निकाला। अस्पताल ले जाने पर वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में पुलिस दम घुटने से मौत की आशंका जता रही है। शाहदरा जिला के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि प्रेम सागर मल्होत्रा अपनी पत्नी आशा मल्होत्रा के साथ गली नंबर-5, हजारा पार्क, शिवपुरी, जगतपुरी में अकेले रहते थे। इनके कोई संतान नहीं थी। प्रेम सागर एसबीआई में मैनेजर के पद से रिटायर थे। उम्र अधिक होने से वह अक्सर बीमार रहते थे और उनका घर से



निकलना भी कम ही होता था। घर और बाहर का सारा काम आशा मल्होत्रा ही करती थीं। आशा के भतीजे प्रतीक चोपड़ा ने बताया कि बुधवार सुबह उन्होंने फ्रिज पर रखे मंदिर में पूजा की। बाद में ज्योत जलाकर वह किसी काम से बाहर चली गईं। करीब एक बजे वह वापस आईं तो घर से धुआं निकल रहा था। लोगों के रोकने के बाद वह भागी-भागी अंदर पहुंची और वापस नहीं आईं। 1:30 बजे मामले की सूचना पुलिस और दमकल को दी गई। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने करीब 2:45 बजे आग पर काबू पाया गया। फायर कर्मियों ने बताया कि फ्रिज के आग पकड़ने से उसका कंप्रेसर फटने से आग विकराल हो गई। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में बुधवार तड़के एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से 72 वर्षीय फाजिला किश्वर नाम की महिला की मौत हो गई। पुलिस ने दमकलकर्मियों की मदद से 8 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला की मौत धुएं के कारण दम घुटने से हुई। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि आग लगने की वजह जानने के लिए जांच की जा रही है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार फाजिला पहले से श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित थीं, जिससे घटना के दौरान उनकी हालत और बिगड़ गई। पुलिस के मुताबिक दिल्ली अग्निशमन सेवा को आग लगने की सूचना सुबह 4.41 बजे मिली, जिसके बाद चार दमकल की गाड़ियां और चार एंबुलेंस मौके पर भेजी गईं। दक्षिण-पूर्व जिले के पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने कहा कि थाना प्रभारी (एसएचओ) दिनेश कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग महिला सहित आठ निवासियों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। आग से जान-माल के नुकसान के अलावा इमारत के पास खड़े वाहनों को भी भारी क्षति पहुंची। दो कारें, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटर पूरी तरह या आंशिक रूप से जल गए। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार जिस इमारत में आग लगी थी, वह चार मंजिला है। आग इमारत की पहली मंजिल पर लगी थी। आग से उठी धुंआ ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। मृतक वृद्धा अपने बेटा व बहु के साथ दूसरी मंजिल पर रहती थी। आग पर पहली मंजिल पर ही काबू पा लिया था। मगर दूसरी व बाकी मंजिलों में धुंआ भर गया था। दम घुटने से वृद्धा की मौत हो गई।

# शाहजहांपुर में बेटे के जन्म से एक घंटा पहले पिता की मौत, हाईवे पर हुआ दर्दनाक हादसा

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर नगरिया चौकी स्थित एक पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार रात ट्रक की टक्कर लगने से तिलहर थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव निवासी बाइक सवार मनोज (27 वर्ष) की मौत हो गई। इसके एक घंटे बाद तिलहर के निजी अस्पताल में मृतक की पत्नी सरस्वती ने बेटे को जन्म दिया। गम और खुशी के इस माहौल में हर किसी की आंख से आंसुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मृतक के पिता सेवाराम ने बताया कि बेटे मनोज की शादी करीब पांच साल पूर्व सरस्वती से हुई थी। बहू गर्भवती थी। शुक्रवार रात प्रसव पीड़ा होने पर बेटा बहू को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज गया। वहां सरस्वती को भर्ती नहीं किया गया। स्टाफ ने डॉक्टर न होने की बात कही। कहा कि ऑपरेशन होगा, लेकिन इस समय यहां कोई डॉक्टर नहीं है। इसके बाद बेटे ने कार बुक की। मनोज ने पत्नी को तिलहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने के लिए परिवार की महिलाओं के साथ कार से भेज दिया। वह खुद पीछे बाइक से चल दिया। बेटे मनोज के साथ दूसरी बाइक से बड़ा बेटा रमेश भी तिलहर की ओर जा रहा था। दोनों की बाइकें काफी दूरी पर थीं। सेवाराम ने बताया कि रात करीब 12 बजे नगरिया मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास किसी वाहन की टक्कर लगने से मनोज बाइक से काफी दूर जाकर गिरा। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीछे चल रहे बेटे रमेश के जरिये हादसे की जानकारी हुई। सीओ ज्योति यादव ने बताया कि युवक की मौत के मामले में हादसा किस वाहन से हुआ, इसका पता लगाया जा रहा है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में रात के समय काफी अव्यवस्था रहती है। खासतौर पर महिला अस्पताल में अधिकारियों के निगरानी न करने से डॉक्टर ड्यूटी से नदारद रहते हैं। बहुत इमरजेंसी पड़ने पर कॉल करने पर उपलब्ध होते हैं। ऐसे में स्टाफ भी मरीजों को टरकाता रहता है। सेवाराम ने बताया कि बेटे की मौत के एक घंटे बाद बहू ने ऑपरेशन से एक बेटे को जन्म दिया है। बहू को बेटे की मौत की जानकारी नहीं दी गई है। कुछ समझ में नहीं आ रहा कि यह बात बहू को कैसे बताएं, लेकिन बहू बार-बार अपने पति के बारे में पूछ रही है। सेवाराम ने इस हादसे का जिम्मेदार मेडिकल कॉलेज को भी ठहराया है। उनका कहना है कि अगर बहू को भर्ती कर लिया जाता तो शायद यह हादसा टल जाता। इतना बड़ा अस्पताल और कोई सुविधा नहीं। बेटा करीब एक घंटा बहू को लिए मेडिकल कॉलेज में ही रहा। वहीं, मृतक के शव को देख मां रामजानकी, भाई रमेश व रामवीर का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया है।

## हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेत में गिरा

चंदौसी (संभल)। गुन्नौर क्षेत्र के गांव सैजना मुस्लिम में शनिवार को फसल की रखवाली कर रहे किसान भूरे सिंह (55) की खेत में टूट कर गिरे हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की मांग की है। किसान भूरे सिंह का गांव से चार किलोमीटर की दूरी पर खेत है। इसमें सरसों की फसल लगी है। सुबह चार बजे वह खेत पर बने मचान पर सो रहे थे। उसी समय मचान के पास से होकर जा रही हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर खेत पर बनी तारकशी के ऊपर जा गिरा। इससे तारकशी में करंट दौड़ गया और घास फूस में आग लग गई। आग जलने की आवाज सुन कर किसान की आंख खुल गई। वह मचान से नीचे उतर कर आए।

# हवाई अड्डे पर दुबई जा रहे गुफरान के हैंडबैग से कारतूस बरामद, पूछताछ में सामने आई ये बात

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को अमौसी हवाई अड्डे पर एक यात्री के हैंडबैग से दो कारतूस मिले। सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ ने कारतूस मिलने पर यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में यात्री द्वारा शस्त्र का वैध लाइसेंस दिखाए जाने पर उसे यात्रा की अनुमति दे दी गई। जबकि, कारतूस पुलिस के सुपुर्द कर दिए गए। ठाकुरगंज निवासी मो. गुफरान को एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-193 से रात 1:35 बजे दुबई जाना था। वह करीब आधी रात 12 बजे बोर्डिंग के लिए टर्मिनल बिल्डिंग में प्रवेश कर रहे थे। इसी दौरान सुरक्षा जांच के समय उनके हैंडबैग की स्क्रीनिंग में दो कारतूस दिखाई दिए। बैग खोल कर चेक करने पर .32 बोर पिस्टल के कारतूस बरामद हुए। बाद में शस्त्र लाइसेंस दिखाने पर यात्री को जाने दिया गया। वहीं सीआईएसएफ ने कार्रवाई करते हुए बरामद कारतूस सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिए।


**NAME CHANGE**

I, Harun S/o Hafizuddin R/o H.No. C-155, Street No.13, North Ghonda Extn., Delhi-110053 have changed my name to Mohd Harun.

**NAME CHANGE**

I, Razi Hassan S/o Ali Hassan R/o H.No.D-45, Gali No.1, Noor-E-ILahi, Ghonda, Delhi-110053 have changed my name to Razi Hasan.

**NAME CHANGE**

I, Rafat Naaz W/o Asad Emam R/o B-141, 2nd Floor, Gali No.8, Subhash Vihar, North Ghonda, Delhi-110051 have changed my name to Rafat Naz.

**NAME CHANGE**

I, MUNMUN D/O PARMOD SINGH R/O FLAT NO-15,3RD FLOOR,RAJENDRA PARK,NEAR HDFC ATM,SECTOR-105,GURGAON,HARYANA-122001,HAVE CHANGED MY NAME TO MUNMUN SINGH FOR ALL FUTURE PURPOSE

**NAME CHANGE**

I, SHASHI VASDEVA W/O VIRENDER KUMAR VASUDEVA R/O B-968 PALAM VIHAR GURGOAN, HARYANA-122017 ,HAVE CHANGED MY NAME TO SHASHI VASUDEVA FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I, NASEEM JAHAN W/O KAMRUDDIN R/O H NO 1326,Y BLOCK, MANGOLPURI, N BLOCK, NORTH WEST DELHI-110083, HAVE CHANGED MY NAME NASIM JAHA FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I, ASHIMA D/O ANIL CHUGH R/o H NO 31, SECTOR-31, HUDA, ROHTAK HARYANA-124001 I HAVE CHANGED MY NAME TO ASHIMA CHUGH FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I, KM ANURADHA DEVI W/O SEVAK PYARA SHAH R/O HOUSE NO-548,NEW HOUSING BOARD COLONY,HUDA SECTOR-2,PALWAL,HARYANA-121102,HAVE CHANGED MY NAME TO ANURADHA FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I JAY SHANKER S/O SITA RAM SINGH R/O B-403, PRINCESS PARK SECTOR 86 FARIDABAD-121002 HAVE CHANGE MY NAME TO JAY SHANKAR FOR ALL PURPOSE

**NAME CHANGE**

I md Javed s/o Mohammad daud declare that my father name was wrongly written as md Ansari in my 10th cbse report card whereas his name is Mohammed Daud

**NAME CHANGE**

I, Najrin w/o Mohd Yasin R/o Kh No.5/3, 1st Floor, Gali No.4, Near Mother Dairy, Noorani Gali, Sangam Vihar, Burari, Delhi-110084, have changed my name to Nazrin for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Yasin s/o Bashir Ahmed R/o Kh No.5/3, 1st Floor, Gali No.4, Near Mother Dairy, Noorani Gali, Sangam Vihar, Burari, Delhi-110084, have changed my name to Mohd Yasin for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Rajesh Kumar s/o Dukharan Mishra R/o Plot No.37, T/F, Front Side, Gali No.9, Laxmi Vihar, Bhagwati Garden Extn. Uttam Nagar, New Delhi-110059, have changed my name to Rajesh Kumar Mishra for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Nirmala Rani w/o Devendra Singh Bisht R/o House No.1258/1, Gali No.6, Saran School Road, Near Shiwani Mandir, Parvatiya Colony, Faridabad-121005, Haryana, have changed my name to Nirmala Bisht for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I MOHAMMAD AAKIB S/O MOHD IDRISH R/O D1-80 GALI NO-2 D1-BLOCK ASHOK NAGAR NAND NAGRI NORTH EAST DELHI 110093 HAVE CHANGED MY NAME TO MOHD AAKIB

**NAME CHANGE**

I MOHAMMAD IDRISH S/O CHHIDDA KHAN R/O HOUSE NUMBER-D-1/80 GALI NUMBER-2 ASHOK NAGAR MANDOLI NORTH EAST DELHI 110093 HAVE CHANGED MY NAME TO MOHD IDRISH

**NAME CHANGE**

I MOHAMMAD TAUHEED QURESHI S/O KHALID QURESHI R/O H.NO C-28, STREET NO -2 SHASTRI PARK DELHI 110053, I have changed my name to TAUHID QURESHI Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I, Vinod Kumar Singh S/o Ram Sahay Singh R/o Mewpur Barchauli, Meopur, Sultanpur, Uttar Pradesh - 228161, have changed my minor son's name from Ansh Singh Aged 12 Years to Vedansh Singh forever

**NAME CHANGE**

I Moti Lal Khati S/o Ramakishan R/o Kachras, Khatoo Kalan, Nagaur, Rajasthan - 341301, have changed my name to Moti Lal Jangid.

**Lost and Found**

I, Arvind Gupta S/o Late Sh. Nand Kishore Gupta 859 Ward no 6. Main Market, Mehrauli New Delhi 110030 have lost CAPITAL FIRST LOAN RELATED PAPERS, PHOTOCOPY OF AADHAR CARD, PAN CARD, ETC. If any body finds Contact Phone 96431 03966.

**NAME CHANGE**

I,HOSHPAL S/O HORAM R/O Morta, Morti, PO: Meerut Road, Dist: Ghaziabad, Uttar Pradesh-201003 have changed the name of my minor son namely KARN aged 15 years and he Shall hereafter be known as KARAN KUMAR.

**PUBLIC NOTICE**

I. Mahender S/o Late Shri Kali Ram, aged about 39 years, Rio RZ-D-3/114-D/Block No.9, Mahavir Enclave, Part-1, South West Delhi, New Delhi-110045, hereby inform the general public that Mahender and Mabesh are one and the same person. My father's name is Late Shri Kali Ram (died on 21/07/2004). In some old property/family documents, I was referred to by my nickname Mahesh son of Late Kali Ram. However, my correct and official name is Mahender son of Late Shri Kali Ram, as recorded in my Aadhaar Card, Voter ID, PAN Card, Driving License, and other identity documents. I wish to correct/update/register my name as MAHENDER SON OF LATE SHRI KALI RAM (in place of Mahesh) in all government revenue records, municipal property records, and sub-registrar offices in Delhi and elsewhere, Support all future transactions relating to property or movable assets, and Serve as evidence of my true identity before all courts, revenue authorities, banks, financial institutions, and other public or private bodies for uniformity and to avoid future confusion/disputes. Henceforth, I shall be known only as Mahender son of Late Shri Kali Ram for all purposes. Any person having any objection to this may contact me in writing within 7 days from the date of publication, failing which it shall be presumed that there is no objection.

**MAHENDER**
S/O LATE SHRI KALI RAM,
R/O RZ-D-3/114-D/BLOCK NO.9,
MAHAVIR ENCLAVE, PART-1,
SOUTH WEST DELHI,
NEW DELHI-110045
(CONTACT THROUGH)
CHANDAN K. SRIVASTAVA, SAPNAS SRIVASTAVA, SANTOSH KUMAR, SIDDARTH CHAUDHRRY, MANISH KUMAR VERMA & ASSOCIATES (ADVOCATES-Cousels for the Putitioner)
PH. 9718935613, 9810350555.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all concerned that Mr. Khusi Ram and his wife Smt. Raj Kumari, both R/o H. No. L-1,1808, Gali No. 5, Near Asthal Mandir Sangam Vihar, South Delhi, Delhi-110062, have severed all relations with their son namely Sh. Jitender Divakar and his wife Pinki Kumari and have disowned and disinherited both of them from all their moveable and immovable properties as they have become quarrelsome and disrespectful to our clients and have been acting against their interests. Anybody dealing with them shall do so at his/her own risk and cost.

**Shantnu Bagga & Himanshu Garg**
(Advocates)
Chamber No. 310, Lawyers Block,
Saket Courts Complex,
New Delhi-110017.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to the public at large that my client Smt. Reena Devi W/o Sh. Uma Singh R/o E E-667, Kh. No. 19/23, Gali No. 13, Swami, Shardhanand Park, Bhalswa Dairy, Badli, North West Delhi, Delhi-110042 (Aahdar Card No.9036-3401-1224), I debarred, disowned and discarded my relationship with my son namely Nirmal Kumar (Aadhar Card No.9628-8919-4202) from all my moveable and immoveable properties due to his rude and indecent behavior and fighting towards me and my family and he is not in the control of my client. If anybody deals with him, then he/she will do so at his/her own risks, costs & consequences. My client shall not be responsible

**SHATRUGHNA PRASAD**
**Advocate**
Chamber No. 316
Lawyers' Chamber Dwarka Courts,
Sec-10 New Delhi-110075

**PUBLIC NOTICE**

**FORM NO. NCLT. 3A**
**Advertisement detailing Appeal (See Rule 35)**
**IN THE NATIONAL COMPANY LAW TRIBUNAL, NEW DELHI COURT-V**

Company Appeal No. 95/252/ND/2022

**NOTICE OF APPEAL**

A petition/application/reference under section 252 of the Companies Act, 2013, for restoration of the name of M/s Kimberley Trading Private Limited, was presented by Deputy Commissioner of Income Tax, Benami Prohibition, Unit-2 on the 13th day of January, 2022, and the said petition is fixed for hearing before Court-V, New Delhi Bench of National Company Law Tribunal on 21.01.2026. Any person desirous of supporting or opposing the said petition/application/reference should send to the petitioner's advocate, notice of his intention, signed by him or his advocate, with his name and address, so as to reach the petitioner's advocate not later than two days before the date fixed for the hearing of the petition/application/reference. Where he seeks to oppose the petition/application/reference, the grounds of opposition or a copy of his affidavit shall be furnished with such notice. A copy of the petition/application/reference will be furnished by the undersigned to any person requiring the same on payment of the prescribed charges for the same.

**Through**
**(ANURAG OJHA)(V K SAKSENA)(HEMLATA RAWAT ANAND)**
Advocates,
Standing Counsels for the Respondent/Income Tax Department.
Chamber No. 346A,
Lawyer's Chamber-I,
Delhi High Court,
New Delhi 110003
(P): 011-35694374; +91 8860069704
Email: anuragojha0502@gmail.co

**NAME CHANGE**

I, ASHISH RAI S/O SUDHANSHU BHUSHAN RAI, R/o 20054, ATS Advantage , Indirapuram, Shipra Sun City, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014, have changed the name of my minor son AIMAAN SUDHANSHU RAI aged 15 years and he shall hereafter be known as AYANSH SUDHANSHU RAI.

**NAME CHANGE**

I, ADIL KHAN S/O SAMIULLAH KHAN residing at A-3/22-A DDA Flats Inder Lok Delhi-110035 have changed my name to MD AADIL KHAN for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I SUNIL KUMAR S/O OM SINGH R/O Village Hathi, Karoda Shamli, Uttar Pradesh-247776, have changed the name of my minor son TINKU MALIK aged 13 years and he shall hereafter be known as AYANK MALIK.

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, सतपाल सिंह पुत्र श्री राजेंद्र सिंह R/O 251, औचंदी, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली -110039, यह बताता हूँ कि मेरे नाबालिग बेटे सूरज, उम्र 16 साल, के 10th क्लास के एजुकेशनल डॉक्यूमेंट्स में मेरा नाम गलती से सतपाल लिख दिया गया है, जबकि मेरा असली नाम सतपाल सिंह है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं अरविंद कुमार गुप्ता पत्नी सुमन गुप्ता पुत्र अरुण कुमार गुप्ता अमन गुप्ता मकान नंबर 859 वार्ड नंबर 6 महरौली नई दिल्ली 1130 से कोई भी वाद विवाद के लिए न्यायालय दिल्ली कोर्ट होगा

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, दवेंद्र कुमार, पुत्र श्री सत्यवीर, R/O 326, पंचायत घर वाली गली, औचंदी, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली -110039, यह बताता हूँ कि मेरे नाबालिग बेटे यश, उम्र 17 साल, के 10th क्लास के एजुकेशनल डॉक्यूमेंट्स में मेरा नाम गलती से देवेंद्र लिख दिया गया है, जबकि मेरा असली नाम दवेंद्र कुमार है।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to public at large that my client GORDHAN LAL, S/O SH. LACHCHOO RAM, R/O C-12-13, C-BLOCK, HASTAL VIHAR, UTTAM NAGAR, WEST DELHI, DELHI-110059, has severed off and cut off all relations with their sons namely KAMAL KISHOR S/O SH. GORDHAN LAL and his Wife LALITA W/O SH.KAMAL KISHOR & VIJAY S/O SH. GORDHAN LAL and his wife KAJAL W/o Sh. VIJAY and also his daughter SHARDA W/O SH. SUNIL. It is hereby inform that sons namely KAMAL KISHOR S/O SH. GORDHAN LAL and his Wife LALITA W/O SH.KAMAL KISHOR & VIJAY S/O SH. GORDHAN LAL and his wife KAJAL W/o Sh. VIJAY and also his daughter SHARDA W/o SH. SUNIL stands debarred from all his moveable and immovable property whatsoever. Anybody dealing with sons namely KAMAL KISHOR S/O SH. GORDHAN LAL and his Wife LALITA W/O SH.KAMAL KISHOR & VIJAY S/O SH. GORDHAN LAL and his wife KAJAL W/o Sh. Vijay and also her daughter SHARDA W/O SH. SUNIL shall be doing so at his/her own cost and liabilities and my client KAMAL KISHOR S/O SH. GORDHAN LAL and his Wife LALITA W/O SH.KAMAL KISHOR & VIJAY S/O SH. GORDHAN LAL and his wife KAJAL and also his daughter SHARDA W/O SH. SUNIL, shall not be responsible or liable in any manner in future.

**G.K. SACHDEVA ADVOCATE**
Seat No. 32, Hall No. 1
Lawyers Chambers
Dwarka Court Complex, Sector 10
New Delhi-110075.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, PRIYANKA KHANDELWAL alias PRIYANKA ASHIT KHANDELWAL D/o SURINDER KUMAR JINDAL and ex-wife of ASHIT KAILASH KHANDELWAL R/O 1-A, Third Floor, Gautam Nagar, New Delhi, Gautam Nagar, Po: Andrewsganj, Dist: South Delhi, Delhi-110049, declare that I got divorce from my husband vide court decree No. P.A.No.1099/2024, Judgement, dated 26-03-2025. Further, I have changed my name and shall hereafter be known as PRIYANKA JINDAL.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I MOHD SAMAD S/O MOHD YUNUS R/OT HUTS NO.-E-43/D-403, NEW SEEMA PURI, EAST DELHI, DELHI-110095, declare that name of my father and my mother have been wrongly written as MOHAMMAD YUNUS and AFROZ in my 10th and 12th Class educational documents. The actual name of my father and my mother are MOHD YUNUS and AFROZ BANO respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, HARIPAL SAHNI S/o SHANKER SAHNI R/o House No – 128/3 , School Road , Tri Nagar , Rampura , North West Delhi , Delhi – 110035 have changed the name of my minor daughter SUSHMA aged 15 years and she shall hereafter be known as SUSHMA SAHNI.

**NAME CHANGE**

I, ASHISH RAI S/O SUDHANSHU BHUSHAN RAI, R/o 20054, ATS Advantage , Indirapuram, Shipra Sun City, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014, have changed the name of my minor son AIMAAN SUDHANSHU RAI aged 15 years and he shall hereafter be known as AYANSH SUDHANSHU RAI.

**NAME CHANGE**

I HITESH MANOCHA S/O INDERJEET MANOCHA R/O B-1/60, Ground Floor, Safdarjung Enclave, South West Delhi, Delhi-110029 have changed the name of my minor son SHREYAN MANOCHA aged 15 years and he shall hereafter be known as SHRYAN MANOCHA.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as NASREEN FATMA W/O ASIF SUBHANI R/O C-52/B-3, FIRST FLOOR, ABUL FAZAL ENCLAVE PART-I, OKHLA JAMIA NAGAR SOUTH DELHI-110025 have changed my name and shall hereafter be known as NASREEN ASIF.

**NAME CHANGE**

I Bhavarlal Jain S/0 Popatlal Dhanraj Jain Add.Plot No 6A Vivekanand Nagar Chalisgaon Road Bhadgaon Jalgaon Maharashtra 424105 have changed my name to Bhavarlal Popatlal Jain

**NAME CHANGE**

I Anita Jain W/0 Bhavarlal Popatlal Jain Add.Plot No 6A Vivekanand Nagar Chalisgaon Road Bhadgaon Jalgaon Maharashtra 424105 have changed my name to Anita Bhavarlal Jain

**NAME CHANGE**

It is for general information that I Keshi D/O Soni Ram W/O Kirori Mal, R/O H.No 5, Subhash Camp Huts Badarpur, Jait Pur, South Delhi, Delhi - 110044, declare that name of mine has been wrongly written as Kesh in my pan card no DCPPK0791A .The actual name of mine is Keshi,respectively which may be amended accordingly.


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) प्रदीप पुत्र जय भगवान निवासी मकान नं. 184ए, तिलक राम कलोनी, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** और **(2) रेनू पत्नि प्रदीप निवासी मकान नं. 184ए, तिलक राम कलोनी, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने केस **एफआईआर नं. 367/23 दिनांक 20.08.2023 अन्तर्गत धारा 420/506/34/120-बी आईपीसी, थाना फर्श बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) प्रदीप (2) रेनू** मिल नही रहे है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) प्रदीप (2) रेनू** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 367/23 दिनांक 20.08.2023 अन्तर्गत धारा 420/506/34/120-बी आईपीसी, थाना फर्श बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) प्रदीप (2) रेनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.03.2026** को **सुबह 10 बजे** या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**अखिल मलिक**
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-02
कमरा नं. 38, भूतल
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/17456/SHD/2025**
**(Court Matter)**


**NAME CHANGE**

I, VAKEEL AHMED SALMANI S/o Jameel Ahmed R/o V-81, Vijay Park, V- Block, Gali No.24, Mouj Pur, Delhi-110053, changed my name to VAKEEL AHMED permanently.

**NAME CHANGE**

I RAJIVE KUMAR GARG S/O OM PRAKASH R/O D M ROAD, AGRASEN APARTMENT, TIRAYA SHIVAM LODGE, BULANDSHAHR, UTTAR PRADESH-203001 have changed my name to RAJEEV KUMAR for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, JAMEEL AHMED SALMANI S/o Moinuddin R/o V-81, Vijay Park, V-Block, Gali No.24, Mouj Pur, Delhi-110053, changed my name to JAMEEL AHMED permanently

**NAME CHANGE**

I, SANTOSH RANI PAL W/o Shiv Prasad R/o B-77A, KH. No.16/9, Sharma Enclave, Mubarakpur Dabas, Delhi-110081, changed my name to SUNEETA PAL permanently

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Vinay Kumar S/O: Natthu Ram,R/O K-6/21, Gali No-24, West Ghonda, VTC: Garhi Mendu, PO: Seelampur, Seelam Pur, District: North East Delhi, State: Delhi, 110053,have change my name and shall hereafter be known as KHUSHI RAM.

**NAME CHANGE**

I, SAMINA KHATOON W/O MOHD YUSUF D/O SALMUDDIN, R/O R3-A2/16, MOHAN GARDEN, GALI NO-1, UTTAM NAGAR, WEST DELHI, DELHI-110059, have changed my name from SAMINA KHATOON W/O MOHD YUSUF D/O SALMUDDIN, to SAMINA W/O MOHD YUSUF D/O SALMUDDIN for all future purposes.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I HARIPAL SAHNI S/o SHANKER SAHNI R/o House No. - 128/3 , School Road , Tri Nagar , Rampura , North West Delhi , Delhi – 110035 declare that name of mine and my minor son has been wrongly written as HARI PAL SAHANI and SUNNY SAHANI in my minor son namely SUNNY SAHNI aged 13 years in her Aadhar No. 2378 0084 1073. The actual name of mine and my minor son are HARIPAL SAHNI and SUNNY SAHNI respectively, Which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I CHIRAG S/o PURAN CHAND R/o H . No. - 69 , Hari Nagar , Ashram , Jungpura S.O , Dist : South Delhi , Delhi - 110014 declare that name of my father has been wrongly written as POORAN CHAND in my 10th and 12th class educational documents. The actual name of my father is PURAN CHAND which may be amended accordingly.

**CHIRAG BUILDTEC PVT. LTD.**
**Corp. Off.: ROF Group, Building No. 80, First Floor, Sector-44, Gurgaon-122003, Ph. 0124-4399399**

Notice is hereby given to the Public at large that the following booking of commercial shops in the Affordable Housing Project "ROF Galleria 95 " being developed by M/s CHIRAG BUILDTEC PVT.LTD situated at Sector 95, Gurugram, Haryana vide license no. 17 of 2016 dated 25.10.2016 are falling under list of defaulters due to non –payment of installments of their Units till its due date or any other reason, the information/reminders of which has been given them according to terms of the Haryana Affordable Housing Policy 2013, dated 19/8/2013 (as amended)

| Application No. | Carpet Area (Sq. Ft.) | Shop No. |
|---|---|---|
| 609,418 | 195 | F-049, F-076 |
| 610,049 | 280 | F-062, F-063 |
| 185 | 235 | G-020 |
| 314 | 270 | G-022 |
| 633 | 165.8 | G-026 |
| 150 | 250 | G-03 |

Therefore, all the person/allottee (s) are hereby informed to clear their outstanding payments and/or submit there claims/objections in writing, if any, to the undersigned company/developer along with the relevant documents to support their claims/objections within 90 days from the date of publication hereof failing which there allotment shall be cancelled.

In the absence of remittance of all the outstanding payments or claim within the stipulated period above, it shall be presumed and/or deemed that the allottee (s) or concern has no such claims/objections by virtue of this notice and, if any, the same have been waived or abandoned without any reference to such claims/objections made thereafter and necessary action will be taken as per rules for the process of re-allotment.

For **CHIRAG BUILDTEC PVT. LTD.**
Place: Gurugram (Haryana) Director

**PUBLIC NOTICE**

Known to all that my both clients Mr. Dinesh Kumar (aged 58 years) C/O Late. SH. Naryan Dutt & Smt. Sushila (aged 56 years) W/O Sh. Dinesh Kumar Both R/O C-368, Kh. No 57/6, Nangloi Extention-2 C, Nangloi, West, Delhi-110041., has ended all their relations with their son & daughter in law both are namely Mr. Aakash Vashisht S/O Sh. Dinesh Kumar & Smt. Ritu Sharma, W/O Sh. Aakash Vashisht both presently residing At House no. 38, ground Floor, Kh. No. 10/10, Yadav Park Extension Front Village Kamruddin Nagar, Delhi-110041, with immediate effect and have disowned them from all of their self-acquired movable and immovable properties. In future, my clients shall not be responsible for any of their acts, behavior, conducts and deeds with any person or company

**DHEERAJ KUMAR (ADVOCATE)**
**826, Lawyers Chambers Block Distt. Court, Dwarka, Sec-10, New Delhi-75**

**NAME CHANGE**

I SANTOSH S/O RAGHUBAR SINGH R/O PLOT NO - 14 PP NO 3714 NAJAFGARH GOLDEN ENCLAVE RANA JI ENCLAVE DELHI - 110043 , I have changed my name to SANTOSH KUMAR SINGH Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I GYARSI LAL S/O BIHARI LAL GOYAL R/O H.NO 539 BLOCK -B SULTAN PURI DELHI-110086, I have changed my name to GAYARASI LAL GOYAL Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I ARUN KUMAR S/O GYARSI LAL GOYAL R/O G -539 ,G BLOCK SULTAN PURI DELHI- 110086, I have changed my name to ARUN KUMAR GOYAL Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I INDER KUMAR & INDER LAL NARULA S/O CHIMAN LAL R/O E-318 BUDH NAGAR INDER PURI DELHI-110012, I have changed my name to INDER LAL Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I MINKY W/O NEERAJ KUMAR R/O E-318 GROUND FLOOR,E BLOCK J J COLONY INDER PURI DELHI-110012, I have changed my name to MINKY TUTEJA Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I, MANISH JAIN S/O VINOD KUMAR JAIN R/O H-116, NEHARU MARKET, BADARPUR, JAITPUR, DELHI- 110044 have changed my name to MANISH KUMAR JAIN for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, REKHA wife of NO-15142993M, Rank-BHM (DS), Name-MANOJ SINGH residing at VILL-ANAND NAGAR, PO-BIRLA NAGAR, TEHSIL & DIST-GWALIOR, MADHYA PRADESH-474004, have changed my name from REKHA to REKHA KUSHWAH for all future purposes, in my husband's service record my date of birth wrongly mentioned as 15/05/1982 instead of my correct date of birth as 03/07/1982 Vide Affidavit dated 12/01/2026 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**

I, JC-472243P, Rank-SUB Name-DEVENDER SINGH residing at VILL-KARI MODH, PO-KARI DHARNI, TEHSIL-BADHRA, DIST-CHARKHI DADRI, HARYANA-127308, have changed my mother's name from OMAL DEVI to OM PATI for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1959 instead of her correct date of birth as 01/01/1954 vide Affidavit dated 12/01/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, MOHMMAD YUSUF S/O SLAUDIN, R/O R3-A2/16, MOHAN GARDEN, GALI NO-1, UTTAM NAGAR, WEST DELHI, DELHI-110059, have changed my name from MOHMMAD YUSUF S/O SLAUDIN, to MOHD YUSUF S/O SALAUDDIN for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Devika Mahendru D/O Rakesh Mahandru W/O Arpit Singh R/O 37/13, East Patel Nagar, Delhi-110008 Have Changed My Name to Devika Mahendru Pabla for All Future Purposes.



**कौमी पत्रिका**

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## मास्टर प्लान के तहत फर्रुखनगर के विकास को मिलेगी नई दिशाः राव नरबीर सिंह

एजेंसी

**गुरुग्राम।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि नए मास्टर प्लान के तहत फर्रुखनगर क्षेत्र के विकास को नई दिशा दी जा रही है। मास्टर प्लान में शामिल बाईपास, सड़क, बुनियादी ढांचा और नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रोजेक्ट्स को चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाएगा, जिससे क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह फर्रुखनगर क्षेत्र में फर्रुखनगर से डाबोदा मोड़ तक सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास के उपरांत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर फर्रुखनगर पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों द्वारा कैबिनेट मंत्री का पारंपरिक ढंग से नागरिक अभिनंदन किया गया। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकता रही है। इस मार्ग के निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था सुचारू होगी, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। उन्होंने नववर्ष के अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## सफाई कर्मचारी समाज को स्वच्छ व स्वस्थ बनाए रखने का आधार : कृष्ण बेदी

**जींद।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की वह मजबूत रीढ़ है, जिनके परिश्रम से शहरों और गांवों की स्वच्छता, स्वास्थ्य और गरिमा बनी रहती है। वे हर मौसम, परिस्थिति और चुनौती में निस्स्वार्थ भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज को सुरक्षित रखने का कार्य करते हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी मकर संक्रांति के उपलक्ष में सैक्टर 6 स्थित महाराज अजमीढ़ भवन एवं सुनार धर्मशाला जींद में मैढ़ सुनार सभा द्वारा आयोजित सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सुनार समाज की निर्माणाधीन धर्मशाला के लिए 11 लाख रुपये की धन राशि देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर हरियाणा राज्य सहकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन अमरपाल राणा, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा के प्रतिनिधि के रूप में उनके पुत्र रुद्राक्ष मिड्ढा बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यदि समाज में सभी लोग केवल एक ही कार्य करें तो संतुलन संभव नहीं है। किसान अन्नदाता है, डॉक्टर जीवनदाता है, सैनिक देश रक्षक है और सफाई कर्मचारी समाज को स्वच्छ व स्वस्थ बनाए रखने का आधार हैं। स्वच्छता केवल सड़क की सफाई नहीं बल्कि समाज को सही दिशा दिखाने का माध्यम भी है। सफाई कर्मचारी समाज को वह रास्ता दिखाते हैं जिस पर चलकर विकास संभव होता है। उन्होंने कहा कि आज समाज को यह समझने की आवश्यकता है कि स्वच्छता के बिना कोई भी व्यवस्था सफल नहीं हो सकती।

## एचईआरसी ने नई दरें तय करने से पहले बिजली कंपनियों से मांगी वित्तीय व तकनीकी रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** हरियाणा बिजली विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने आगामी वित्त वर्ष के लिए बिजली दरें तय करने से पहले राज्य की बिजली कंपनियों से व्यापक वित्तीय, तकनीकी और परिचालन संबंधी अतिरिक्त जानकारी मांगी है। अपने अंतरिम आदेशों में आयोग ने कहा कि हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम (एचवीपीएन) और हरियाणा पावर जनेरेशन कॉरपोरेशन (एचपीजीसीएल) की टैरिफ याचिकाओं पर सार्वजनिक सुनवाई पूरी हो चुकी है, लेकिन उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा, पारदर्शिता और विवेकपूर्ण निर्णय सुनिश्चित करने के लिए तथ्यों की आगे भी जांच आवश्यक है। एचईआरसी प्रवक्ता ने बताया कि एचवीपीएन की सुनवाई के बाद आयोग ने प्रसारण कंपनी को इसकी स्थापना काल से लिए गए विभिन्न बैंक ऋणों का ब्यौरा देने का निर्देश दिया है, जिसमें ब्याज दरें, विदेशी मुद्रा उतार-चढ़ाव और प्रभावी उधारी लागत शामिल हैं। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित मूल्यह्रास (डिप्रिसिएशन) में वृद्धि का औचित्य, प्रगति पर पूंजीगत कार्यों और वित्त वर्ष 2029-30 तक प्रस्तावित पूंजीकरण का विवरण, इक्विटी के रूप में दर्शाई गई अवशिष्ट आय को पूंजी भंडार में स्थानांतरित करने और ब्याज भार कम करने के लिए ऋण अदला-बदली (लोन स्वैप) के विकल्प तलाशने को भी कहा गया है।

## निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**कैथल।** शहर के एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत का मामला सामने आया है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत करवाया। परिजनों का कहना है कि इलाज में लापरवाही के कारण पहले बच्चे और बाद में महिला की मौत हुई है। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार राधा स्वामी कॉलोनी निवासी पिंकी को डिलीवरी के लिए कैथल के सरकारी अस्पताल लेकर गए थे। वहां उन्हें बताया गया कि गर्भ में ही बच्चे की मौत हो चुकी है। परिजनों का आरोप है कि उसी दौरान एक आशा वर्कर ने उन्हें गुमराह किया और हाई-रिस्क डिलीवरी बताकर महिला को शहर के निजी अस्पताल में रेफर करवा दिया। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान पहले बच्चे की और बाद में महिला की भी मौत हो गई।

# झूठ की राजनीति करने वालों को सत्ता से बाहर करें पंजाब के लोग : नायब सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश को अनुभवी, जिम्मेदार और जनहित के प्रति समर्पित शासन की आवश्यकता है। पंजाब सरकार ने राजनीति को सत्ता सुख का साधन बना लिया है। मुख्यमंत्री ने पंजाब के लोगों से आह्वान किया कि वह अन्याय और झूठ की राजनीति को नकारते हुए विकास, ईमानदारी और राष्ट्रहित आधारित सुशासन को मजबूत करें।

मुख्यमंत्री पंजाब के लुधियाना जिले के समराला में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा ने जो विकास मॉडल प्रस्तुत किया है, वही मॉडल पूरे देश में सुशासन की नींव बन सकता है। इसलिए आने वाले समय में पंजाब की जनता, झूठ बोलकर वोट लेने वालों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो या चाहे वर्तमान में आम आदमी पार्टी की सरकार हो, दोनों ने ही पंजाब के लोगों के साथ जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं



किया। जबकि हरियाणा में डबल इंजन सरकार ने विधानसभा चुनावों के दौरान 217 वादों किए थे और 1 साल में ही 54 वादों को पूरा भी कर दिया। उन्होंने पंजाब सरकार से सवाल करते हुए कहा कि पंजाब सरकार बताए कि हाल ही राज्य में आई बाढ़ के दौरान पशुओं के जानी नुकसान से संबंधित कितना मुआवजा सरकार ने दिया। उन्होंने कहा कि लोग धरातल पर काम देखते हैं, परंतु पंजाब सरकार सिर्फ बातों से पेट भरने का काम कर रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि चुटकुलों से पेट नहीं भरता, 4 साल निकाल दिए, परंतु कोई काम नहीं किया। पंजाब के आज लोग पूछ रहे हैं कि उनसे किए वायदों का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने चुनावों में वायदा किया था कि राज्य में बुजुर्गों को 2500 रुपये प्रतिमाह की वित्तीय सहायता देंगे, परंतु पंजाब की सरकार को 4 साल पूरे हो गए हैं लेकिन यह वायदा पूरा नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने वीबी-जी राम जी पर पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा विधानसभा में 30 दिसंबर को प्रस्ताव पारित करने पर कहा कि उस प्रस्ताव को देखकर हैरानी होती है, क्योंकि उस प्रस्ताव में न तो कोई आंकड़ा दिया गया है, न कोई तथ्य दिया गया है और न ही कोई सुझाव दिया गया है जिससे इसमें कोई सुधार किया जा सके। इस मौके पर राज्य प्रधान सुनील जाखड़, राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू, जिला अध्यक्ष भूपिन्द्र सिंह चीमा, राजबीर धीमान ने भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अभिनंदन किया और जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला।

# भक्ति जीवन की सजग यात्राः निरंकारी माता सुदीक्षा

एजेंसी

**सोनीपत।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने कहा कि भक्ति कोई शब्द, नाम या बाहरी दिखावा नहीं, बल्कि जीवन जीने की सजग और निरंतर यात्रा है। सच्ची भक्ति आत्ममंथन से आरंभ होती है, जहां व्यक्ति दूसरों को देखने से पहले स्वयं को परखता है, अपनी कमियों को स्वीकार करता है और उन्हें सुधारने का प्रयास करता है। अज्ञानवश हुई भूल सुधारी जा सकती है, पर जानबूझकर किसी को चोट पहुंचाना, बहाने बनाना या शब्दों की चालाकी करना भक्ति नहीं हो सकती। भक्त का स्वभाव मरहम जैसा होता है, जो जोड़ता है, तोड़ता नहीं। यह प्रवचन सोनीपत स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल में आयोजित भक्ति पर्व समागम में दिया गया। सतगुरु माता जी ने कहा कि प्रत्येक मानव में निराकार परमात्मा का दर्शन कर सरल, निष्कपट और करुणामय व्यवहार करना ही भक्ति का वास्तविक स्वरूप है। ब्रह्मज्ञान प्राप्त होने के बाद सेवा, सुमिरन और सत्संग के माध्यम से इस अनुभूति को बनाए रखना आवश्यक है। भक्ति कोई पद, पहचान या उपलब्धि नहीं, बल्कि जीवन का चुनाव है-जहां अहंकार नहीं, बल्कि विनम्रता और समर्पण होता है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने माता सविंदर जी और राजमाता जी के जीवन को भक्ति, समर्पण और निःस्वार्थ सेवा का सजीव उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इन मातृशक्तियों का संपूर्ण जीवन निरंकारी मिशन के लिए प्रेरणास्रोत है, जो प्रत्येक श्रद्धालु को सेवा और समर्पण की दिशा देता है। इससे पूर्व निरंकारी राजपिता ने भक्ति पर्व के अवसर पर कहा कि भक्ति कोई सौदा नहीं, बल्कि प्रेम का चुनाव है। यदि भक्ति को अहंकार या उपलब्धियों से जोड़ दिया जाए, तो करता-भाव जीवित रह जाता है। संतों ने गुरु के वचन को सहज भाव से स्वीकार किया।

## पंजीकृत गौशालाओं को सस्ती बिजली व ई रिक्शा देगी सरकारः अरविंद शर्मा

एजेंसी

**सोनीपत।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गौवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की गौशालाएं आत्मनिर्भर बनें और गौसेवा को सामाजिक आंदोलन का रूप मिले। इसके लिए गौसेवा आयोग से पंजीकृत गौशालाओं को दो रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही गौशाला परिसर में दैनिक कार्यों के लिए ई-रिक्शा की सुविधा भी दी जाएगी। दोपहर बाद डा. अरविंद शर्मा अपनी पत्नी रीटा शर्मा के साथ ठसका स्थित नंदलाल गौधाम सेवा समिति द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने गौवंश की सेवा की और गौशाला में विकास कार्यों के लिए 15 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में उपस्थित गौभक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गौसेवा से वही पुण्य प्राप्त होता है, जो माता-पिता की सेवा से मिलता है। समाज में जागरूकता लाकर सनातन संस्कृति के इस प्रतीक को और अधिक सशक्त बनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि पूर्व की सरकारों के समय प्रदेश में 215 गौशालाएं थीं, जिनमें लगभग एक हजार से अधिक गौवंश का पालन-पोषण होता था। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में 650 पंजीकृत गौशालाएं कार्य कर रही हैं।

# कार्तिकेय शर्मा ने अंबाला से चलाया नमो शक्ति रथ

### हरियाणा की 75,000 महिलाओं तक पहुंचने का लक्ष्य

एजेंसी

**चंडीगढ़।** राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू अभियान के तहत अंबाला शहर के नया बांस क्षेत्र में नमो शक्ति रथ आपके द्वार अभियान शुरू किया। कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि नमो शक्ति रथ केवल एक स्वास्थ्य अभियान नहीं है, बल्कि यह दुनिया का सबसे बड़ा स्तन कैंसर जांच अभियान बनने की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं तक घर-द्वार पर पहुंचकर जांच सुविधा उपलब्ध कराना, न केवल भारत बल्कि वैश्विक स्तर पर



एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है। शर्मा ने कहा कि महिलाओं के कैंसर के खिलाफ यह लड़ाई केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक संवेदनशीलता और प्राथमिकताओं की भी परीक्षा है। स्वस्थ नारी, सशक्त भारत की भावना के साथ नमो शक्ति रथ महिलाओं को डर से नहीं, बल्कि जानकारी, भरोसे और समय पर जांच से जोड़ रहा है।

शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने जांच करवाई और आवश्यक सावधानियों की जानकारी प्राप्त की। कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि आगामी महीनों में इस अभियान के माध्यम से हरियाणा की 75,000 महिलाओं तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिदिन प्रत्येक जिले के एक गांव को कवर करने की इस योजना को भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने की तैयारी है, जिससे यह अभियान दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक स्तन कैंसर जांच मॉडल बन सके।

## रोहतक में पुलिस की पहल, युवाओं को नशा छुडवाकर दी नई जिंदगी

एजेंसी

**रोहतक।** पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने के लिए शुरू की गई मुहिम अब रंग लाने लगी है। इसी कड़ी में रोहतक पुलिस ने पांच युवाओं को नशा छुडवाकर उन्हें नई जिंदगी दी है। पुलिस ने युवाओं की काउंसलिग करवाकर नशा मुक्ति केन्द्र के माध्यम से नशे की लत से छुटकारा दिलाया है। जिले के लोगों ने भी पुलिस की इस सराहनीय पहल की जमकर तारीफ की है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि नशा मुक्ति टीम निरंतर आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। इस टीम द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर जाकर लोगो को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। साथ ही पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर नशे के सेवन करने




वालों के खिलाफ भी निरंतर कारवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जो लोग नशा करने के आदी हो चुके है तथा जिनकी इच्छा नशा छोडने की है उनके परिवार से संपर्क कर, ऐसे लोगो को काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। नशामुक्ति केंद्रों के माध्यम से उनका ईलाज कराया जा रहा है। उपनिरीक्षक अमर सिंह व साहयक उपनिरीक्षक मोहन के नेतृत्व मे पांच युवाओ को नशे की लत से छुटकारा दिलाया है। उन्होंने बताया कि युवाओ की काउंसलिंग करवा राज्य व्यसन निर्भरता उपचार केंद्र के माध्यम से नशे की लत को छुड़ाया गया है। उपनिरीक्षक अमर कटारिया ने कहा कि नशा मुक्त भारत की ओर एक मजबूत कदम है। यह केवल इलाज नहीं, बल्कि उम्मीद, विश्वास और बदलाव की शुरुआत है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का भी आह्वान किया।

# हरियाणा के युवाओं का खेलों में अलग रुतबाः मोहनलाल बडोली

## हरियाणा के युवाओं का खेलों में अलग रुतबाः मोहनलाल बडोली

एजेंसी

**सोनीपत।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोनीपत रोड, गोहाना में स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति की ओर से भारत केसरी दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और खरखौदा विधायक पवन खरखौदा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अतिथियों ने पहलवानों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी प्रदेश, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टि से छोटा होने के बावजूद हरियाणा के खिलाड़ी विदेशों से बड़ी संख्या में पदक जीतकर देश और राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। नववर्ष 2026 के पहले भारत केसरी दंगल के आयोजन



पर खेलप्रेमियों को बधाई दी गई। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकार द्वारा हरियाणा में खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राई, सोनीपत में उत्तर भारत के पहले खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है, जिससे युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, खेल भावन और शारीरिक क्षमता का विकास किया जा रहा है। कुश्ती को भारत की प्राचीन और गौरवशाली परंपरा बताते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। अवसर पर गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान, दमन एवं दीव सांसद कमल पटेल, कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार सुबोध उनियाल, पूर्व मंत्री एवं सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी, एशियन कबड्डी फेडरेशन चेयरमैन गुलाब सिंह सैनी, आरटीआई आयोग हरियाणा आयुक्त कर्मवीर सैनी, भारतीय कुश्ती संघ चेयरमैन (प्रोटोकॉल) देवेन्द्र शर्मा एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय आईएएस, पद्म श्री महावीर गुड्डू, बीजेपी गोहाना अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, बीजेपी सोनीपत अध्यक्ष अशोक भरद्वाज, भाजपा नेता प्रदीप सांगवान, इंद्रजीत विरमानी आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने लुधियाना के चरण कंवल साहिब गुरुद्वारा में माथा टेका

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब दौरे पर गए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लुधियाना जिला के माछीवाड़ा स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा चरण कंवल साहिब पहुंचकर माथा टेका और गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इस पवित्र स्थल पर आकर वे स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह वही ऐतिहासिक स्थान है जहां दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने आकर कठोर तपस्या की थी और देश व समाज को धर्म, साहस और मानवता की शिक्षा दी थी। उन्होंने कहा कि गुरुओं ने सदैव समाज और देश की भलाई के लिए संघर्ष किया और महान बलिदान दिए। हमें उनकी शिक्षाओं और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चरण पड़े और उन्होंने यहां रहकर समाज को दिशा दी, ऐसे पावन स्थल को नजदीक से देखने और शीश नवाने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। एक



सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर गुरुओं ने कुर्बानियां न दी होती, तो आज हमारा इतिहास कुछ और ही होता। गुरुओं ने किसी एक वर्ग के लिए नहीं बल्कि सर्व समाज और पूरे देश के लिए संघर्ष किया और बलिदान दिया। एक अन्य प्रश्न पर नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुछ लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए गलत बयानबाजी करते हैं, जो बिल्कुल अनुचित है। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्राचीन श्री मुक्तेश्वर शिव मंदिर (मुक्तिधाम) चहिला में जाकर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया और देशवासियों की समृद्धि की कामना करते हुए ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## संघ केवल हिंदुत्व पर गौरव करता है, किसी से नफरत नहीं: कश्मीरी लाल

एजेंसी

**गुरुग्राम।** स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पांच बच्चों से शुरू किया संगठन आज दुनिया के सबसे बड़े संगठन के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने आरएसएस संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पारिवारिक आभाव व विपरीत परिस्थिति होने बाद भी उन्होंने देश के लिए कार्य करने का संकल्प लिया और आज दुनियां के सामने संघ का स्वरूप दिखाई दे रहा है। वे यहां सेक्टर-14 के सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस) शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में बोल रहे थे। इस जन गोष्ठी में पूर्व आईपीएस अधिकारी रंजीव सिंह दलाल मुख्य अतिथि के रूप में व महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। कश्मीरी लाल के अनुसार कोई भी समाजिक कार्य करते समय निराशा का भाव नहीं होना चाहिए। अगर राष्ट्र व समाज हित कार्य करते समय निराशा होती है तो डॉ. हेडगेवार व संघ का इतिहास पढ़ ले, निराशा का भाव स्वतः ही समाप्त हो जाएगा। कार्य बेशक छोटा हो, लेकिन इरादा बड़ा होना चाहिए। उन्होंने भारतीय मजदूर संघ व किसान संघ जैसे संघठनो का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने यह नही कहा कि दुनियां के मजदूरों एक जाओ बल्कि उन्होंने कहा कि दुनियां के मजदूरों दुनियां को एक कर लो। उन्होंने कहा की हर आपदा में संघ अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहता है। उनके अनुसार संघ पर अन्य समुदाय से नफरत करने का आरोप कुछ विरोधी लगाते हैं जबकि वास्तविकता यह कि संघ केवल हिंदुत्व की सनातन परम्पराओं का गौरव करता है किसी से नफरत नही । कोरोना काल इसका उदाहरण है। आपदा में संघ किसी का धर्म नही देखता बल्कि मानवता के धर्म का पालन करता है। संघ भारतीय सनातन परम्पराओं की अनुपालना में विश्वास रखता है। उन्होंने उपस्तिथ जन समूह का आह्वान करते हुए कहा कि आपके पास कोई समाज हित का आइडिया है तो संघ को बताएं, संघ आपको उस कार्य हेतु टीम देगा और आपके पास टीम है तो संघ आपको समाज हित का आइडिया देगा।

# भाईचारे और शिक्षा के बल पर तय होती है तरक्की की राह : सतपाल ब्रह्मचारी

एजेंसी

**जींद।** सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि सामाजिक समरसता और शिक्षा का ज्ञान राष्ट्र की मजबूती के लिए बेहद जरूरी है। इतिहास गवाह है कि जहां-जहां छत्तीस बिरादरी का भाईचारा मजबूत है और जहां-जहां शिक्षा की गंगा बहती है, वहां तरक्की की राह खुद ब खुद तय हो जाती है। ब्राह्मण समाज को शरीर का मुख कहा जाता है। इसलिए शास्त्र के ज्ञान को जहन-जहन तक पहुंचाते हुए समाज को सशक्त करने में अहम रोल अदा करें। सासंद सतपाल ब्रह्मचारी सफीदों रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। पूर्व विधायक दयानंद शर्मा की अध्यक्षता में हुए अभिनंदन समारोह में जींद जिले से गणमान्य लोगों ने सांसद का भव्य अभिनंदन किया। समारोह में जिला प्रधान ब्राह्मण सभा जींद के वर्तमान प्रधान धर्मबीर पिंडारा, पूर्व प्रधान सियाराम शास्त्री, पूर्व प्रधान रामफूल शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिराम दीक्षित, जुलाना ब्राह्मण सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा, जयंती मंदिर पुजारी नवीन शास्त्री सहित अन्य क्षेत्रों से आए सभा प्रधानों और प्रतिनिधियों ने सांसद को सम्मान स्वरूप पगड़ी



पहनाई। समारोह में रखी गई मांगों को पूरा कराने का आश्वासन देते हुए सांसद ने इस दौरान 11 लाख की ग्रांट देने का भी ऐलान किया। इस दौरान हरिराम दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान जब भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे, तब ब्राह्मण समेत कुछ अन्य जातियों को आर्थिक आधार पर आरक्षण मिला था। किंतु 2022 के आसपास इस आरक्षण को बंद कर दिया गया। केंद्र सरकार ने जो इडब्लयूएस आरक्षण दिया हुआ है उसमें ब्राह्मण समाज का कोटा निर्धारित करने के लिए समाज की पैरवी करें। सांसद ने कहा कि आरक्षण के लिए राज्य सरकार को भी अनुमोदन करना चाहिए। रही बात वे इस मसले को देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में उठाएंगें। उन्होंने कहा कि छत्तीस बिरादरी के सहयोग से वे मात्र 22 दिन में सांसद बने हैं, इसलिए सोनीपत, जींद की जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए अंतिम सांसो तक प्रयास करता रहुंगा।

# मनरेगा का नया कानून गरीबों के रोजगार पर डाका : सुरजेवाला

एजेंसी

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने केंद्र की भाजपा सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाया गया 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार तथा आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून' गरीबों के रोजगार-अधिकार की दिनदहाड़े हत्या है। उन्होंने इसे करोड़ों मजदूरों की रोजी-रोटी पर सीधा हमला बताया।कैथल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुरजेवाला ने कहा कि मनरेगा मजदूरों को काम मांगने का जो कानूनी अधिकार मिला था, उसे छीनकर अब सारा नियंत्रण केंद्र सरकार के हाथों में दे दिया गया है। यह नया कानून एससी, एसटी, ओबीसी और गरीब वर्ग को सामाजिक न्याय से वंचित करने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने मनरेगा पर कुल 8 बड़े हमले किए हैं। केंद्र सरकार मजदूरी की पूरी जिम्मेदारी से पीछे हट रही है और अब केवल 60 प्रतिशत बजट देने की बात कर रही है, जबकि राज्यों को 40 प्रतिशत देना होगा। पहले से आर्थिक संकट झेल रहे राज्य इतने संसाधन नहीं जुटा पाएंगे, जिससे रोजगार मिलना मुश्किल हो जाएगा। सुरजेवाला ने कहा कि मनरेगा एक डिमांड ड्रिवन योजना थी, जिसमें मजदूर के काम मांगते ही रोजगार देना अनिवार्य था, लेकिन नए कानून में यह अधिकार खत्म कर दिया गया है। अब केंद्र तय करेगा कि कहां, कितना और कितने दिन काम मिलेगा। इसके साथ ही 100 दिनों के रोजगार की गारंटी भी समाप्त कर दी गई है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी श्रम को पूजा मानते थे और मजदूर को देवता। इसलिए सबसे पहले गांधी के नाम को हटाया गया। भाजपा ने गांधी और भगवान राम के नाम का राजनीतिक उपयोग किया, लेकिन उनके विचारों और आदर्शों को खत्म कर दिया। प्रेस वार्ता में उनके साथ सुदीप सुरजेवाला, जिला अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड, पार्षद रामनिवास मित्तल, पूर्व पार्षद सुरेंद्र रांझा, बिल्लू सैनी, रामकुमार बंसल सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# सोने का भाव 1,40,900 रुपए, चांदी 2,62,000 रुपए किलो

### अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी दोनों कीमती धातुएं नए उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में कीमती धातुएं नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना और चांदी दोनों ही मजबूती के साथ खुले और कारोबार के दौरान सार्वजेनिक स्तर को छू लिया। फिलहाल सोने का वायदा भाव करीब 1,40,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी का वायदा भाव 2,62,000 रुपये प्रति किलो के करीब बना हुआ था। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट 781 रुपये की तेजी के साथ 1,39,600 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,38,819 रुपये था। कारोबार के दौरान सोने का वायदा भाव 2,042 रुपये की तेजी के साथ 1,40,861 रुपये तक पहुंच गया। इस दौरान सोने ने दिन का उच्चतम स्तर 1,41,250 रुपये और न्यूनतम स्तर 1,39,600 रुपये छू लिया। इस समय सोने के वायदा भाव ने 1,41,250 रुपये पर अपना अब तक का सर्वोच्च स्तर दर्ज किया। चांदी के वायदा भावों में भी जोरदार तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 10,109 रुपये की उछाल के साथ 2,62,834 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 2,52,725 रुपये था। इस समय चांदी का वायदा भाव 9,276 रुपये की तेजी के साथ 2,62,001 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान चांदी ने दिन का उच्चतम स्तर 2,63,996 रुपये प्रति किलो और न्यूनतम स्तर 2,61,961 रुपये छू लिया। चांदी ने इस साल 2,63,996 रुपये प्रति किलो का सर्वोच्च स्तर बनाया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी रिकॉर्ड तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। कॉमेक्स पर सोना 4,529.10 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 4,500 डॉलर प्रति औंस बढ़ने के बाद सोना 88.30 डॉलर की तेजी के साथ 4,589.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान सोने ने 4,612.70 डॉलर




प्रति औंस का ऑल टाइम हाई छू लिया। वहीं, कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 80.50 डॉलर प्रति औंस पर खुले, जबकि पिछला बंद भाव 79.34 डॉलर था। इस समय चांदी 3.93 डॉलर की तेजी के साथ 83.27 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। चांदी ने आज 83.90 डॉलर प्रति औंस का उच्चतम स्तर दर्ज किया।

## ट्रंप ने एक्सॉनमोबिल को वेनेजुएला से बाहर रखने पर जताई संभावना

### कंपनी के सीईओ ने कहा, वेनेजुएला की मौजूदा स्थिति निवेश के लिए उपयुक्त नहीं

**न्यूयॉर्क ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे एक्सॉनमोबिल को वेनेजुएला के तेल कारोबार से दूर रखने पर विचार कर सकते हैं।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में तेल एवं गैस क्षेत्र के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि एक्सॉनमोबिल की प्रतिक्रिया उन्हें पसंद नहीं आई और वे बहुत चालाकी दिखा रहे हैं। अमेरिका की तेल कंपनी एक्सॉनमोबिल के सीईओ डैरेन वुड्स ने कहा कि वेनेजुएला की मौजूदा स्थिति निवेश के लिए उपयुक्त नहीं है। वुड्स ने बताया कि देश के व्यावसायिक ढांचे और कानूनी व्यवस्था में बड़े बदलाव की आवश्यकता है।

इसके साथ ही हाइड्रोकार्बन कानूनों में सुधार और स्थायी सुरक्षा उपाय जरूरी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी प्रशासन और ट्रंप के सहयोग से ये बदलाव संभव हैं।

वुड्स ने कहा कि अल्पावधि में एक तकनीकी दल भेजा जा सकता है, जो उद्योग और संसाधनों की वर्तमान स्थिति का आकलन करेगा और उत्पादन को पुनः बाजार में लाने में मदद करेगा।

अमेरिकी प्रशासन और अन्य अधिकारी भी निवेश के लिए सुरक्षा और वित्तीय गारंटी की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं।

ट्रंप ने हाल ही में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य वेनेजुएला के तेल राजस्व का गलत इस्तेमाल रोकना है। अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल टैंकरों को जब्त कर लिया है और 3-5 करोड़ बैरल कच्चे तेल की बिक्री को

## प्रीमियर एनर्जीज 11,000 करोड़ निवेश कर उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी

### आंध्र प्रदेश में 7.4 गीगावाट सेल और तेलंगाना में 6 गीगावाट मॉड्यूल क्षमता जुड़ जाएगी

**नई दिल्ली ।**


नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी प्रीमियर एनर्जीज अपने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 11,000 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी विस्तार योजना तैयार कर रही है। कंपनी वर्तमान में तेलंगाना के हैदराबाद के पास चार इकाइयों से 3.2 गीगावाट सेल और 5.1 गीगावाट मॉड्यूल का उत्पादन करती है। विस्तार के तहत, आंध्र प्रदेश में 7.4 गीगावाट सेल और तेलंगाना में 6 गीगावाट मॉड्यूल क्षमता जोड़ी जाएगी। इस विस्तार के बाद कंपनी की वार्षिक सेल क्षमता 10.6 गीगावाट और मॉड्यूल क्षमता 11.1 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। कंपनी ने विस्तार के लिए पिछले साल आईपीओ के माध्यम से 1,300 करोड़ रुपये जुटाए। इसके अलावा इरेडा से 2,200 करोड़ रुपये का ऋण और बाकी राशि आंतरिक स्रोतों से आएगी। कंपनी के एक अधिकारी के अनुसार भारत में कंपनी के पास अगले एक साल के लिए 13,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर बुक हैं। कंपनी अतीत में




अमेरिकी बाजार में भी सेल का निर्यात करती रही है। प्रीमियर एनर्जीज चीन के बाहर सबसे बड़े एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माता बनने के लिए इन्गॉट और वेफर उत्पादन में भी प्रवेश कर रही है। यह कदम उत्पादन को अधिक सुदृढ़ बनाएगा और सरकार के सौर विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के अनुरूप है।

## गुवाहाटी-हावड़ा वंदेभारत का किराया राजधानी ट्रेनों से ज्यादा होगा

**नई दिल्ली ।**



अगले सप्ताह से भारतीय रेलवे वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस गुवाहाटी-हावड़ा रूट पर परिचालन में आएगी। यह वंदे भारत की पहली स्लीपर ट्रेन होगी। इसका किराए राजधानी ट्रेनों से अधिक रखे गए हैं। थर्ड एसी के लिए प्रति किलोमीटर 2.4 रुपये, सेकंड एसी के लिए 3.1 रुपये और फर्स्ट एसी के लिए 3.8 रुपये निर्धारित किए गए हैं। न्यूनतम किराया थर्ड एसी में 960 रुपये, सेकंड एसी में 1240 रुपये और फर्स्ट एसी में 1520 रुपये होगा, लेकिन जीएसटी अलग से देना होगा। ट्रेन में 16 डिब्बे होंगे- 11 थर्ड एसी, 4 सेकंड एसी, और 1 फर्स्ट एसी। कुल 823 सीटों में से 611 थर्ड एसी, 188 सेकंड एसी और 24 फर्स्ट एसी सीटें होंगी। बर्थ एर्गोनॉमिक और आरामदायक होंगी। ट्रेन में स्वचालित दरवाजे, शोर कम करने वाली तकनीक, कवच सुरक्षा प्रणाली और कीटाणुनाशक तकनीक जैसी सुविधाएं यात्रियों के आराम और सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगी।

## मारुति सुजुकी गुजरात में उत्पादन क्षमता बढ़ाने करेगी 4,960 करोड़ का निवेश

### कंपनी ने गुजरात के खोराज औद्योगिक एस्टेट में भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दी

**नई दिल्ली ।**

मारुति सुजुकी इंडिया के निदेशक मंडल ने गुजरात में अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए 4,960 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि यह निवेश खोराज औद्योगिक एस्टेट में भूमि अधिग्रहण, विकास और उत्पादन क्षमता के विस्तार के लिए किया जाएगा।

प्रस्तावित वृद्धि से कंपनी की वार्षिक उत्पादन क्षमता 10 लाख इकाई तक बढ़ने की संभावना है। कंपनी ने जानकारी दी कि इस निवेश का वित्तपोषण आंतरिक आय और बाहरी उधार से किया जाएगा। मारुति सुजुकी की मौजूदा उत्पादन क्षमता पहले ही 24 लाख इकाई प्रति वर्ष है,

जो कि हंसलपुर (गुजरात), गुरुग्राम, मानेसर और खरखौदा (हिमाचल प्रदेश) जैसी जगहों पर स्थित अपनी विनिर्माण इकाइयों से पूरी हो रही है। कंपनी के अनुसार मौजूदा संयंत्रों में पूरी क्षमता का उपयोग किया जा रहा है, इस कारण नई क्षमता के विस्तार की आवश्यकता महसूस हो रही थी।

यह निवेश मारुति सुजुकी की दीर्घकालिक विकास रणनीति का




हिस्सा है। 2024 में कंपनी ने गुजरात में अपनी दूसरी विनिर्माण इकाई के लिए 35,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी, जिससे उत्पादन क्षमता 10 लाख इकाई और बढ़ने की उम्मीद है। इस विस्तार से न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और भारतीय वाहन उद्योग को नई दिशा मिलेगी।

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

### सेंसेक्स 301, निफ्टी 106 अंक उछला

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही बाजार में अंतिम क्षणों में खरीददारी हावी रही जिससे बाजार उछाल। इसका कारण अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के भारत से कारोबार को लेकर दिये सकारात्मक बयान को माना जा रहा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 301.93 अंक ऊपर आकर 83,878.17 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी अंत में 106.95 अंक ऊपर आकर 25,790.25 पर बंद हुआ। आज बाजार में तेजी धातु शेयरों के कारण आई। निफ्टी धातु भी 1.99 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी कमोडिटीज 1.32 फीसदी , निफ्टी पीएसई 0.86 फीसदी , निफ्टी पीएसयू बैंक 0.65 फीसदी , के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी मीडिया 1.55 फीसदी , निफ्टी रियल्टी 1.22 फीसदी , निफ्टी फार्मा 0.41 फीसदी , निफ्टी हेल्थकेयर 0.38 फीसदी , निफ्टी ऑटो 0.27 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।लार्जकैप की जगह आह मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में उछाल आया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 31.05 अंक की हल्की गिरावट के साथ 59,717.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 89.35 अंक नीचे आकर 17,193.30 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, ट्रेंट, एसबीआई, एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, टाइटन, मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, एचसीएल टेक के शेयरों में उछाल आया जबकि इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, बीईएल, एचडीएफसी बैंक और एलएंडटी के शेयरों को नुकसान हुआ। इससे पहले आज सुबह भारतीय शेयर बाजार गिरावट पर खुला। सेंसेक्स 100 अंकों से अधिक गिरावट के साथ 83,435.31 अंक पर खुला और जैसे-जैसे दिन चढ़ा, गिरावट और बढ़ गई। इसी तरह, निफ्टी ने भी 25,669 अंक पर शुरुआत की, लेकिन जल्द ही 25,600 के नीचे फिसलने के बाद निफ्टी में 115.75 अंकों की गिरावट के साथ 25,567.55 अंक पर कारोबार हो रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख देखा गया।

चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.29 फीसदी गिरा और हांगकांग का हैंग सेंग 0.09 फीसदी नीचे रहा। इसके विपरीत जापान का निक्केई 1.61 फीसदी और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.26 फीसदी बढ़ा। वॉल स्ट्रीट पर एसएंडपी 500 और डाउ जोन्स शुक्रवार को नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। अमेरिकी बाजार बंद होने पर एसएंडपी 500 में 0.65 फीसदी की बढ़त, डाउ में 0.48 फीसदी की बढ़त और नैस्डैक में 0.82 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।

## भूमिका रियल्टी ने फरीदाबाद परियोजना के लिए 170 करोड़ जुटाए



**नई दिल्ली ।**

भूमिका रियल्टी ने अपनी नई रियल एस्टेट परियोजना के वित्तपोषण के लिए 170 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इस फंडिंग में आदित्य बिरला सन लाइफ एएमसी और बीजो के रियल एस्टेट ऋण मंच का योगदान है। कंपनी का कहना है कि यह धनराशि निर्माण और कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने में उपयोग होगी। भूमिका ग्रुप के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात को रेखांकित किया कि फरीदाबाद शहरी विकास के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। उनका कहना था कि यह परियोजना हमारे अनुशासित वित्तीय दृष्टिकोण और मजबूत बुनियादी सिद्धांतों का परिचायक है। आदित्य बिरला सन लाइफ एएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है और हम इस विकास में निवेश कर गर्व महसूस कर रहे हैं। कंपनी पहले भी दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान में रिटेल रियल एस्टेट परियोजनाएं विकसित कर चुकी है।

## मुकेश अंबानी ने गुजरात में की रिलायंस के पांच बड़े कमिटमेंट्स की घोषणा

### 5 साल में 7 लाख करोड़ का निवेश करेगी रिलायंस

**मुंबई ।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में गुजरात के लिए पांच महत्वपूर्ण कमिटमेंट्स की घोषणा की। उन्होंने बताया कि पिछले पांच साल में रिलायंस ने राज्य में 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और अगले पांच साल में इसे 7 लाख करोड़ रुपये तक दोगुना किया जाएगा। इस निवेश का उद्देश्य बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करना और लोगों की आजीविका को मजबूत करना है। मुकेश अंबानी ने बताया कि जामनगर में दुनिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसमें सोलर पावर, एनर्जी स्टोरेज, ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन फर्टिलाइजर, सस्टेनेबल एविएशन और एडवांस्ड मटीरियल्स शामिल होंगे। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य जामनगर को भारत का सबसे बड़ा ग्रीन एनर्जी और ग्रीन मटीरियल्स एक्सपोर्ट हब बनाना है। रिलायंस कच्छ में मल्टी-गीगावॉट, यूटिलिटी-स्केल सोलर प्रोजेक्ट विकसित करेगा। यह प्रोजेक्ट चौबीसों घंटे क्लीन पावर सप्लाई के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसे दुनिया की सबसे बड़ी क्लीन एनर्जी परियोजनाओं में से एक बताया गया है। जामनगर में भारत का सबसे बड़ा एआई-रेडी डेटा सेंटर बनाया जाएगा। जियो लॉन्च करेगा पीपल-फर्स्ट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म, जो भारत और दुनिया के लिए काम करेगा। इसका उद्देश्य हर भारतीय को अपनी भाषा और डिवाइस पर एआई सेवाओं का उपयोग करने का अवसर देना है। रिलायंस फाउंडेशन प्रधानमंत्री के 2036 ओलंपिक को अहमदाबाद लाने के विजन को समर्थन देगा। नारणपुरा में वीर सावरकर मल्टी-स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जामनगर में वर्ल्ड-क्लास अस्पताल और रिलायंस स्कूल नेटवर्क का विस्तार भी योजना में शामिल है।

## सीआईआई ने केंद्रीय बजट में पीएसयू के तेज निजीकरण का आह्वान किया

### दूरदर्शी निजीकरण नीति सरकार को मुख्य कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाएगी

**नई दिल्ली।**

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए सरकार से अनुरोध किया है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और निवेश की बढ़ती जरूरत को देखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसयू) का त्वरित और सुनियोजित निजीकरण किया जाए। उद्योग निकाय ने कहा कि निजीकरण से न केवल सरकारी धन जुटाने में मदद मिलेगी, बल्कि दक्षता, तकनीक अपनाने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सुधार भी होगा। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजित बनर्जी ने कहा कि भारत के विकास पथ में निजी उद्यम और नवाचार का योगदान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि दूरदर्शी निजीकरण नीति सरकार को अपने मुख्य कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाएगी और निजी क्षेत्र को औद्योगिक परिवर्तन व रोजगार सृजन में तेजी लाने के लिए सशक्त करेगी। सीआईआई ने निजीकरण की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए चार सूत्रीय रणनीति का प्रस्ताव रखा है:-

1. सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के तरीके को मांग आधारित बनाना।

2. तीन साल की समय सीमा वाली प्रक्रिया तय करना, जिससे निवेशकों को स्पष्टता मिले।

3. निजीकरण प्रक्रिया पर निगरानी के लिए मजबूत संस्थागत ढांचा बनाना।

4. गैर-रणनीतिक उपक्रमों के पूर्ण निजीकरण के लिए सुनियोजित रोडमैप लागू करना।

सीआईआई के अनुसार, 78 सूचीबद्ध सार्वजनिक उपक्रमों में सरकार की हिस्सेदारी 51त्न तक घटाने पर लगभग 10 लाख करोड़




जुटाए जा सकते हैं। सीआईआई ने सरकार से रणनीतिक विनिवेश नीति के शीघ्र कार्यान्वयन का आग्रह किया है, जिससे आर्थिक विकास तेज हो और भारत के औद्योगिक क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़े।

## संक्षिप्त समाचार



### रुपया सपाट बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को सपाट 90.18 रुपये पर बंद हुआ। भारतीय रुपया आज शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे टूटकर 90.23 पर खुला। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर अस्थिर भू-राजनीतिक हालात और अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की आशंका ने विदेशी संस्थागत निवेशकों को भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली के लिए प्रेरित किया है। इससे रुपये की कमजोरी और बढ़ गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया पिछले बंद भाव 90.18 की तुलना में कमजोर खुला। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को रुपया 28 पैसे गिरकर 90.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 98.75 पर रहा।

### अब ईपीएफओ से तुरंत निकाल सकेंगे पैसा




**नई दिल्ली ।**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पीएफ निकासी प्रक्रिया को डिजिटल और तेज बनाने का बड़ा कदम उठाया है। अब कर्मचारियों को लंबे फॉर्म या हफ्तों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पीएफ पैसे सीधे यूपीआई के जरिए सेकंडों में ट्रांसफर होंगे। कर्मचारी अपनी यूपीआई आईडी ईपीएफओ पोर्टल या ऐप से लिंक करेंगे। शुरुआत भीम यूपीआई यूपीआई से होगी, बाद में पेटीएम, फोनपे और गूगलपे जैसे ऐप्स भी शामिल होंगे। इससे समय की बचत होगी, मेडिकल, पढ़ाई या घर की जरूरतों के लिए तुरंत पैसा मिलेगा और क्लेम रिजेक्शन कम होगा। सामान्य ट्रांजैक्शन 1 लाख रुपए प्रतिदिन, मेडिकल-एजुकेशन-आईपीओ के लिए 5 लाख रुपए प्रतिदिन। सुरक्षा पाबंदियों के साथ दुरुपयोग रोका जाएगा।

### जीवन बीमा उद्योग में दिसंबर में रिकॉर्ड वृद्धि, एनबीपी 40 फीसदी उछला

**नई दिल्ली ।**




जीवन बीमा उद्योग ने दिसंबर 2025 में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया। लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार इस महीने नई बिजनेस प्रीमियम (एनबीपी) 39.5 फीसदी सालाना बढ़कर 42,150.8 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष 30,218.71 करोड़ रुपये थी। एलआईसी का दबदबा- सरकारी कंपनी एलआईसी का प्रीमियम 57.45 फीसदी बढ़कर 21,293.9 करोड़ रुपये हो गया।

**NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**
**Corp. Off.: ROF Group, Building No. 80, First Floor, Sector-44, Gurgaon-122003, Ph. 0124-4399399**

Notice is hereby given to the Public at large that the following booking of residential apartments in the Affordable Housing Project "ROF AALAYAS" being developed by M/s NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT.LTD situated at Sector 102, Gurugram , Haryana vide license no. 11 of 2014 dated 10.06.2014.
That the below mentioned Units are falling under list of defaulters due to non-payment of dues as per the provisions of Affordable Housing Policy, 2013 and are hereby served a final notice to clear their dues within 15 days of this publication. If the balance payments against the said Units are not received within next 15 days, then the allotment of the below mentioned Units shall stand cancelled as per the provisions of the Affordable Housing Policy, 2013.

| Application No. | Carpet & Balcony Area (Sq. Ft.) | Apartment No. |
|---|---|---|
| 12512 | 534.75 & 61.35 ( 2 BHK ) | E-1406 |

Therefore, all the person/allottee (s) are hereby called upon to clear all there dues within 15 days from the date of publication hereof to avoid cancellation of there allotment as per the provisions of the Affordable Housing Policy, 2013.

In the absence of any payment within the stipulated period above, it shall be presumed and/or deemed that the allottee (s) or concern has no such claims/objections by virtue of this notice and, if any, the same have been waived or abandoned without any reference to such claims/ objections made thereafter and necessary action will be taken as per applicable policy and Law.

For **NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**
Place: Gurugram (Haryana) Director

# खुशियों का संदेशवाहक पर्व है लोहड़ी



योगेश कुमार गोयल

लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती है और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्ध और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है।

उत्तर भारत में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में ह्यलाल लाहीह्ण नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे ह्यपंजाबी रॉबिनहुडह्ण का दर्जा प्राप्त है।

जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आव्हान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके।



हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकट्ठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं।

लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया। गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आदेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा। लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिये मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं।

लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रातः अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को ह्यईश्वर का उपहारह्ण मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संपादकीय

### 500 फीसदी टैरिफ लगा, तोऽ

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक साथ कई मोर्चे खोल लिए हैं। वह क्यूबा, कोलंबिया, ग्रीनलैंड सरीखे छोटे देशों को बंधक बना कर अमरीका के उपनिवेश बनाने पर आमादा हैं, लिहाजा वेनेजुएला की तरह हमले की धमकियां दे रहे हैं। ईरान के चारों ओर भी अमरीकी विमान, युद्धपोत आदि मंडरा रहे हैं, घातक डेल्टा फोर्स को भी तैनात करने की खबरें हैं। हालांकि अमरीका जानता है कि ईरान कमजोर देश नहीं है। ईरान एक सैन्य ताकत है। वह परमाणु सम्पन्न मिसाइलों से अमरीका के वाशिंगटन और न्यूयॉर्क जैसे शहरों पर विनाशक हमले करने में सक्षम है। अमरीकी सीनेट ने बहुमत से राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है, जिसके साफ मायने हैं कि अमरीकी संसद की अनुमति के बिना ट्रंप किसी भी देश पर हमला नहीं कर सकते अथवा युद्ध में जाने का सेनाओं को आदेश नहीं दे सकते। फिर भी राष्ट्रपति ट्रंप दुनिया को अलग-अलग मोर्चों पर धमकाने, हडकाने में जुटे हैं। ये अर्द्ध-तानाशाही के संकेत हैं। उन्होंने रूस पर प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दी है, जो इसी सप्ताह संसद के पटल पर पेश किया जा सकता है। यदि यह बिल पारित हो गया, तो आर्थिक अराजकता का माहौल बनना तय है। बिल में स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं कि जो भी देश रूस से तेल, गैस और अन्य उत्पादों की खरीद करेगा, अमरीका उस पर 500 फीसदी का टैरिफ थोप सकता है। यानी उन देशों का जो भी माल अमरीकी बाजार में आएगा, उस पर 500 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगेगा। राष्ट्रपति ट्रंप की कुटिल निगाहें भारत, चीन, ब्राजील पर हैं। भारत ने बीते चार साल में रूस से 1.73 लाख करोड़ रुपए का कच्चा तेल खरीदा है। भारत अब भी अपनी जरूरतों का 30-32 फीसदी तेल रूस से ही खरीदता है।

चीन तो 48 फीसदी तक तेल रूस से खरीदता है। रूस से सबसे अधिक पाइपलाइन गैस की खरीद यूरोपीय संघ के देश करते हैं। अमरीका भी सबसे अधिक यूरेनियम रूस से ही खरीदता है। उन पर प्रतिबंध क्यों नहीं हैं? यूरोपीय देशों पर 500 फीसदी तक के टैरिफ की धमकियां क्यों नहीं दी जातीं? जापान, दक्षिण कोरिया, तुर्किए पर भारत से बहुत कम टैरिफ क्यों है? भारत-अमरीका में जो व्यापार-समझौता होना था, वह इसलिए खटाई में पड़ गया, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को फोन नहीं किया। नतीजतन अमरीका ने इंडोनेशिया, वियतनाम, फिलीपींस के साथ व्यापार-करार कर लिए। अमरीका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक का यह बयान हास्यास्पद लगता है, क्योंकि 2025 में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की 8 बार फोन पर बातचीत हुई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि भी की है। बहरहाल मुद्दा 500 फीसदी टैरिफ का है। भारत पर फिलहाल 50 फीसदी टैरिफ चस्पा है, जिसके कारण हमारा निर्यात बहुत प्रभावित हुआ है। हमारी आर्थिक विकास दर, अंततः, 7 फीसदी से अधिक रहेगी, इसी पर संतुष्ट होना नुकसानदेह है।

## चिंतन-मनन


### श्रद्धा के मुताबिक पूजा

हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है।

लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलतः वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का।

श्रद्धा मूलतः सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्त्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं। अतः किसी विशेष गुण के सम्पर्क में रहकर हृदय जिस स्थिति में होता है, उसी के अनुसार श्रद्धा होती है। यदि किसी का हृदय सतोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा भी सतोगुणी है। यदि हृदय रजोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा रजोगुणी और तमोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा तमोगुणी होती है। पूजा इसीके आधार पर होती है।

# क्या दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की दहलीज पर है?




सनत जैन




मध्य-पूर्व एक बार फिर वैश्विक राजनीति के सबसे विस्फोटक केंद्र के रूप में उभर आया है। ईरान में जिस तरह के प्रदर्शन सत्ता परिवर्तन के लिए हो रहे हैं इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सीधे हस्तक्षेप कर रहे हैं। उसके बाद ईरान सरकार द्वारा परमाणु बम को लेकर जो धमकी दी जा रही है, परोक्षझ्अपरोक्ष धमकियाँ, अमेरिका का ईरान में सत्ता परिवर्तन के संकेतों वाला हस्तक्षेपकारी रवैया और इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ तेज होता आंतरिक विरोध। यह सभी घटनाएँ अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को गंभीर अस्थिरता की ओर धकेलती दिख रही हैं। इसका असर सारी दुनिया के देशों में आर्थिक मंदी और सामरिक युद्ध के रूप में देखा जा रहा है। सवाल यह है, क्या मौजूदा हालात दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की ओर ले जा रहे हैं? क्या सारी दुनिया को आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ सकता है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय से पश्चिमी देशों की चिंता का विषय रहा है। अमेरिका और उसके सहयोगी क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं, जबकि ईरान परमाणु कार्यक्रम को अपनी संप्रभुता और आत्मरक्षा से जोड़ता है। यदि अमेरिका सीधे ईरान पर सैन्य हमला करता है तो यह सिर्फ दो देशों के बीच का टकराव नहीं रहेगा। इसके वैश्विक नतीजे देखने को मिलेंगे। ईरान को चीन और रूस खुलकर मदद कर रहे हैं। मध्य-पूर्व में पहले से ही अस्थिरता चरम पर है। एक चिंगारी पूरे क्षेत्र को युद्ध की आग में झोंक सकती है। ऐसी स्थिति में रूस और चीन की भूमिका निर्णायक मानी जा रही है। रूस, जो पहले से ही यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिम से टकराव में है, ईरान को वह रणनीतिक साझेदार मानता है। अमेरिका के एक तरफा सैन्य हस्तक्षेप का कड़ा विरोध रूस करेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। कूटनीतिक मंचों पर हो या अप्रत्यक्ष सैन्य सहयोग के रूप में चीन भी हर हालत में ईरान के साथ रहेगा। चीन ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार संतुलन को लेकर सजग रहता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से टैरिफ लगाकर सारी दुनिया के देशों को भयाक्रांत किए हुए हैं, उसके बाद चीन युद्ध को खुलकर समर्थन भले ना दे, अमेरिका-विरोधी ध्रुवीकरण में वह ईरान के पक्ष में ही मजबूती के साथ खड़ा होगा। इससे स्पष्ट रूप से दुनिया के देश बहुध्रुवीय संघर्ष की ओर बढ़ेंगे। इजराइल के भीतर नेतन्याहू सरकार के खिलाफ बढ़ता जनआक्रोश भी इस संकट को जटिल बनाता है। आंतरिक राजनीतिक दबाव कई बार सरकारों को बाहरी दुश्मन के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने के लिए प्रेरित करता है। ताकि घरेलू असंतोष से ध्यान हटाया जा सके। दुनिया कई देशों में महंगाई और बेरोजगारी को लेकर वहां की सरकारों के खिलाफ उग्र प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं, जिसके कारण वर्तमान स्थिति में यह प्रवृत्ति क्षेत्रीय शांति के लिए घातक हो सकती है। दूसरी ओर, अमेरिका के भीतर डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बढ़ते प्रदर्शन, यूरोपीय देशों विशेषकर कनाडा और ग्रीनलैंड से जुड़े विवाद, अमेरिकी नेतृत्व की वैश्विक विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। यूरोप अब पहले की तरह बिना सवाल किए वाशिंगटन की राह पर चलने को तैयार नहीं दिख रहा है। इन सभी घटनाओं का सम्मिलित प्रभाव यह संकेत देता है, दुनिया एक खतरनाक मोड़ पर आकर खड़ी हो गई है। जिस तरह की आर्थिक चुनौतियां तथा कर्ज की समस्या से सभी देशों को महंगाई और बेरोजगारी जैसे मामलों में अपने ही देश की जनता का विरोध झेलना पड़ रहा है। आर्थिक स्थिति दिनों दिन खराब हो रही है। वर्तमान तनाव को देखते हुए सीधे तीसरे विश्व युद्ध की शुरूआत कहना फिलहाल जल्दबाजी होगी। लेकिन इतना स्पष्ट है, यदि कूटनीति का स्थान सैन्य ताकत के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, तो परिणाम विश्व के लिए विनाशकारी होंगे। वर्तमान में आवश्यकता शक्ति-प्रदर्शन की नहीं, बल्कि संवाद, संयम और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की है। जिस तरह से वैश्विक व्यापार संधि का पालन अमेरिका सहित समर्थ देशों द्वारा नहीं किया जा रहा है। उसके कारण भी स्थिति दिन प्रति दिन यह आशंका बनने लगी है क्या एक बार फिर प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध का इतिहास दोहराया जा सकता है।

# औपनिवेशिक सोच से मुक्ति, विकाश की पटरी पर भारतीय रेल



विनोद कुमार सिंह

प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी का मिशन,केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का विजन –नए भारत की विकास यात्रा की स्वर्णिम गाथा...

भारतीय रेल केवल एक परिवहन व्यवस्था नहीं है।यह इस देश की जीवनरेखा है–एक ऐसा विशाल तंत्र,जिसमें भारत की आत्मा धड़कती है।लोहे की पटरियों पर दौड़ती ट्रेनें सिर्फ यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक नहीं पहुँचातीं,बल्कि वे भारत की सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक चेतना को भी निरंतर गतिमान रखती हैं।किसान का पसीना,मजदूर की थकान,विद्यार्थी के सपने,सैनिक का संकल्प और माँ की ममता–सब एक साथ भारतीय रेल में यात्रा करते हैं।करोड़ों यात्री प्रतिदिन भारतीय रेल पर केवल गंतव्य तक पहुँचने का भरोसा नहीं करते,बल्कि सम्मान, सुरक्षा और संवेदनशील व्यवहार की अपेक्षा भी रखते हैं। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि आजादी के पचहत्तर वर्ष बाद भी यदि भारतीय रेल के भीतर औपनिवेशिक सोच के अवशेष दिखाई देते हैं,तो यह केवल प्रशासनिक समस्या नहीं,बल्कि राष्ट्रीय चेतना के लिए भी गहन आत्ममंथन का विषय बन जाता है। यही पीड़ा व चिंता केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के उस स्पष्ट कथन में अभिव्यक्त होती है,जब वे कहते हैं कि 'भारतीय रेल को औपनिवेशिक मानसिकता से पूरी तरह मुक्त करना समय की माँग है।' यह वाक्य किसी औपचारिक भाषण का हिस्सा नहीं, बल्कि दशकों की जड़ता को तोड़ने का वैचारिक उद्घोष है। इसका प्रमाण हमें विगत दिनों नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित रेलवे कर्मी वार्षिक सम्मान समारोह में रेल मंत्री के उद्गारों में एक सच्चे रेल सेवक का भाव स्पष्ट झलकता था।उनका प्रश्न सीधा और मार्मिक था–जो रेल भारत की आत्मा है,वह अब भी उस सोच के बोझ तले क्यों दबी रहे,जो कभी शासक और शासित के बीच गहरी खाई बनाकर रखती थी?

ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीय रेल का निर्माण भारतीयों की सुविधा के लिए नहीं हुआ था।उसका मूल उद्देश्य था–औपनिवेशिक शासन को मजबूत करना,प्राकृतिक संसाधनों की लूट को आसान बनाना और सैनिक आवाजाही को नियंत्रित करना।उस दौर में रेलयात्री एक नागरिक नहीं,बल्कि एक 'प्रजा' था,जिससे सम्मान और मानवीय व्यवहार की अपेक्षा ही नहीं की जाती थी।दुर्भाग्य से,स्वतंत्रता के बाद भी दशकों तक वही मानसिकता व्यवस्था के भीतर किसी न किसी रूप में बनी रही।ट्रेन में बैठा

यात्री अकसर स्वयं को व्यवस्था के सामने असहाय महसूस करता रहा।काला कोट पहने टीटी की कठोर भाषा, कर्मचारी का स्वयं को 'हाकिम' समझना,यात्रियों को संदेह या अपराधी की दृष्टि से देखना–ये सब औपनिवेशिक मानसिकता के जीवंत उदाहरण रहे।रेल सेवा,सेवा से अधिक सत्ता प्रदर्शन का माध्यम बनती चली गई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि भारतीय रेल को विश्वस्तरीय बनना चाहिए–तकनीक में अग्रणी,सुरक्षा में भरोसेमंद और संवेदनशीलता में मानवीय।उनका सपना केवल तेज ट्रेनें चलाने का नहीं,बल्कि एक ऐसी रेल व्यवस्था गढ़ने का है,जो नए भारत की आत्मा को प्रतिबिंबित करे।रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव उसी सपने को नीतियों से निकालकर पटरियों पर उतारने का कार्य कर रहे हैं।उनके नेतृत्व में भारतीय रेल केवल स्टेशन और ट्रेनें नहीं बदल रही,बल्कि अपना स्वभाव और संस्कार भी बदल रही है।यह परिवर्तन ऊपर से थोपा हुआ नहीं, बल्कि भीतर से उपजा हुआ परिवर्तन है–जहाँ यात्री केंद्र में है, और कर्मचारी सेवा के माध्यम के रूप में स्वयं को देखता है।ऐसे में अश्विनी वैष्णव का मानना है कि भारतीय रेलवे का प्रत्येक कर्मचारी सत्ता का प्रतिनिधि नहीं,बल्कि सेवा का माध्यम है।हमारे यात्री कोई बोझ नहीं,बल्कि सम्मानित अतिथि है। जब यह भाव कर्मचारी के मन में उतरता है,तभी रेल यात्रा केवल एक सफर नहीं,बल्कि सुखद अनुभव बनती है।औपनिवेशिक सोच से मुक्ति का यही वास्तविक आरंभ है।

इंफ्रास्ट्रक्चर बदला जा सकता है, नई तकनीक लाई जा सकती है, लेकिन मन बदलना सबसे कठिन कार्य है।वे इस कटु सत्य को समझते हैं। इसलिए प्रशिक्षण, संवेदनशीलता, जवाबदेही और सम्मान की संस्कृति पर विशेष बल दिया जा रहा है। रेलकर्मी को यह एहसास कराया जा रहा है कि वह डर पैदा करने वाला अधिकारी नहीं,बल्कि यात्रा को आसान बनाने वाला साथी है। आज भारतीय रेल का चेहरा और चाल–दोनों बदले हुए दिखाई देते हैं।जहाँ पहले रेल विस्तार की गति सुस्त थी,वहीं अब हर वर्ष हजारों किलोमीटर नई रेल लाइनों का निर्माण हो रहा है।बजट और निवेश के आँकड़े बताते हैं कि रेल अब केवल एक विभाग नहीं,बल्कि राष्ट्र निर्माण का प्रमुख औजार बन चुकी है। यह बदलाव केवल धन का नहीं, बल्कि दृष्टि का है।पुनर्विकसित स्टेशन,समयबद्ध ट्रेनें,सवच्छ वातावरण,डिजिटल टिकटिंग, पारदर्शी प्रक्रियाएँ–ये सब उस नई सोच के प्रमाण हैं,जिसमें यात्री केंद्र में है,न कि व्यवस्था।ऐसे में वंदे भारत ट्रेन इस बदली हुई दृष्टि का सबसे सशक्त प्रतीक है।यह केवल गति या आधुनिक सुविधाओं का नाम नहीं,बल्कि आत्मनिर्भर भारत की जीवंत अभिव्यक्ति है।भारत में डिजाइन की गई,भारत में निर्मित और भारतीय यात्रियों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित–वंदे भारत औपनिवेशिक मानसिक गुलामी पर करारा प्रहार है,जिसने हमें दशकों तक विदेशी तकनीक पर निर्भर बनाए रखा।

वंदे भारत में बैठा यात्री स्वयं को सम्मानित महसूस करता है।यही बदलाव की असली पहचान है।वहीं अमृत भारत ट्रेन यह सिद्ध करती है कि यह परिवर्तन केवल प्रीमियम वर्ग तक सीमित नहीं,बल्कि आम आदमी तक पहुँचा है–जहाँ सुरक्षित,सुलभ और सम्मानजनक यात्रा प्राथमिकता है।

वही जब वंदे भारत की सुरीली सीटी सुनाई देती है,अमृत भारत ट्रेन आम यात्रियों को बेहतर अनुभव देती है, बुलेट ट्रेन भविष्य की रफ्तार का संकेत देती है और हाइड्रोजन ट्रेन हरित सुनहरे भविष्य की उम्मीद जगती है कि भारतीय रेल अब अतीत की परछाईं नहीं,बल्कि भविष्य की प्रतिविम्ब बन चुकी है।

अमृतकाल का नया भारत यह संदेश दे रहा है कि वह केवल तकनीक अपनाने में सक्षम नहीं,बल्कि भविष्य का नेतृत्व करने का आत्मविश्वास भी रखता है। भारतीय रेल केवल पटरियों पर नहीं दौड़ रही, बल्कि देश की आकांक्षाओं को गति दे रही है।

आज भारतीय रेल विकाश की पटरी सचमुच बदल चुकी है।अब केवल ट्रेनें नहीं बदली हैं–सोच बदल रही है।जब सोच बदलती है,तभी यात्रा सच अर्थों में नए भारत की ओर बढ़ती है।औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति केवल एक नारा नहीं,बल्कि एक सतत प्रक्रिया है,जिसे प्रधानमंत्री मोदी के मिशन, .केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के विजन ने स्पष्ट दिशा दी है।भारतीय रेल अब अतीत के अंधकार से मुक्त होकर,उज्जव भविष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ अग्रसर हो रही है,जहाँ सेवा,सम्मान और संवेदन शीलता के नए मानक गढ़ते हुए अमृत काल में स्वर्णिम भारत के इतिहास स्वर्णाक्षर में अंकित होने के लिए आतुर है।

(स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार)

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में 11 आतंकवादियों को बनाया निशाना

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 11 आतंकवादियों को मार गिराया है। एक अभियान में टीटीपी से जुड़े आतंकी मारे गए। इसके अलावा, कुर्रम जिले में पुलिस-सुरक्षाबलों ने संयुक्त रूप से एक अन्य अभियान में पांच आतंकवादी ढेर किए। वहीं, एक धार्मिक मदरसे के पास हुए भीषण धमाके में एक वरिष्ठ मौलवी की मौत हो गई।

### इंडोनेशिया ने मस्क के एआई चैटबॉट ग्रोक पर लगाया प्रतिबंध

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया ने शनिवार को एलन मस्क के एआई चैटबॉट ग्रोक पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। इंडोनेशिया इस एआई टूल को ब्लॉक करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। सरकार ने यह कदम ग्रोक द्वारा तैयार की गई आपत्तिजनक और अश्लील सामग्री के जोखिम के कारण उठाया है। संचार और डिजिटल मंत्री मेउत्या हाफिद ने कहा कि डीपफेक मानव अधिकारों और नागरिकों की सुरक्षा का गंभीर उल्लंघन है।

### आरएसपी से एकता टूटने के बाद कुलमान बने नेपाल पार्टी के अध्यक्ष

**काठमांडू, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के साथ प्रस्तावित एकता टूटने के बाद उज्यालो नेपाल पार्टी (यूएनपी) ने कुलमान घिसिंग को अपना अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के प्रवक्ता डॉ. राजू थापा ने बताया कि इस नियुक्ति की औपचारिक घोषणा की जाएगी। आरएसपी और कुलमान घिसिंग से जुड़ी उज्यालो नेपाल पार्टी के बीच एकता को लेकर हुई सहमति विफल हो गई। शनिवार तक दोनों पक्षों में हुई वार्ताएं नतीजे पर नहीं पहुंच सकीं। सूत्रों के अनुसार कुलमान पक्ष की ओर से आरएसपी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद देने और पार्टी का नाम बदलने का प्रस्ताव रखे जाने के बाद एकता प्रक्रिया रुकी। महानगरपालिका के मेयर बालेन शाह की मौजूदगी में हुई हालिया बैठकों में भी सहमति नहीं बन सकी। कुलमान कई बार आरएसपी से चर्चा में शामिल रहे।

### अहम खनिजों की जी-7 बैठक में भारत को दिया आमंत्रण, अमेरिकी वित्त मंत्री का बयान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और कई अन्य देश सोमवार को वाशिंगटन में उनके द्वारा आयोजित जी-7 समूह के वित्त मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में भारत को भी शामिल होने के लिए बुलाया गया है। हालांकि उन्हें यह पक्का नहीं पता है कि भारत ने निमंत्रण स्वीकार किया है या नहीं। बैठक में महत्वपूर्ण खनिजों पर चर्चा होगी। दिसंबर में वित्त मंत्रियों ने एक वर्चुअल बैठक की थी। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ कि किन अन्य देशों को आमंत्रित किया गया है। जी-7 समूह में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, फ्रांस, जर्मनी, इटली और कनाडा के साथ-साथ यूरोपीय संघ (ईयू) भी शामिल है, जिनमें से अधिकांश दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति के लिए चीन पर बहुत अधिक निर्भर हैं। पिछले साल जून में समूह ने अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने और अपनी अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने के लिए एक कार्य योजना पर सहमति व्यक्त की थी।

### वेनेजुएला में क्या अमेरिका ने इस्तेमाल किया था रहस्यमयी हथियार?

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के दौरान एक अत्याधुनिक हथियार के इस्तेमाल को लेकर नया दावा सामने आया है। बताया जा रहा है कि मुट्ठीभर अमेरिकी सैनिकों ने इस हथियार के दम पर वेनेजुएला के सैनिकों को घुटनों पर ला दिया। इस हथियार को लेकर खुलासा वेनेजुएला का एक सैनिक ने किया है, जो अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सुरक्षा में तैनात था। न्यूयॉर्क पोस्ट के एक रिपोर्ट में वेनेजुएला के एक सैनिक के दावे से मादुरो की गिरफ्तारी के अभियान के दौरान हुए भीषण हमले के बारे में बड़ा खुलासा किया गया है। वेनेजुएला के सैनिक ने दावा किया कि अमेरिकी सैनिकों ने ऐसे हथियार का इस्तेमाल किया था, जिसकी वजह से वेनेजुएला के गार्ड्स को चक्कर आने लगे, खून की उल्टियां होने लगीं। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने इस रिपोर्ट को एक्स पर साझा किया है। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने इस हथियार के इस्तेमाल को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक सैनिक ने दावा किया कि हमले से ठीक कुछ मिनट पहले वेनेजुएला की सेना के सिस्टम पूरी तरह से फेल हो गए थे। गार्ड ने बताया, 'बिना किसी साफ वजह के हमारे सभी रडार सिस्टम बंद हो गए। कुछ ही देर बाद ऊपर ड्रोन दिखाई दिए, जिसके बाद कुछ हेलीकॉप्टर आए जिनमें लगभग 20 अमेरिकी सैनिक थे।' यह भी बताया गया कि अमेरिकी सैनिक तकनीकी रूप से बहुत उन्नत थे और उन्होंने बेहद सटीक ढंग से हमला किया।

### ट्रंप बोले- ईरान को आजादी दिलाने के लिए तैयार,

# खामेनेई ने किसे दी सजा-ए-मौत की चेतावनी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अमेरिका, ईरान को मौजूदा सरकार से आज़ादी दिलाने में मदद करने के लिए तैयार है। यह सरकार ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व में चल रही है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरान शायद पहले से कहीं ज्यादा आजादी के करीब है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका हर संभव मदद देने को तैयार है।

### क्या ईरान पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई होगी?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर शुरुआती योजनाओं पर काम कर रहा है। न्यूयॉर्क पोस्ट ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के हवाले से बताया कि अमेरिकी अधिकारी इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि ईरान के खिलाफ ट्रंप की हालिया चेतावनियों के बाद क्या कदम उठाया जाए। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एक विकल्प के तौर पर ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले की संभावना पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। न तो अमेरिकी सेना की तैनाती की गई है और न ही कोई सैन्य उपकरण भेजा गया है।

### वॉशिंगटन से कड़ी चेतावनी

ट्रंप ने ईरान को प्रदर्शनकारियों पर हिंसा न करने की सख्त चेतावनी दी है। शुक्रवार को उन्होंने कहा था कि अगर ईरानी सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं, तो अमेरिका जवाब देगा। वॉशिंगटन में ईरान के हालात को लेकर चिंता लगातार बढ़ रही है।



### खामेनेई का पलटवार

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने ट्रंप पर ईरानियों के खून से हाथ रंगे होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को अपने देश की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। खामेनेई ने यह भी दावा किया कि ईरान में हो रहे प्रदर्शन अमेरिका को खुश करने के लिए किए जा रहे हैं। ईरानी प्रशासन ने देशभर में प्रदर्शनों के खिलाफ सख्ती और बढ़ा दी है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शनकारियों की मदद करने वालों को 'अल्लाह का दुश्मन' माना जाएगा, जो ईरान में मृत्युदंड तक ले जा सकता है।ईरानी सरकारी टीवी पर जारी बयान में यह भी कहा गया कि जो लोग 'दंगाइयों की मदद' करेंगे, उनके खिलाफ भी यही कार्रवाई की जाएगी। बयान में अभियोजकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना देरी के आरोप पत्र दाखिल करें। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त मुकदमे चलाएं जो देश के साथ गद्दारी कर रहे हैं और अस्थिरता फैलाकर विदेशी ताकतों को मौका दे रहे हैं।इसमें साफ कहा गया है कि इन मामलों में किसी तरह की नरमी, दया या ढील नहीं बरती जाए।

### ईरान पर पहले भी कर चुका है हमला अमेरिका

अमेरिका इससे पहले भी ईरान के भीतर सैन्य कार्रवाई कर चुका है। जून में अमेरिकी सेना ने ईरान के तीन ठिकानों पर कम से कम छह बंकर-बस्टर बम गिराए थे। इनमें फोर्डो परमाणु संवर्धन केंद्र भी शामिल था, जो पहाड़ के नीचे करीब 300 फीट गहराई में स्थित है। ये हमले ईरान द्वारा इस्राइल के खिलाफ परमाणु क्षमता इस्तेमाल की धमकी देने के बाद किए गए थे और इन्हें इस्राइल की सैन्य कार्रवाई के साथ समन्वय में अंजाम दिया गया था।



## लश्कर का नंबर 2 आतंकी स्कूल में भाषण दे रहा, भारत के खिलाफ जहर उगला

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** लश्कर-ए-तैयबा के उप प्रमुख और पहलगाम आतंकी हमले के मास्टरमाइंड सैफुल्लाह कसूरी का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह पाकिस्तानी सेना के साथ अपने संगठन के गहरे संबंधों को खुलासा कर रहा है। कसूरी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना उसे अपने सैनिकों की अंतिम यात्रा में जनाजे की नमाज पढ़ाने के लिए आमंत्रित करती है। यह वीडियो किस समय का है, तारीख अभी मालूम नहीं चली। इसमें वह स्कूल के बच्चों को भाषण देता नजर आ रहा है। हालांकि, खुफिया स्त्रोतों ने इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि कर दी है।

सैफुल्लाह कसूरी ने दावा किया, 'पाकिस्तान की सेना मुझे जनाजे की नमाज पढ़ाने के लिए बुलाती है। क्या तुम्हें पता है कि भारत भी मुझसे डरता है?' यह खुलासा पाकिस्तान की ओर से राज्य प्रायोजित आतंकवाद के भारत के लंबे समय से चले आ रहे आरोपों को मजबूती देता है। यह घटना किसी सभ्य समाज में अकल्पनीय है कि एक आतंकी संगठन का दूसरा सबसे बड़ा नेता बच्चों के स्कूल में जाकर युवा दिमागों को प्रभावित करे। पहलगाम हमले में 26 पर्यटकों की हत्या के लिए जिम्मेदार लश्कर ने पाकिस्तानी सेना के साथ मिलकर काम किया, जैसा कि 1999 के कारगिल युद्ध में भी देखा गया था।

**आतंक का निर्यात करने में जुटा पाकिस्तान :** ऑपरेशन सिंदूर के छह महीने बाद पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद ने जम्मू-कश्मीर में नए हमलों की तैयारी की थी, जिसे नई दिल्ली ने गंभीर चेतावनी करार दिया। एनडीटीवी की रिपोर्ट में यह बताया गया है। ऑपरेशन सिंदूर अप्रैल 2025 के पहलगाम हमले के जवाब में शुरू हुआ था, जो आतंकी ढांचे को नष्ट करने का भारतीय अभियान था। अगर इसी तरह पाकिस्तान की ओर से आतंक का निर्यात जारी रहा तो इसकी नई फेज शुरू हो सकती है। यह भारत ही नहीं, दुनिया भर के लिए चिंता की बात है। ताजा वीडियो से पाकिस्तान की थू-थू हो रही है, लेकिन वैश्विक स्तर पर उसके खिलाफ सख्त ऐक्शन लेना होगा।

## ट्रंप को झटका : कोर्ट ने वाशिंगटन व ओरेगन में मतदान संबंधी आदेश रोका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में चुनावी प्रक्रिया को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक बड़ा कानूनी झटका लगा है। एक संघीय अदालत ने वाशिंगटन और ओरेगन में डाक द्वारा मतदान से जुड़े ट्रंप प्रशासन के कार्यकारी आदेश के अधिकांश प्रावधानों पर रोक लगा दी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब ट्रंप प्रशासन मतदान नियमों को सख्त करने की कोशिशों में जुटा हुआ था।

सिएटल स्थित अमेरिकी जिला न्यायाधीश जॉन एच. चुन ने साफ कहा कि राष्ट्रपति को चुनावों को नियंत्रित करने का अधिकार नहीं है। ट्रंप प्रशासन नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करना चाहता था। सभी मतपत्रों को चुनाव दिवस तक प्राप्त करने की शर्त रखी गई थी। अदालत ने माना कि ये प्रावधान राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं।

**न्यायाधीश ने ट्रंप पर क्या टिप्पणी की? :** जज ने अपने आदेश में कहा कि चुनावों को विनियमित करने का अधिकार केवल राज्यों और कांग्रेस के पास है।

संविधान शक्तियों के पृथक्करण की बात करता है। कोई भी राष्ट्रपति एकतरफा चुनाव नियम तय नहीं कर सकता।अदालत ने कहा कि ऐसे आदेश लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ हैं।

**राज्यों ने अदालत में क्या दलील दी? :** वाशिंगटन और ओरेगन ने अलग-अलग मुकदमा दायर किया। दोनों राज्य केवल डाक द्वारा मतदान प्रणाली अपनाते हैं। उनका कहना था कि कार्यकारी आदेश से उन्हें सीधा और विशेष नुकसान होता। इससे पहले 19 राज्यों ने मैसाचुसेट्स में इसी तरह का केस दायर किया था, जिसमें भी ट्रंप को झटका लगा था।

**अनुदान रोकने पर भी अदालत की सख्ती :** एक अन्य मामले में संघीय जज अरुण सुब्रमण्यन ने ट्रंप प्रशासन को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि बच्चों की देखभाल और जरूरतमंद परिवारों से जुड़े कार्यक्रमों की फंडिंग नहीं रोकी जा सकती। कैलिफोर्निया, कोलोराडो, इलिनोइस, मिनेसोटा और न्यूयॉर्क ने शिकायत दर्ज कराई थी।

## ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में हिंसा जारी, अब तक 116 लोगों की मौत, हजारों गिरफ्तार

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में धार्मिक शासन के खिलाफ चल रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शन अब अपने दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुके हैं। इस बीच, प्रदर्शनों से जुड़ी हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 116 हो गई है। यह जानकारी मानवाधिकार संगठनों ने दी है।

अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, अब तक 2,600 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एजेंसी का दावा है कि उसने पहले भी ईरान में हुए आंदोलनों के दौरान सटीक आंकड़े उपलब्ध कराए हैं।

**खामेनेई का सख्त रुख :** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने हाल के दिनों में सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सरकार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई कर सकती है।

इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर अत्याचार हुआ, तो अमेरिका हस्तक्षेप कर सकता है। शनिवार को ईरान सरकार ने अपने तेवर और तीखे कर दिए। देश के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदर्शनों में शामिल लोगों को ईश्वर का दुश्मन माना जाएगा। ईरान के कानून में यह आरोप मृत्युदंड तक ले जा सकता है।



**ईरान क्यों हो रहा प्रदर्शन? :** इन प्रदर्शनों की शुरुआत 28 दिसंबर को रियाल के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने के बाद तेहरान के बाजारों से हुई। रियाल की कीमत एक डॉलर के मुकाबले 14 लाख तक पहुंच गई। व्यापारियों ने आसमान छूती महंगाई के खिलाफ दुकानें बंद कर प्रदर्शन शुरू किया। हालात तब और बिगड़े जब खाने के तेल, चिकन जैसी जरूरी चीजों की कीमतें रातोंरात बढ़ गईं और कई सामान बाजार से गायब हो गए। महंगाई, बेरोजगारी और प्रतिबंधों से त्रस्त लोग सड़कों पर उतरे। सरकार द्वारा सस्ती डॉलर व्यवस्था खत्म करने के फैसले ने आग में घी डालने का काम किया। धीरे-धीरे नारों का रुख आर्थिक मांगों से हटकर राजनीतिक बदलाव की ओर हो गया। अब तक ये प्रदर्शन सभी 31 प्रांतों में फैल चुका हैं।

## आईसीई के विरोध में सड़कों पर उतरा कैलिफोर्निया, कई शहरों में विरोध प्रदर्शन

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में कई शहरों में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) के खिलाफ बड़े स्तर पर प्रदर्शन हुए। राजधानी सैक्रामेंटो से लेकर सोनोरा शहर तक और सैन फ्रांसिस्को से लॉस एंजिल्स तक लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार इन प्रदर्शनों को 'आईसीई आउट फॉर गुड' नाम दिया गया था।

इनका आयोजन कई संगठनों ने मिलकर किया था, जिनमें अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन और 50501 मूवमेंट शामिल थे। सिन्हुआ के अनुसार इन्होंने पिछले साल लगभग हर महीने अमेरिका के सभी 50 राज्यों में बड़े प्रदर्शन कराए थे। लॉस एंजिल्स के पास स्थित पासाडेना शहर में सिटी हॉल के पास करीब 500 लोग इकट्ठा हुए।



लोग कार के हॉर्न और तालियों के साथ विरोध जता रहे थे। प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे- 'नो आईसीई, नो केकेके, नो फासीवादी अमेरिका।'

50501 मूवमेंट की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि साल 2025 में अब तक आईसीई की हिरासत में कम से कम 32 लोगों की मौत हो चुकी है।

शनिवार को हुए ये प्रदर्शन दो हालिया घटनाओं के बाद हुए। पहली घटना मिनियापोलिस की है, जहां एक संघीय अधिकारी ने 37 साल की तीन बच्चों की मां रेनी गुड को गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना ओरेगन के पोर्टलैंड शहर की है, जहां एक अधिकारी ने गोली चलाकर दो लोगों को घायल कर दिया।

प्रदर्शन में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता डायस एलन ने सिन्हुआ से कहा कि हम यहां यह बताने के लिए हैं कि इस देश को खुद को बदलने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस विरोध में शामिल हों। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन एक निर्दोष महिला की मौत पर शोक जताने के लिए भी है, जिसने एक मकसद के लिए अपनी जान गंवाई।

ऑस्ट्रेलिया से आई एक प्रवासी महिला प्रदर्शनकारी जेनी ने बताया कि उन्होंने मिनियापोलिस की घटना से जुड़े कई वीडियो देखे हैं। उन्होंने कहा कि आईसीई आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुका है और यह सभी प्रवासियों के लिए डर की वजह है।

जेनी का कहना था, 'आईसीई को सड़कों से हटाया जाना चाहिए। यह एजेंसी अमेरिका के संविधान के अनुसार काम नहीं कर रही है और 14वें संशोधन समेत कई संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन कर रही है। देश में रहने वाले हर व्यक्ति के संवैधानिक अधिकारों की गारंटी होनी चाहिए।'

## नरेला में बुजुर्ग महिला की ईंट मारकर हत्या, आरोपी गार्ड गिरफ्तार; पुलिस के सामने जुर्म कबूला

दिल्ली। नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में शुक्रवार रात एक निर्माणाधीन इमारत में 60 साल की बुजुर्ग महिला की ईंट मारकर हत्या कर दी गई। मृत महिला की शिनाख्त हलिया खातून के रूप में हुई है। जांच में पता चला कि घटना के बाद से इमारत में गार्ड का काम करने वाला आरोपी 32 साल का सुरेश भागा हुआ है। शक के आधार पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की और कुछ ही घंटों में आरोपी को इलाके से गिरफ्तार कर लिया। शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने बताया कि महिला उसकी जानकार थी। रात में वह शराब के नशे में बातचीत के दौरान विवाद होने पर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।


**NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**
**Corp. Off.: ROF Group, Building No. 80, First Floor, Sector-44, Gurgaon-122003, Ph. 0124-4399399**

Notice is hereby given to the Public at large that the following booking of commercial shops in the Affordable Housing Project "ROF Galleria" being developed by M/s NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT.LTD situated at Sector 102, Gurugram, Haryana vide license no. 11 of 2014 dated 10.06.2014 are falling under list of defaulters due to non-payment of installments of their Units till its due date or any other reason, the information/reminders of which has been given them according to terms of the Haryana Affordable Housing Policy 2013, dated 19/8/2013 (as amended).

| Application No. | Carpet Area (Sq. Ft.) | Shop No. |
|---|---|---|
| 1054,1055 | 175.2 | G-012, G-014 |
| 1344,1343,1382, 1039,1779 | 177.6 | G-054, G-056, G-058, G-062, G-064 |
| 1037 | 287.2 | G-070 |
| 1301 | 154.4 | G-081 |
| 107 | 164 | G-084 |
| 1756 | 115.2 | G-100 |
| 1001 | 161.6 | G-101 |
| 1773 | 180 | G-102 |
| 1301A | 152.8 | G-103 |

Therefore, all the person/allottee (s) are hereby informed to clear their outstanding payments and/or submit there claims/objections in writing, if any, to the undersigned company/developer along with the relevant documents to support their claims/objections within 120 days from the date of publication hereof failing which there allotment shall be cancelled.

In the absence of remittance of all the outstanding payments or claim within the stipulated period above, it shall be presumed and/or deemed that the allottee (s) or concern has no such claims/objections by virtue of this notice and, if any, the same have been waived or abandoned without any reference to such claims/objections made thereafter and necessary action will be taken as per rules for the process of re-allotment.

For **NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**
Place: Gurugram (Haryana) Director


# आईएस के ठिकानों पर अमेरिका ने फिर बरसाए बम, कहा- हमारे सैनिकों पर हमला किया तो ढूंढ-ढूंढकर मारेंगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने शनिवार को एक बार फिर से सीरिया में हवाई हमला किया। अमेरिका के निशाने पर आतंकी संगठन आईएस के ठिकाने रहे। पिछले महीने एक हमले में अमेरिका के दो सैनिक और एक एक सीरियाई नागरिक की मौत हो गई थी। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में अमेरिका ने आईएस के ठिकानों पर भारी बमबारी की थी।

**अमेरिका सेना की धमकी- दुनिया में कहीं भी बच नहीं पाएंगे :** अब शनिवार को एक बार फिर अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों की सेनाओं के साथ मिलकर सीरिया में हवाई हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि अमेरिका ने सहयोगी बलों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर हमले किए, जो लगभग देर रात 12.30 बजे किए गए। इन हमलों में सीरिया भर में इस्लामिक स्टेट के कई ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'हमारा संदेश साफ है, अगर आप हमारे सैनिकों को नुकसान पहुंचाते हैं, तो हम आपको दुनिया में कहीं से भी ढूंढ निकालेंगे और मार देंगे, चाहे आप न्याय से बचने की कितनी भी कोशिश कर लें।'



**बीते हफ्ते भी ब्रिटेन-फ्रांस ने संयुक्त कार्रवाई कर आईएस के ठिकानों को बनाया था निशाना :** गौरतलब है कि इससे पहले बीते महीने 19 दिसंबर को अमेरिका ने सीरिया पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए थे, जिसमें आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया था। उसके बाद बीते हफ्ते ही ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं ने भी सीरिया में हवाई हमले किए। इन हवाई हमलों का निशाना भी आईएस था। ये हमले सीरिया को होम्स प्रांत के ऐतिहासिक पल्मायरा इलाके में हुई थी।

सीरिया पिछले साल के अंत में आईएस विरोधी गठबंधन में शामिल हुआ था। साल 2019 में सीरिया में हार के बावजूद, आईएस की अभी भी सीरिया में मौजूदगी है और इसके स्लीपर सेल अभी भी सीरिया और इराक में घातक हमले करते हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों का कहना है कि अभी भी सीरिया और इराक में आईएस के करीब 5,000 से 7,000 सदस्य सक्रिय हैं।

### पाकिस्तान में हिंदू किसान का हत्यारा गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में कथित तौर पर एक 23 साल के हिंदू किसान की उसके जमींदार ने अपनी जमीन पर झोपड़ी बनाने के आरोप में गोली मारकर हत्या कर दी, जिससे हिंदू समुदाय में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। एसएसपी बदिन कमर रजा जस्कानी ने बताया कि पुलिस ने शनिवार रात हैदराबाद से जमींदार सरफराज निजामानी और उसके साथी जफरुल्लाह खान को गिरफ्तार कर लिया। 4 जनवरी को बदिन जिले के तलहार गांव में निजामानी की जमीन पर कथित तौर पर झोपड़ी बनाने के आरोप में कैलाश कोहली को गोली मारी गई थी।

# अगर लत न बने

**हमारे** यहां चाय को स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक तथा नशे का साधन माना जाता हैं और इससे बचने की सलाह दी जाती हैं। सबसे पहले तो चाय के विषय में हमने जो गलत धारणा बना रखी है उसको दूर करना जरूरी है। चाय मात्र एक हानिकारक पेय नहीं अपितु यह एक उपयोगी पेय भी है। चाय एक पौधे विशेष की पत्तियां ही तो हैं जिन्हें सुखाकर एक विशेष रंग और स्वाद दिया गया है। किसी भी पौधे की पत्तियों का अर्क या क्वाथ सदैव हानिकारक कैसे हो सकता है? लेकिन फिर भी कई बार चाय पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना जाता और इसका प्रमुख कारण है चाय की तैयार सूखी पत्ती या पेय बनाने की विधि में त्रुटि या कमी।

चाय पारंपरिक भारतीय पेय नहीं है फिर भी इस समय भारत में ये एक अत्यंत लोकप्रिय पेय है। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी न केवल चाय की चुस्कियां लेना पसंद करते हैं। चाय से मुताल्लिक एक शेर याद आ रहा है:

एक दोशीज के लबों की तरह, इसमें गरमी भी है मिठास भी है।

हमारे यहां प्राय: सभी लोग चाय बनाना जानते हैं। चाय बनाने के अनेक तरीके हैं और कई प्रकार से इसे तैयार किया जाता है। हमारे देश में विशेष रूप से उत्तरी भारत में चाय प्राय: दूध डाल कर तैयार की जाती है। यूरोपीय देशों, रूस और अमेरिका के लोग प्राय: बिना दूध की चाय पसंद करते हैं। तिब्बत की नमकीन चाय का तो स्वाद ही नहीं बनाने की विधि भी रोचक है।

**चाय की प्रमुख वैरायटी:**

रंग के अनुसार चाय की प्रमुख रूप से तीन वैरायटी तैयार की जाती हैं:- हरी चाय- काली चाय- ऊलांग चाय

उपरोक्त में से हरी चाय या ग्रीन टी लीव्ज में किसी प्रकार के रंग या स्वाद का मिश्रण नहीं किया जाता। इसमें ताजा पत्तियों को मात्र सुखाकर पैक कर दिया जाता है और किसी भी प्रकार की कृत्रिम गंध से इसे मुक्त रखा जाता है। प्राकृतिक पत्तियां होने के कारण ही इसे हरी चाय कहते हैं।

हरी चाय से पेय तैयार करने के लिए इसमें दूध नहीं मिलाया जाता। पानी उबाल कर उसमें पत्तियां डाल कर ढंक कर रख देते हैं। पत्तियां डालने के बाद उसे उबाला नहीं जाता। थोड़ी देर में पत्तियों का प्राकृतिक व स्वाभाविक रंग और स्वाद पानी में आ जाता है। इसको छानकर इसमें स्वाद या आवश्यकतानुसार शहद या चीनी मिलाकर इसका सेवन किया जाता है। इस प्रकार से निर्मित चाय न केवल चुस्ती-स्फूर्ति और ऊर्जा प्रदान करती है अपितु औषधीय गुणों से भी भरपूर होती है। वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि इस प्रकार की चाय में केंसररोधी गुण पर्याप्त मात्रा में मिलते हैं। दूसरे इस प्रकार से तैयार बिना उबाली गई चाय में कैफीन जैसे अपेक्षाकृत मादक तत्व भी पेय में नहीं आ पाते।

दूसरे और तीसरे प्रकार की चाय की पत्ती को तैयार करने के लिए चाय की पत्तियों के अतिरिक्त बाहर से कई और चीजें मिलाकर उसके रंग और स्वाद को बदला जाता है। यदि ब्लैंडिंग की इस प्रक्रिया में कोई मादक पदार्थ प्रयोग में लाया जाता है तो वह अवश्य ही अपना प्रभाव डालेगा। इस प्रकार आज बाजार में अनेक तरह की चाय की पत्तियां



उपलब्ध हैं। काली या ऊलांग चाय की पत्ती से भी चाय तैयार करने की भी सही विधि यही है कि चाय की पत्तियों को उबलते पानी में भिगोकर थोड़ी देर बाद उसे छान लिया जाए और उसमें गरम दूध और चीनी मिलाकर उसका इस्तेमाल किया जाए। इससे भी हानिकारक तत्व पेय में नहीं आ पाएंगे। कुछ लोग विशुद्ध हरी चाय की पत्ती से तैयार पेय पसंद नहीं करते तो कुछ काली या ऊलांग चाय की पत्ती से तैयार पेय पसंद नहीं करते। इसका सबसे अच्छा उपाय है दोनों प्रकार की पत्तियों को अपनी पसंद के अनुसार मिलाकर प्रयोग किया जाए। कुछ लोग चाय को बहुत पसंद करते हैं लेकिन कुछ लोग इसे न केवल घातक पेय मानते हैं अपितु चाय को भारतीय संस्कृति के खिलाफ भी मानते हैं। क्या चाय वास्तव में भारतीय संस्कृति के प्रतिकूल और घातक है? हमारे यहां वैदिक काल से ही विभिन्न रोगों के उपचार के लिए क्वाथ या काढ़ा बनाकर पीने का वर्णन मिलता है। आयुर्वेद में विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों अथवा वनस्पतिजन्य पदार्थों से क्वाथ बनाने का वर्णन मिलता है। यूनानी चिकित्सा पद्धति में जोशांदा भी विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों को उबालकर ही बनाया जाता है।

काली मिर्च, लौंग, बड़ी और छोटी इलायची, सौंठ या अदरक, पीपल, मुलेहटी, उन्नाब, बनफ्रशा आदि विभिन्न जड़ी-बूटियों और मसालों को उबालकर काढ़ा बनाने का प्रचलन आज भी हमारे यहां खूब प्रचलित है। सर्दी-जुकाम के उपचार के लिए तो इससे उपयोगी औषधि हो ही नहीं सकती। इसी प्रकार चाय में भी अनेक औषधीय गुण विद्यमान हैं जो शरीर को चुस्ती-स्फूर्ति देने के साथ-साथ अनेक प्रकार के रोगों को रोकने अथवा उनका उपचार करने में सक्षम हैं।

चाय को सदैव एक ही तरीके से बनाकर पीने की बजाए अलग-अलग तरीकों से बनाकर पीना अच्छा है। कभी दूध की चाय लें तो कभी बिना दूध की। कभी चाय पत्ती उबाल कर तो कभी बिना पत्ती उबाले बिना दूध के नींबू की चाय आजमाएं। दिन में एक या दो बार बिना दूध की बिना उबली सादी या नींबू की चाय अवश्य लें क्योंकि ये एक पेय ही नहीं उत्तम औषधि भी है। चाय को स्वदेशी रूप प्रदान करने के लिए कभी उसमें तुलसी की पत्तियां डाल लें तो कभी इलायची कभी दालचीनी तो कभी सौंफ। गला खराब है तो गरम पानी में नमक डालकर गरारे करें और साथ ही चाय में भी थोड़ा नमक डालकर पीएं।

# पहला सुख, निरोगी काया

**हमारे** कर्म का आधार है शरीर। हमारे सुख-दु:ख भी इससे जुड़े हैं। हमारे अनुभव भी इसके माध्यम से होते हैं। जीवन को निवृत्ति और प्रवृत्ति के पथ पर अग्रसर करने का, तप, साधना का मार्ग भी यही है। इसीलिए निरोगी काया को पहला सुख मानते हैं। साथ ही शरीर स्वयं अपने-आप कुछ करने योग्य भी नहीं है। बिना बुद्धि के, योग के यह कार्यरत नहीं होता। शरीर के कण-कण में मन व्याप्त है, अत: जब भी शरीर की बात आती है, उसके साथ हमारे अध्यात्म की बात चलती है, जिसमें हमारी आत्मा भी जुड़ी है। इस अध्यात्म को समझने का मार्ग भी शरीर ही है। हमारी पहली आवश्यकता शरीर को समझने एवं इसे नियंत्रण में रखने की हो जाती है।

हमारे आहार, विहार, निद्रा आदि का क्रम इसे स्वस्थ रखता है। समय-समय पर विवेचन भी करना पड़ता है। व्यायाम और आसन का क्रम भी इसे क्रियाशील एवं स्वस्थ रखता है। यह सभी क्रम नियम समय पर किए जाते हैं। इनमें से बैठना अर्थात् आसन हमारी पूरी दिनचर्या का अंग है। इसे केवल शारीरिक गतिविधि मानकर ही हम तरह-तरह से आड़े-टेढ़े-तिरछे बैठते रहते हैं। इस पर विवेकपूर्वक ध्यान देना हमारी पहली आवश्यकता है। हमारे शरीर का आधार हमारी रीढ़ है। सभी स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों अथवा रोग या प्राण ऊर्जाएं रीढ़ से ही संचालित होती है। यहां तक कि हमारा श्वास भी रीढ़ अथवा पृष्ठरज्जू से ही बहता है। नाक के दोनों नथुने जीवनशक्ति को मूलाधार से ऊपर की ओर विकसित करना इसकी सकारात्मक दिशा है। यह शक्ति भावनात्मा धरातल सै जुड़ते ही अपना स्वरूप बदल देती है। मूलाधार के ऊपर स्वाधिष्ठान इसका स्थान है। क्रोध को दबाना इसकी ऊर्जा की गति अधोगामी कर देता है। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव शरीर के निचले अंगों पर दिखाई देने लगता है। अत्यन्त क्रोध की अवस्था में सारा शरीर कम्पित होने लगता है। जोड़ों का दर्द इसकी प्रथम सूचना देता है, जो आगे चलकर गठिया में परिवर्तित हो जाता है।

# बीमारी की दस्तक

**मुंह** को शरीर का आईना माना जाता है और इसमें दांत की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। विशेषज्ञों की राय में सुंदर चेहरे के लिए सुंदर और स्वस्थ दांत का होना आवश्यक है लेकिन दांत की सुंदरता के साथ इसका स्वस्थ होना अनिवार्य है। हाल के वर्षों में किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि दांत और मसूढ़ों की बीमारी कई अन्य गंभीर बीमारियों की जनक है, जैसे हृदय रोग, मधुमेह आदि। कई पश्चिमी देशों में नौ फरवरी को 'डेंटल डे' मनाया जाता है। इस दिन दांत दर्द एवं इसके अन्य रोगों से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाता है तथा शरीर की सुंदरता में इसके महत्व को रेखांकित किया जाता है। हालांकि इस दिवस की पृष्ठभूमि तथा इसे मनाने के सही सही कारणों की जानकारी तो उपलब्ध नहीं है, लेकिन अन्य दिवसों की तरह यह भी कुछ पश्चिमी देशों में प्रचलित है।



- मुंह में मुख्यता दो प्रकार की बीमारी होती है। पहली, दांतों में कीड़ा लगना तथा दूसरी, मसूढ़ों की बीमारी जिसे सामान्य बोलचाल में पायरिया कहा जाता है।
- सही जानकारी और उचित देखभाल की कमी के कारण दांतों में बचपन से ही कीड़े लगने शुरू हो जाते हैं तथा समय के साथ यह बढ़ता चला जाता है, जो दांत दर्द का सबब बनता है।
- मसूढ़ों की बीमारी तथा संक्रमण की वजह से शरीर के अन्य अंगों पर संक्रमण का खतरा बन जाता है, जिसमें दिल, धमनियों की समस्या, मधुमेह का अनियंत्रित होना आदि शामिल है।
- दांतों को बीमारी से बचाने तथा उसकी उचित देखभाल के लिए छह महीने या साल में कम से कम एक बार दंत चिकित्सक के पास अनिवार्य तौर पर जाना चाहिए।
- भारत के कई शहरों में हाल में हुए सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लोगों में दांत से जुड़ी जरूरी जानकारी का अभाव है तथा खान-पान से इस पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में अधिकांश लोगों में अज्ञानता है।
- खाना खाने के बाद जीभ तथा दांत की अच्छी तरह सफाई, इसके लिए मुलायम ब्रश का इस्तेमाल करना चाहिए।
- ब्रश से दांतों की सफाई तो हो जाती है लेकिन इससे दो दांतों बीच का हिस्सा साफ नहीं हो पाता है जिस कारण वहां पर धीरे-धीरे कीड़े लगने शुरू हो जाते है, जो बाद में समस्या बनकर उभरती है। इसे साफ करने के लिए फ्लशिंग का इस्तेमाल करना चाहिए।
- यह एक प्रकार का धागा होता है, जो दांतों के बीच का हिस्सा साफ करता है लेकिन लोग समान्यता इसका उपयोग नहीं करते हैं, जो कीड़ा लगने का बहुत बड़ा कारण होता है।
- अधिक मीठा खाने से परहेज करना चाहिए। ऐसी चीजों को खाने से बचना चाहिए जो दांतों तथा मसूढ़ों से चिपक जाती हैं, जैसे बिस्कुट, चाकलेट, आइसक्रीम आदि।
- दांतों को मजबूत तथा निरोग रखने के लिए फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन अधिक से अधिक करना चाहिए।

# गलत डायटिंग यानी बीमारियों को खुला निमंत्रण

**बॉलीवुड** के सितारों की अंधाधुंध नकल करके छरहरी काया के इच्छुक युवक युवतियों को डॉक्टरों की सलाह है कि बिना किसी विशेषज्ञ की राय के डायटिंग न करें अन्यथा वे क्षय रोग तथा मानसिक बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। गौरतलब है कि हमारे शरीर में क्षय रोग के जीवाणु माइक्रोबैक्टीरियम ट्यूबरकोलाई निष्क्रिय अवस्था में रहते हैं और जब कोई व्यक्ति बिना किसी कारण एकदम से खाना कम कर देता है अथवा किसी अन्य कारण से उसे पौष्टिक भोजन नहीं मिल पाता तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है। ऐसी स्थिति में शरीर में मौजूद क्षय रोग के जीवाणुओं के सक्रिय होने की आशंका बढ़ जाती है। यह एक तरह से जगजाहिर ही है कि हमारे देश में लोगों की कहीं भी थूक देने की आदत है। लोग मुंह को बिना ढंके खांसते भी रहते हैं। जो व्यक्ति डायटिंग कर रहा होता है उसके शरीर का प्रतिरोधी तंत्र कमजोर हो जाता है। इसका असर यह होता है कि थूक या खांसी के जीवाणु उसके शरीर को आसानी से प्रभावित कर देते हैं।

आज का युवा चाहता है कि उसका शरीर ग्रीक देवता अथवा बार्बी गुडिया जैसा हो जाये। आज के शहरी युवक और युवतियां अपने शीर को कष्ट पहुंचाने से भी नहीं हिचकते और जितनी शरीर की आवयकता होती है उससे कम मात्रा में भोजन करते हैं। ऐसे युवा कार्बोहाइड्रेट एवं वसा युक्त पदार्थो को तो बिल्कुल भी नहीं लेते जो शरीर के लिए बेहद जरूरी हैं। युवतियों में खाना नहीं खाने की प्रवृत्ति एनोरेक्सिया बीमारी उच्च सामाजिक आर्थिक स्तर पर अधिक पाई जाती है क्योंकि वे अपनी फिगर तथा भोजन को लेकर ज्यादा चिंतित रहती हैं। युवकों में इस बीमारी को बुलीमिया कहा जाता है। नौजवानों को सलाह है कि अपने आदर्श माडलों, अभिनेताओं को उनकी दुनिया में ही रहने दें और स्वयं को इस धरातल पर उतार कर जीना सीखें।

जानबूझकर कम खाना धीरे-धीरे एक आदत बन जाता है और ऐसे युवक युवतियां मानसिक बीमारियों और अवसाद का शिकार हो जाते हैं। ऐसे लोगों की इच्छा लगातार अपना वजन कम करने की होती है। डायटिंग करने वाली लड़कियों में दिल, यकृत और गुर्दो को बहुत नुकसान पहुंचता है और लगातार कम भोजन लेने से शरीर की कार्य प्रणाली धीमी पड़ जाती है जिससे निम्न रक्त चाप, नब्ज और सांस का धीमा होना प्रमुख है। शरीर को पर्याप्त ऊर्जा नहीं मिलने से ऐसे व्यक्ति काम पर ध्यान नहीं दे पाते और उनमें खून की कमी तथा जोड़ों की सूजन आम लक्षण होते हैं। इसके अलावा उनमें बाल गिरने, नाखून टूटने और शरीर के अन्य हिस्सों में बाल उगने जैसी बीमारियां भी हो जाती हैं। यदि समय रहते इनका उपचार न किया जाए तो व्यक्ति कुपोषण का शिकार बन जाता है और अंत में उसकी मौत भी हो सकती है।

विशेषज्ञों की राय है कि हर व्यक्ति के शरीर की शारीरिक बनावट अलग है और उसकी लंबाई के हिसाब से ही उसका वजन होता है। लंबाई और वजन के प्रतिशत अनुपात को बाडी मांस इंडेक्स कहा जाता है जो बता सकता है कि किसी व्यक्ति का वजन उसके लंबाई हिसाब से कम है अथवा ज्यादा।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा
संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8


**मीन** — दी दू थ झ ज दे दो चा ची
संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितीयों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

## काकुरो पहेली - 1951




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 1950 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी पति (पत्नी को खुश करने के लिए बोला)- डार्लिंग! अब झगड़ा बंद भी करो, मैं शांति के साथ रहना चाहता हूँ।

पत्नी- हाँ-हाँ, तो जाओ ना। रहो तुम अपनी शांति के साथ...! मैं भी अब अपने रमन के साथ रहना चाहती हूँ।

□ □ □

प्रेमी (पत्नी से)- आज तुम्हें मेरा बाँसुरी बजाना बुरा लगता है, लेकिन एक दिन मेरे बाँसुरी बजाने पर ही रीझ कर तुमने मुझसे शादी की थी।


पत्नी गुस्से से बोली- हाँ... की थी, लेकिन बाँसुरी बजाने पर रीझ कर नहीं, बल्कि यह सोच कर शादी की थी कि जिस तरह तुम बाँसुरी में फूँक मारते हो, उसी तरह मेरे घर का चूल्हा भी अच्छी तरह फूँकोगे।

□ □ □

कवि (पत्नी से), "तुम्हे पता होना चहिए कि मैं वीर रस का कवि हूं और लोग मेरे बारे कहते हैं कि मैं अपनी कविताओं से संसार में आग लगा सकता हूं।"

पत्नी, अब अपनी प्रशंसा करना बंद करें और प्लीज जरा चूल्हे में आग जला दें।

## फिल्म वर्ग पहेली - 1951




**बायें से दायें:-**

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमी' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 1950



## सूडोकु -1951


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1950 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## शब्द पहेली - 1951




**बाएँ से दाएँ**

1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

शब्द पहेली - 1950 का हल



## डीसीपी ऑफिस ईस्ट क्राइम ब्रांच के एएसआई लूणाराम का हार्ट अटैक से निधन



**एजेंसरी**

**जोधपुर।** सीपी ऑफिस ईस्ट की क्राइम ब्रांच में तैनात एएसआई लूणाराम का गुरुवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। एएसआई लूणाराम मूल रूप से पीपाड़ क्षेत्र के रहने वाले थे। उनके असामयिक निधन से पुलिस महकमे में शोक की लहर फैल गई है। साथी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासित पुलिसकर्मी के रूप में याद किया। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की है।

## वल्टोहा सरपंच हत्याकांड मामले में बड़ा खुलासा, रायपुर से 2 आरोपी गिरफ्तार

**तरनतारन ।** वल्टोहा सरपंच जरमल सिंह हत्याकांड मामले में पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी शूटर बताए जा रहे हैं। पुलिस को अदालत से आरोपियों का ट्रांजिट रिमांड भी मिल गया है, जिसके बाद उन्हें पंजाब लाया जा रहा है और आगे की पूछताछ की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद पूरे मामले में कई अहम खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तरनतारन निवासी सुखराज सिंह और कर्मवीर के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने यह हत्या किसी निजी रंजिश में नहीं, बल्कि विदेश में बैठे अपने आका और कुख्यात अपराधी प्रभ दासुवाल के इशारे पर की थी। पुलिस का मानना है कि यह मामला गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़ा हुआ है और इसके पीछे गहरी साजिश रची गई थी। फिलहाल पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस हत्याकांड में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। दरअसल, यह वारदात 4 जनवरी को हुई थी, जब तरनतारन जिले के वल्टोहा गांव के आम आदमी पार्टी के सरपंच जरमल सिंह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए अमृतसर के वेरका स्थित मैरी गोल्ड मैरिज पैलेस पहुंचे थे। समारोह के दौरान दो युवक उनके पास आए और बेहद करीब से उनके सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही सरपंच मौके पर ही गिर पड़े। अचानक हुई इस वारदात से मैरिज पैलेस में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे।

## झारखंड के बोकारो में टास्क फोर्स के नाम पर तनिष्क शोरूम में डकैती की कोशिश नाकाम

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले के सेक्टर-4 थाना क्षेत्र में स्थित सिटी सेंटर के तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में शाम को एक सुनियोजित डकैती की बड़ी साजिश कर्मचारियों की सतर्कता और एकजुटता से नाकाम हो गई। अपराधी हथियारों का खौफ दिखाकर लूटपाट की कोशिश कर रहे थे, तभी एक कर्मचारी ने अलार्म बजा दिया। इससे घबराकर अपराधी भाग खड़े हुए। घटना शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। शोरूम प्रबंधन के अनुसार, सबसे पहले पांच युवक शोरूम में दाखिल हुए, जिनमें से दो पुलिस की वर्दी पहने हुए थे। उन्होंने खुद को स्पेशल टास्क फोर्स का सदस्य बताते हुए कहा कि वे शोरूम का सुरक्षा ऑडिट करने आए हैं। अपराधियों ने बड़ी चालाकी से एलार्म सिस्टम, अग्निशमन उपकरणों और अन्य सुरक्षा इंतजामों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने हाल के दिनों में ज्वेलरी शोरूम में बढ़ी लूट की घटनाओं का हवाला देकर कर्मचारियों का भरोसा जीतने की कोशिश की। वर्दीधारी युवकों ने कुछ तस्वीरें दिखाते हुए कर्मचारियों से पूछा कि क्या इन लोगों को उन्होंने ग्राहक के रूप में पहले देखा है। साथ ही सभी कर्मचारियों को एक जगह इकट्ठा रहने को कहा गया।

## एक्सीडेंट के बाद दो पक्षों के बीच मारपीट, कोर्ट के पेशकार की पीट-पीटकर हत्या

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक एक्सीडेंट के बाद दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस घटना में जज के पेशकार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस पूरी घटना की पुलिस जांच कर रही है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र का है, जहां दो गाड़ियों के बीच टक्कर के बाद विवाद हो गया और विवाद इस कदर बढ़ गया कि जज के पेशकार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक, कार की टक्कर बाइक से हो गई। इस दौरान बाइक सवारों ने कार चालक पर हमला कर दिया। बाइक सवार लोगों ने इस कदर कार चालक की पिटाई की कि उसकी मौत हो गई। मृतक पेशकार था। उसकी मौत के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई।

घटना करीब 2 बजे की है। वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया। इसके बाद संबल चौराहे पर फिर से मारपीट हुई। इसमें रशीद नामक शख्स की मौत हो गई। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज किया गया और दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मेट्रो फेज-2 का किया उद्घाटन, 7 जिलों में 13 नई स्मार्ट जीआईडीसी की घोषणा

**एजेंसी**

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुबह सोमनाथ में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026' में भाग लिया। इसके बाद दोपहर में उन्होंने वाइब्रेंट गुजरात सौराष्ट्र रीजनल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया। कार्यक्रमों के बाद शाम को प्रधानमंत्री गांधीनगर पहुंचे, जहां उन्होंने महात्मा मंदिर स्थित मेट्रो स्टेशन और मेट्रो फेज-2 का लोकार्पण किया। वाइब्रेंट गुजरात सौराष्ट्र रीजनल कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने सौराष्ट्र-कच्छ के 7 जिलों में 3540 एकड़ क्षेत्र में 13 नई स्मार्ट जीआईडीसी की घोषणा की। ये जीआईडीसी जामनगर, अमरेली, भावनगर, कच्छ, मोरबी और सुरेंद्रनगर में विकसित की जाएंगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने पहले



कहा था कि मोरबी, जामनगर और राजकोट का त्रिकोण 'मिनी जापान' बनेगा, तब लोगों ने मजाक उड़ाया था, लेकिन आज वह सपना साकार होता दिख रहा है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि सौराष्ट्र में निवेश का यही सही समय है प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए यह गुजरात सरकार की नई पहल है। वाइब्रेंट गुजरात सौराष्ट्र समिट से गिरनार की गरिमा, सोमनाथ की आस्था, गिर के शेरों की दहाड़, सफेद रण की सुंदरता और स्थानीय हस्तकला को वैश्विक पहचान मिलेगी।

इसके साथ ही सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में उद्योगों के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

## उत्तराखंड सूचना आयोग का कड़ा रुख: जजों की शिकायतों का ब्यौरा सार्वजनिक करने का आदेश

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड सूचना आयोग ने न्यायिक पारदर्शिता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के विरुद्ध मिली शिकायतों का विवरण सार्वजनिक करने का आदेश दिया है। आयोग ने गोपनीयता की आड़ में सूचना रोकने की कोशिश कर रहे उच्च न्यायालय के लोक सूचना अधिकारी की दलीलों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि जनता को यह जानने का हक है कि कितने अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की गई है। भारतीय वन सेवा के अधिकारी संजीव चतुर्वेदी ने 14 मई 2025 को उत्तराखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से अधीनस्थ न्यायपालिका के जजों के खिलाफ भ्रष्टाचार और कदाचार की शिकायतों से संबंधित चार बिंदुओं पर सूचना मांगी थी। उन्होंने 1 जनवरी 2020 से 15 अप्रैल 2025 के बीच प्राप्त कुल शिकायतों की संख्या और उन मामलों का ब्यौरा मांगा था जिनमें आपराधिक या अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। खास बात यह है कि ऐसे ही मामलों में दिल्ली और चेन्नई उच्च न्यायालय इस तरह की सूचना दिए जाने से मना कर चुके हैं। इसलिए भी यह मामला एक तरह की नजीर है। लोक सूचना अधिकारी ने पहले इन जानकारियों को 'गोपनीय' और 'तृतीय पक्ष' से संबंधित बताते हुए देने से इनकार कर दिया था। अधिकारी का तर्क था कि ऐसी सूचनाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्य न्यायाधीश की अनुमति आवश्यक है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर मुख्यमंत्री ने किया नमन, युवाओं के विचारों को बताया राष्ट्र निर्माण की आधारशिला

**एजेंसी**

**भोपाल।** आज देशभर में महान संत, विचारक और युवाओं के शाश्वत प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। 12 जनवरी का यह दिन केवल भारत के युवाओं को आत्मबल, चरित्र और राष्ट्रसेवा का संदेश देने का अवसर है। इसी कारण स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए उनके विचारों को आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में लिखा, 'युवाओं के प्रेरणापुंज, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने आध्यात्मिक ऊर्जा, दर्शन एवं चिंतन से विश्व कल्याण का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अनंत आंतरिक शक्ति का बोध कराते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान की प्रेरणा दी।' मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि वे स्वामी विवेकानंद के चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम अर्पित



करते हैं। स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। उनका मानना था कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था, 'मुझे सौ ऊर्जावान, चरित्रवान और निडर युवक दे दो, मैं देश का भाग्य बदल दूंगा।' यह कथन आज भी युवाओं में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना जगाने का कार्य करता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक अन्य पोस्ट के माध्यम से प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। उन्होंने लिखा कि, 'हमारी सरकार सुशासन और स्वराज के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने हेतु प्रदेश में चार चरणों में आज, 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक 'संकल्प से समाधान' अभियान चलाया जाएगा।' मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और शासन को जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

## राउरकेला विमान हादसा : सभी यात्री सुरक्षित

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर।** राउरकेला के निकट हाल ही में हुए छोटे चार्टर विमान की आपात लैंडिंग के बाद सभी छह यात्री (चार यात्री तथा दो क्रू सदस्य) सुरक्षित तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से स्थिर हैं। एक यात्री को लगातार निकट चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। यह जानकारी रविवार सुबह ओडिशा नागरिक उड्डयन निदेशालय द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री के समग्र पर्यवेक्षण में वाणिज्य एवं परिवहन विभाग तथा नागरिक उड्डयन निदेशालय भारत सरकार, जिला प्रशासन और संबंधित एयरलाइन के साथ 'सहज समन्वय और सहयोग' के माध्यम से स्थिति से निपटने के लिए काम कर रहे हैं। जांच दल और चिकित्सा विशेषज्ञों की त्वरित तैनाती के लिए राज्य सरकार ने व्यापक लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराई है। 'जांच दल और वरिष्ठ डॉक्टरों को राउरकेला पहुंचाने के लिए एक राज्य हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है।' साथ ही नागरिक उड्डयन निदेशालय के अधिकारी राउरकेला में डेरा डालकर जिला प्रशासन को ज़मीनी स्तर पर सभी आवश्यक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वाणिज्य एवं परिवहन विभाग के प्रधान सचिव को पूरे इसके अलावा भुवनेश्वर से वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरों को भी राउरकेला भेजा जा रहा है ताकि विशेषज्ञ उपचार, निरंतर पर्यवेक्षण और निगरानी सुनिश्चित की जा सके।



अभियान के समन्वय और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

स्वास्थ्य स्थिति पर नवीनतम बुलेटिन में कहा गया है कि सभी यात्री सुरक्षित और स्थिर हैं। एक यात्री की लगातार और निकट चिकित्सा निगरानी की जा रही है। ओडिशा सरकार ने विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा की जा रही जांच में पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवा और उच्चतम सुरक्षा मानकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने मप्र में किया 6 आधुनिक डाकघरों का लोकार्पण, राष्ट्रीय डाक प्रशिक्षण केंद्र की घोषणा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि डाक विभाग को आधुनिक, समयबद्ध और नागरिक-केंद्रित सेवा प्रणाली के रूप में विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। मजबूत डाक अवसंरचना, प्रशिक्षित मानव संसाधन और तकनीक आधारित सेवाएं ही भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 8 से 11 जनवरी तक मध्य प्रदेश के आधिकारिक दौरे में राज्य में 6 नवीनीकृत और आधुनिक डाकघरों का उद्घाटन किया। उन्होंने शिवपुरी में 111 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय डाक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने शिवपुरी जिले के कोलारस, जगतपुरा, बदरवास, पिछोर और कट्ठामिल स्थित उप डाकघरों के साथ सिटी पोस्ट ऑफिस का लोकार्पण किया। इन सभी डाकघरों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जहां मेल और पार्सल सेवाओं के साथ-साथ बचत योजनाएं, बीमा, डिजिटल सेवाएं और वित्तीय समावेशन से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा



रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में देश में सहारनपुर, वडोदरा, मैसूरु, गुवाहाटी, मदुरै और दरभंगा में कुल 6 डाक प्रशिक्षण केंद्र संचालित हो रहे हैं, जहां हर वर्ष लगभग 2,000 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाता है और अब तक करीब 18,000 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में सातवें राष्ट्रीय डाक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की घोषणा करते हुए कहा कि यह केंद्र 111 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनाया जाएगा। इससे शिवपुरी देश के प्रमुख डाक प्रशिक्षण संस्थानों के मानचित्र पर शामिल हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना को 8 से 12 महीनों के भीतर पूरा किया जाए। शिवपुरी जिले के पिछोर में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने डाक विभाग की दो नई सेवाओं स्पीड पोस्ट 24 और स्पीड पोस्ट 48 की भी घोषणा की।

## सुनील जाखड़ ने पंजाब डीजीपी को लिखा पत्र, वायरल वीडियो की फोरेंसिक जांच की मांग

**एजेंसरी**

**चंडीगढ़/पंजाब ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को एक पत्र लिखकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो की तत्काल फोरेंसिक जांच और उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस वीडियो में कथित तौर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को आपत्तिजनक व्यवहार करते हुए और श्री गुरु नानक देव जी की पवित्र छवि का अपमान करते हुए दिखाया गया है। सुनील जाखड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पत्र शेयर किया है। पत्र में कहा गया है कि यह वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से फैल रहा है, जिससे सिख समुदाय सहित आम लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि वीडियो के कारण समाज में रोष बढ़ रहा है, आपसी भाईचारे को नुकसान पहुंच रहा है और देश-विदेश में पंजाब व पंजाबियों की छवि भी प्रभावित हो रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा कि यह विश्वास करना कठिन है कि कोई समझदार व्यक्ति, विशेषकर मुख्यमंत्री जैसे उच्च संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति, ऐसा आचरण कर सकता है। इसी कारण उन्होंने इस वीडियो की सत्यता और प्रामाणिकता का वैज्ञानिक और पारदर्शी तरीके से जल्द से जल्द पता लगाए जाने की मांग की है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस मामले की जांच चंडीगढ़ की फोरेंसिक टीम से करवाई जाए, जैसा कि पहले एसएसपी पटियाला के ऑडियो टेप मामले में किया गया था। जाखड़ ने यह भी कहा कि पंजाब पुलिस के पास डिजिटल कंटेंट की साइंटिफिक और तेज जांच के लिए पर्याप्त फोरेंसिक और साइबर विशेषज्ञता मौजूद है।

## कोयंबटूर दौरे पर नितिन नबीन ने किए प्रमुख मंदिरों के दर्शन, पोंगल उत्सव में लिया हिस्सा

**एजेंसी**

**कोयंबटूर।** दो दिवसीय कोयंबटूर दौरे पर आए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने शहर के प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों पेरूर पट्टीश्वरर मंदिर और मरुदमलाई मुरुगन मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया। उनके दौरे के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ तमिलनाडु की सांस्कृतिक परंपराओं में सक्रिय भागीदारी से भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

कोयंबटूर पहुंचने के बाद नितिन नबीन ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिम्मेदार नेताओं के साथ पहले गहन विचार-विमर्श किया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने और आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके पश्चात उन्होंने प्राचीन पेरूर पट्टीश्वरर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और मंदिर की प्रसिद्ध हथिनी कल्याणी को केले खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वे मुरुगन के सातवें पवित्र निवास माने जाने वाले मरुदमलाई मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने सुब्रमण्यम



स्वामी के दर्शन किए। उनकी यात्रा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसरों में कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। दर्शन-पूजन के बाद नितिन नबीन ने वडावल्ली क्षेत्र में आयोजित तमिलों के प्रमुख पर्व पोंगल उत्सव में भी भाग लिया। पारंपरिक तमिल वेशभूषा में उपस्थित होकर उन्होंने तमिल संस्कृति, परंपरा और कला पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई सहित कई वरिष्ठ पार्टी नेता मौजूद रहे। नितिन नबीन की इस यात्रा को संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ सांस्कृतिक जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## जोधपुर में परिवहन विभाग की टीम पर अवैध वसूली का आरोप, वीडियो वायरल

**जोधपुर।** जोधपुर में परिवहन विभाग की टीम द्वारा टैंकर चालकों से अवैध वसूली किए जाने का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो केरू रिंग रोड क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां सड़क किनारे खड़े टैंकरों के पास परिवहन विभाग की टीम को बातचीत और लेन-देन करते हुए देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो एक जागरूक नागरिक ने अपनी कार से रिकॉर्ड किया है। वायरल फुटेज में टैंकर चालकों और विभागीय कर्मियों के बीच संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दे रही हैं, जिसके बाद मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। वीडियो के सामने आने के बाद लोग परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही विभाग की ओर से कोई औपचारिक प्रतिक्रिया सामने आई है।

## बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टिवल को मिला उत्साहजनक प्रतिसाद, क्षेत्र में बनेंगी 10 फिल्में

**एजेंसरी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के दमोह में आयोजित दो दिवसीय बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टिवल के माध्यम से 10 फिल्म प्रोजेक्ट प्राप्त हुए हैं। आने वाले समय में लगभग 10 फिल्में बुंदेलखंड में बनेगी। मुंबई सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये बहुत सारे फिल्म प्रोड्यूसर ने इस कार्यक्रम में घोषणा भी की कि बुंदेलखंड में वे लोग फ़िल्में बनाएंगे। बुंदेलखंड में बुंदेली भाषा में फिल्में बनेगी, यह पहला प्रयास है और पहले ही प्रयास में इतना अच्छा प्रतिसाद मिला हैं, तो आने वाले समय मे बेहतर रिजल्ट सामने आएगा।

यह जानकारी रविवार देर शाम प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टिवल के समापन अवसर पर दी। उन्होंने कहा कि बुंदेली फ़िल्म समागम का यह पहला प्रयास था, आज जो बीज बोया हैं, वह तुरंत वटवृक्ष नहीं बन सकता, लेकिन आने वाले समय में यह वटवृक्ष जरुर तैयार होगा, आने वाले समय मे बुंदेली फ़िल्म इंडस्ट्री जरूर स्थापित होगी, ऐसा प्रयास हमने किया हैं। राज्यमंत्री लोधी ने कहा कि बुंदेलखंड की भूमि का जो कर्ज हम सब पर है, इस प्रकार के प्रयासों से उसे चुकाने की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण



कदम हैं। पत्रकार बंधुओं, कलाकारों और बुंदेलखंड के लोगों के सहयोग से यह संकल्प अवश्य पूरा होगा और बुंदेली भाषा में फिल्में व शॉर्ट फिल्में बनेंगी। इस आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बुंदेलखंड में आने वाले समय में बुंदेली फिल्म इंडस्ट्री को स्थापित करना हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाला समय बुंदेलखंड और बुंदेली फिल्म इंडस्ट्री के लिए स्वर्णिम युग साबित होगा। राज्यमंत्री लोधी ने कहा कि बुंदेलखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनेक कलाकार अपनी वेब सीरीज और रचनात्मक कार्य स्वयं प्रस्तुत कर रहे हैं, जो इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को दर्शाता हैं। बुंदेली भाषा एक मधुर, समृद्ध और गौरवशाली भाषा है और बुंदेलखंड का गौरव हम सभी के भीतर हैं। उन्होंने कहा कि कल रखी गई मांगों पर त्वरित कार्रवाई शुरू हो चुकी हैं। मानस भवन के निर्माण को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से चर्चा हो चुकी हैं। यह भवन नाट्य विद्या और रंगमंचीय प्रस्तुतियों के लिए विकसित किया जाएगा, जिसकी योजना पर कार्य भी प्रारंभ हो गया हैं। उन्होंने कहा कि यह तो केवल शुरुआत है, आने वाले समय में सरकार से बजट प्राप्त कर एक बड़े फिल्म स्टूडियो की स्थापना की जाएगी, जहां कलाकार अपनी नाट्य और अन्य कलाओं का प्रदर्शन कर सकेंगे। समारोह में प्रसिद्ध अभिनेता गोविंद नामदेव ने युवाओं और नए कलाकारों को सीखने की लगन बनाए रखने तथा खुद को सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं के साथ तुलना करने की सलाह देते हुए कहा कि अगर व्यक्ति अपने ही स्तर के लोगों से तुलना करता रहेगा तो वहीं ठहर जाएगा, लेकिन जब वह टॉप क्लास अभिनेता, निर्देशक और निर्माता के काम को समझने और उसी स्तर की तैयारी करने का प्रयास करेगा, तभी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इसी सोच के तहत उन्होंने कई नए प्रोजेक्ट्स में अपनी फीस और स्टेटस को भी एक तरफ रखकर काम करने की कोशिश की, ताकि अच्छे और सार्थक प्रयोग किए जा सकें। उन्होंने फिल्म निर्माण की चुनौतियों पर भी खुलकर बात की।

## राष्ट्रीय कला मंदिर की सजी मधुर संगीतमय शाम, संगीत की धुनों ने श्रोताओं को बांधे रखा

**एजेंसी**

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय कला मंदिर में ,कल शाम आयोजित विशेष संगीतमय कार्यक्रम ने शहरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सुरीली शाम में ताल म्यूजिकल बैंड के मधुर संगीत और प्रतिभाशाली गायकों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को झूमने को मजबूर कर दिया, जिससे पूरा हॉल उत्साह और आनंद से भर उठा। कार्यक्रम का आयोजन नववर्ष और लोहड़ी के पर्व के उपलक्ष्य में किया गया था, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। राष्ट्रीय कला मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने सभी उपस्थित अतिथियों, कलाकारों और श्रोताओं का स्वागत किया। इसके बाद कलाकारों और विशेष अतिथियों का सम्मान किया गया। इसके बाद ताल म्यूजिकल बैंड की मधुर धुनों पर गायकों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। रिद्धिमा ने क्लासिक गीत 'एक प्यार का नगमा है' गाकर सभी को भावुक कर दिया, जबकि अनिल सिंह ने 'रुतबा' गीत से माहौल में जोश भर दिया। युवराज सिद्धू ने 'मंजिले अपनी जगह हैं' और बाद में 'तू माने या न माने' तथा 'छल्ला' जैसे गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया। प्रवीण गोल्डी ने 'किसी नजर को तेरा इंतजार' और 'चरखा' गाकर रोमांटिक और लोक संगीत का मिश्रण प्रस्तुत किया। जतिन गौतम ने ऊर्जावान गीत 'चल छैया छैया' से सभी को थिरकने के लिए प्रेरित किया, जबकि हर्षिता ने 'माही वे' गाकर युवा दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी गायकों ने एक साथ मिलकर लोहड़ी की पारंपरिक बोलियां गाईं, जिसने पंजाबी संस्कृति की झलक दिखाई। मुख्य अतिथि विष्णु पुरोहित और विशिष्ट अतिथि लायन्स क्लब विश्वास के अध्यक्ष अमनप्रदीप सिंह कहलों ने गायकों की प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शहर की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय कला मंदिर के सचिव राकेश मोंगा ने मंच संचालन करते हुए विशेष अंदाज और हास्यपूर्ण टिप्पणियों ने रंग जमाया और दर्शकों को लगातार बांधे रखा। उन्होंने सभी कलाकारों, अतिथियों, प्रायोजकों और श्रोताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डब्ल्यूपीएल फैंस को लगा बड़ा झटका! नवी मुंबई चुनाव के कारण बिना दर्शकों के खेले जाएंगे 3 बड़े मैच?



**नवी मुंबई (एजेंसी)।** नवी मुंबई नगर निगम चुनाव के चलते 15 जनवरी को डी वाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दर्शकों के बिना खेले जाने की संभावना है। ESPNcricinfo के अनुसार, पुलिस ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को सूचित किया है कि डब्ल्यूपीएल और चुनाव के बीच होने वाले टकराव के दिन क्रिकेट के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करना संभव नहीं होगा।

यह अभी भी अनिश्चित है कि 14 और 16 जनवरी को होने वाले मैच भी दर्शकों के बिना खेले जाएंगे या नहीं। डब्ल्यूपीएल के आधिकारिक ऑनलाइन टिकट प्लेटफॉर्म पर 14, 15 और 16 जनवरी के मैचों के टिकट उपलब्ध नहीं हैं, जिससे संभवतः निम्नलिखित मैच प्रभावित होंगे- 14 जनवरी को दिल्ली कैपिटल्स बनाम यूपी वॉरियर्स, 15 जनवरी को मुंबई इंडियंस बनाम यूपी वॉरियर्स और 16 जनवरी को गुजरात जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु।

ये मैच नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेले जाएंगे। 17 जनवरी को डीवाई पाटिल स्टेडियम में होने वाले दो मैचों (एमआई बनाम यूपीडब्ल्यू और डीसी बनाम आरसीबी) के टिकट बिक रहे हैं। इसके बाद लीग शेष सीजन के लिए वडोदरा में स्थानांतरित हो जाएगी। शुक्रवार को डब्ल्यूपीएल के पहले मैच में लगभग सभी स्टेडियम खचाखच भरे हुए थे, और सप्ताहांत में खेले गए दोनों मैचों में भी अच्छी खासी भीड़ देखी गई। फिलहाल, गुजरात जायंट्स 2 जीत के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में शीर्ष पर है, जबकि मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस दूसरे स्थान पर है।

# अब तमिलनाडु और केरल में बांग्लादेश के मैच आयोजित कर सकता है आईसीसी




**कुआलालम्पुर (एजेंसी)।** दुबई (ईएमएस)। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपने मैच भारत से बाहर कराने की मांग की है। बीसीबी ने कहा है कि वह सुरक्षा कारणों से भारत में अपनी टीम नहीं भेज सकता। इसलिए उसके मैच श्रीलंका में कराये जायें। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) इसके लिए तैयार नहीं है। विश्व कप में अब काफी कम समय है। जिसको देखते हुए आईसीसी चाहता है कि बांग्लादेश के मैच भारत में ही कराये जाये पर मैच स्थल बदल दिये जाये। इसी को देखते हुए आईसीसी वैकल्पिक स्थलों के तौर पर तमिलनाडु और केरल में मैच रखना चाहता है। इसी को देखते हुए उसने क्रिकेट संघ और केरल क्रिकेट संघ से भी संपर्क किया है, जिससे बांग्लादेश के मैचों को चेन्नई और तिरुवनंतपुरम में स्थानांतरित किया जाये।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) और केरल क्रिकेट संघ (केसीए) भी बांग्लादेश के मैचों को कराने के लिए तैयार है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में पहले से ही 7 मैच होने हैं। टीएनसीए के अनुसार उनके पास 8 पिचें हैं, इसलिए उन्हें बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी में कोई परेशानी नहीं होगी। वहीं केरल क्रिकेट संघ ने भी कहा है कि वह बांग्लादेश के मैचों के लिए तैयार है। वहीं हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी आईसीसी के सामने प्रस्ताव रखा कि अगर बांग्लादेशी टीम भारत नहीं जाती है तो इन मैचों की मेजबानी के लिए पीसीबी तैयार है। गौरतलब है कि टी20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश को भारत में चार लीग मैच खेलने हैं। इसमें से तीन मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले गये हैं जबकि जबकि एक लीग मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रखा गया है। टी20 विश्व कप के वेन्यू को लेकर ये पूरा विवाद बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर किये जाने से शुरु हुआ। इसके बाद से ही बांग्लादेश बोर्ड ने कहा कि वह सुरक्षा कारणों से अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा।

# सुंदर की जगह आयुष बडोनी बचे हुए दो एकदिवसीय मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल



**मुम्बई (एजेंसी)।** दिल्ली के युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी को पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली है। बडोनी को ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की जगह पर न्यूजीलैंड के खिलाफ बचे हुए दो एकदिवसीय मैचों के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। बडोनी ने पिछले कुछ समय में दिल्ली की ओर से घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं ऑलराउंडर सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये हैं। बडोनी के चयन से साफ है कि प्रबंधन घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन को कितना महत्व देता है। सुंदर को पहले एकदिवसीय में क्षेत्ररक्षण करते समय बाईं निचली में चोट लग गयी थी। इसी कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। वह हालांकि बल्लेबाजी के लिए लौटे पर सहज नहीं दिखे। जांच में उनकी चोट गंभीर पायी गयी है।

वहीं पहली बार टीम में शामिल 26 साल के बडोनी घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में अपने शांत स्वभाव और मैच फिनिश करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। वह अब राजकोट में टीम से जुड़ेंगे, जहां दूसरा वनडे खेला जाना है।

**भारतीय टीम इस प्रकार है:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आयुष बदोनी।

# रोहित एकदिवसीय में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने, गेल को पीछे छोड़ा

**वडोदरा (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मैच में दो छक्के लगाते ही एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम कर लिया। अब रोहित एकदिवसीय में सबसे अधिक 329 छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम था, गेल ने 328 छक्के लगाये थे। पहले एकदिवसीय में भारतीय टीम ने 301 रनों का लक्ष्य हासिल करते हुए जीत दर्ज की थी। रोहित ने इस मैच में पहले और दूसरे ओवर में दो छक्के लगाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 650 छक्के भी पूरे किये। ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले खिलाड़ी हैं। रोहित हालांकि बड़ी पारी नहीं खेल पाये और 9वें ओवर में काइल जैमीसन की गेंद पर पेवेलियन लौट गए। उन्होंने 29 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाकर 26 रन बनाए। रोहित के नाम अब एकदिवसीय में सलामी बल्लेबाज के तौर पर 329 छक्के हो गये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर खिसके गेल को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 328 छक्के हैं। वहीं गत वर्ष उन्होंने एकदिवसीय में सबसे ज्यादा छक्कों का शाहिद अफरीदी का रिकॉर्ड भी तोड़ा था।




# सोफी डब्ल्यूपीएल में एक ही ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात जायंट्स की सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट (डब्ल्यूपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ के चौथे मुकाबले में एक ही ओवर में चार छक्के और दो चौके लगाकर 32 रन बनाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही सोफी डब्ल्यूपीएल में एक ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गयी हैं। उन्होंने इस ओवर में कुल 32 रन बनाये इससे ये लीग का सबसे महंगा ओवर बन गया है। इस मैच में गुजरात जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बेथ मूनी और सोफी डिवाइन की आक्रामक बल्लेबाजी से अच्छी शुरुआत की।

सोफी ने केवल 25 गेंदों में ही अपने 50 रन पूरे कर लिए। ये लीग इतिहास का सबसे महंगा ओवर रहा है। वहीं इससे पहले दीप्ति शर्मा ने साल 2025 में यूपी वॉरियर्स की ओर से खेलते हुए आरसीबी के खिलाफ एक ही ओवर में 28 रन बनाये थे। वहीं एक ही ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी तनुजा कंवर हैं। तनुजा ने , साल 2023 में गुजरात जायंट्स की ओर से खेलते हुए आरसीबी के खिलाफ एक ही ओवर में 27 रन बनाये थे। इस मैच का पावरप्ले डब्ल्यूपीएल इतिहास का दूसरा सबसे महंगा पावरप्ले था। इससे पहले साल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ पावरप्ले में ही 87 रन बना दिये थे।

# टीम प्रबंधन चाहता है कि मैं गेंदबाजी साथ ही बल्लेबाजी पर भी ध्यान दूं : हर्षित राणा



वडोदरा । यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए पहले एकदिवसीय मैच में हर्षित राणा ने अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर अपने चयन को सही साबित किया है। हर्षित के इस प्रदर्शन से भारतीय टीम ने पहले एकदिवसीय में चार विकेट से जीत हासिल की थी। हर्षित के अनुसार टीम प्रबंधन ने उन्हें गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी का भी अभ्यास करने कहा है जिससे वह जरूरत पड़ने पर रन बना सकें। राणा ने कहा, प्रबंधन चाहता है कि वह एकदिवसीय में एक भरोसेमंद ऑलराउंडर के तौर पर उभरें। विकेट लेने के साथ ही वह निचले क्रम में भी कुछ रन बना सकें। साथ ही कहा कि अनुभवी खिलाड़ियों के इस प्रकार भरोसा करने से मेरा मनोबल भी बढ़ा है। राणा ने कहा, अब मेरा काम है कि मैं लगातार मेहनत करता रहूं। मैं नेट्स में बल्लेबाजी पर भी काफी काम कर रहा हूं। टीम की योजना मुझे नंबर आठ के आसपास बल्लेबाजी के लिए उतारना है।

# कैरियर के अंतिम चरण में भी विराट में गजब का है जुनून : शास्त्री



वडोदरा । भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह करियर के अंतिम चरण में भी ऐसे खेल रहे हैं जैसे की शुरुआत में खेलते थे। उनके खेल में वही जुनून और गंभीरता व रनों की भूख दिखती है जो किसी खिलाड़ी के करियर की शुरुआत में देखी जाती है। उनकी फिटनेस और मैच में अपना सौ फीसदी योगदान देना अलग ही नजर आता है। शास्त्री ने कहा कि कोहली का तो ये रूटीन है और उन्होंने भारतीय के कप्तान शुभमन गिल को लेकर कहा कि वह अगला कोहली होगा। इस मैच में विराट और शुभमन की साझेदारी कमाल की रही। जब दोनों बल्लेबाजी कर रहे थे तभी कमेंटेटर ने पूछा, भारत के इस आधुनिक महान क्रिकेटर से नई पीढ़ी क्या सीख सकती है? इसी को देखते हुए शास्त्री ने विराट की जमकर प्रशंसा की। शास्त्री ने कहा, 'एक समय पर एक ही चीज पर ध्यान। जब मैं टीम के साथ कोच के तौर पर था तब मैंने देखा कि मेहनत में कोई उनसे आगे नहीं है। मैंने देखा है कि वह कैसे काम करते हैं। सुबह में कितने कैच पकड़ते हैं। आउटफील्ड में कैच फिर कीपर के ग्लव में थ्रो। उनकी बैटिंग और बाकी सारी चीजें, ये तो रूटीन है बस।' शास्त्री ने साथ ही कहा, 'विराट की तरह का पेशेवर रुख कसी योजना से नहीं आता। ये एक प्रणाली है। ये अंदर से क्रिकेट को जीने का तरीका है। अगर शुभमन को भी इसी रास्ते पर जाना है तो उन्हें इससे अच्छी तरह देखना होगा।

# आकाश चोपड़ा ने पहले मैच के बाद इस खिलाड़ी की तारीफ की, धोनी से की तुलना



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने रविवार को वडोदरा के कोटांबी में BCA स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में भारत की 4 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाली केएल राहुल की नाबाद 29 रन की पारी के बाद उनकी बहुमुखी प्रतिभा और फिनिशिंग क्षमता की तारीफ की। 301 रनों का पीछा करते हुए भारत मुश्किल में पड़ गया था जब उसका स्कोर 242/5 हो गया था, तब भारतीय ऑलराउंडर हर्षित राणा क्रीज पर केएल राहुल के साथ आए।

राहुल ने सावधानी से खेलते हुए राणा के साथ 37 रनों की साझेदारी की जिसमें ऑलराउंडर ने ज्यादातर रन बनाए जबकि राहुल ने यह सुनिश्चित किया कि न्यूजीलैंड को उनका विकेट न मिले क्योंकि इससे विपक्षी टीम को भारतीय निचले क्रम तक पहुंचने का मौका मिल जाता। राणा के विकेट के बाद राहुल ने वाशिंगटन सुंदर के साथ 27 रनों की साझेदारी की जिसमें ज्यादातर रन उन्होंने खुद बनाए।

राहुल ने 49वें ओवर तक बड़े शॉट खेलने से परहेज किया। जब भारत को आखिरी 12 गेंदों में 12 रनों की जरूरत थी, तो राहुल ने तेजी दिखाई और लगातार चौके लगाए और फिर आखिरी ओवर की आखिरी तीन गेंदों में एक छक्का लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। जियोस्टार पर बोलते हुए आकाश चोपड़ा ने केएल राहुल की शांत और समझदारी भरी पारी की तारीफ की, उनकी बहुमुखी प्रतिभा, लक्ष्य का पीछा करने की गति और दबाव में शांत रहने की क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने डेथ ओवरों में राहुल के नियंत्रण की तुलना एमएस धोनी से की और फिनिशर की भूमिका में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उनकी तारीफ की।

चोपड़ा ने कहा, 'न्यूजीलैंड के खिलाफ इस पहले वनडे में केएल राहुल का बैटिंग का तरीका दिलचस्प था। हम उन्हें एक आक्रामक खिलाड़ी के तौर पर जानते हैं। लेकिन यहां हर्षित राणा और चोटिल वॉशिंगटन सुंदर के साथ बैटिंग करते हुए वह अलग थे। कई बार आपको लगता है कि वह तेजी से रन बनाएंगे और बड़े शॉट लगाकर मैच जल्दी खत्म कर देंगे, लेकिन उन्होंने अपना समय लिया। 49वें ओवर में उन्होंने जो पहली गेंद मारी वह बाउंड्री वाली गेंद नहीं थी, लेकिन उन्होंने बाउंड्री लगा दी। उनमें आसानी से बाउंड्री ढूंढने की काबिलियत है और वह जब चाहते हैं तब शॉट मारते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'वह उन गेंदों पर सिंगल ले रहे थे जिन पर वह आमतौर पर शॉट मारते हैं, लेकिन उन्होंने सही मौकों का इंतजार किया। एक अलग तरीके से उनकी वर्सेटिलिटी ही उनकी सबसे बड़ी खूबी है। उनसे ओपनिंग करने को कहो, विकेटकीपिंग करने को कहो, या स्टैंड-इन कप्तान बनने को कहो, वह सब करेंगे। उन्होंने बस अभी तक बॉलिंग नहीं की है, वह बाकी है। इन डेथ ओवर्स में चेज को इतनी अच्छी तरह से कंट्रोल करना, धोनी की तरह नर्व्स को कंट्रोल करना, केएल राहुल को सलाम। वह मॉडर्न क्रिकेट की सबसे मुश्किल भूमिका फिनिशर में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।'

# बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को हराकर फिर से जीता स्पेनिश सुपर कप




जेद्दा । राफिन्हा के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राफिन्हा का 73वें मिनट में किया गया विजयी गोल संयोगवश आया, जब शॉट मारते समय वह फिसल गए और गेंद मैड्रिड के डिफेंडर राउल असेंसियो से टकराकर गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस को चकमा दे गई। फाइनल के पहले हाफ का अंत बेहद रोमांचक रहा, जब ब्रेक से पहले स्टॉपेज टाइम में तीन गोल हुए, जिनमें से दो रियाल मैड्रिड ने और एक बार्सिलोना ने किया। पिछले साल के फाइनल में भी बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को 5-2 से हराया था, जिसमें राफिन्हा ने दो गोल किए थे। बार्सिलोना ने 16वां सुपर कप खिताब जीता, जो किसी भी अन्य क्लब से अधिक है। रियाल मैड्रिड 13 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है। घुटने की चोट के कारण मिनी-सुपर कप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए काइलियन एमबाप्पे 76वें मिनट में मैदान पर उतरे, लेकिन रियाल मैड्रिड को बराबरी दिलाने में नाकाम रहे। बार्सिलोना ने 36वें मिनट में राफिन्हा के शानदार गोल से बढ़त बनाई। उसके लिए रॉबर्ट लेवांडोस्की ने भी गोल किया। रियाल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर और गोंजालो गार्सिया ने गोल किए।

# शिखर धवन ने अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से की सगाई



नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से सगाई करने की घोषणा की। धवन के फॉलोअर्स ने इस खबर का गर्मजोशी से स्वागत किया है, कई लोगों ने खुशी जताई और कहा कि इस साल कपल की शादी को लेकर पहले से ही अटकलें लगाई जा रही थीं। शिखर धवन ने आज इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'एक जैसी मुस्कान से लेकर एक जैसे सपने। हमारी सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और हर शुभकामना के लिए शुक्रगुजार हूं, क्योंकि हमने हमेशा साथ रहने का फैसला किया है।' 35 साल की सोफी शाइन आयरिश नागरिक हैं और नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉर्पोरेशन में प्रोडक्ट कंसल्टेंट के तौर पर काम करती हैं। वह फिलहाल अबू धाबी में रहती

# अंडर-19 वर्ल्ड कप में इन रिकॉर्ड्स पर रहेगी भारतीय युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी की नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज़ में तूफानी प्रदर्शन कर चर्चा में आए वैभव सूर्यवंशी अब अंडर-19 वर्ल्ड कप में इतिहास रचने को तैयार हैं। 15 जनवरी से शुरू हो रहे इस मेगा टूर्नामेंट में भारत की युवा टीम यूएसए के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। वैभव की बल्लेबाज़ी का अंदाज़ आक्रामक है और उनके आंकड़े बताते हैं कि वह जहां भी खेले हैं, बड़े स्कोर किए हैं। ऐसे में अंडर-19 वर्ल्ड कप में उनसे कई बड़े रिकॉर्ड टूटने की उम्मीद की जा रही है।

### छक्कों का सबसे बड़ा रिकॉर्ड खतरे में

वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाज़ी की सबसे बड़ी पहचान उनकी बाउंड्री हिटिंग है। उनके कुल रनों का बड़ा हिस्सा चौकों और छक्कों से आता है। अंडर-19 वर्ल्ड कप के एक सीज़न में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड फिलहाल साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस के नाम है, जिन्होंने 2022 में 18 छक्के लगाए थे। वैभव की आक्रामक शैली को देखते हुए माना जा रहा है कि यह रिकॉर्ड इस बार टूट सकता है।

### स्ट्राइक रेट में नया कीर्तिमान संभव

अंडर-19 वर्ल्ड कप इतिहास में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट का रिकॉर्ड भारत के शिखर धवन के नाम है, जिन्होंने 2004 में 93.51 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी की थी। वैभव सूर्यवंशी आमतौर पर 150 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। ऐसे में उनका यह आंकड़ा टूर्नामेंट में नया बेंचमार्क सेट कर सकता है और यह रिकॉर्ड भी इतिहास बन सकता है।

### सबसे ज्यादा रन बनाने का भारतीय रिकॉर्ड




अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सरफराज खान के नाम दर्ज है, जिन्होंने 2014 से 2016 के बीच 566 रन बनाए थे। वैभव सूर्यवंशी की निरंतरता और बड़ी पारियां खेलने की आदत को देखते हुए यह रिकॉर्ड भी उनके निशाने पर है, खासकर अगर भारत टूर्नामेंट में आगे तक जाता है।

### शतकों की संख्या में भी बदलाव संभव

इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड फिलहाल जैक बर्नहैम और शिखर धवन के नाम है, दोनों ने तीन-तीन शतक लगाए हैं। वैभव सूर्यवंशी का शतक लगाने का ट्रैक रिकॉर्ड बेहद मजबूत रहा है। अगर वह अपने फॉर्म को बरकरार रखते हैं, तो शतकों की यह सूची भी बदल सकती है।

### सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोर पर नजर

अंडर-19 वर्ल्ड कप में अब तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर 191 रन का है, जो 2018 में हशिता बोयागोडा ने बनाया था। अब तक कोई भी बल्लेबाज़ इस टूर्नामेंट में दोहरा शतक नहीं लगा पाया है। वैभव सूर्यवंशी के पास न सिर्फ इस रिकॉर्ड को तोड़ने बल्कि इतिहास में पहला दोहरा शतक लगाने का भी सुनहरा मौका है।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन में इस बार केवल युगल में ही उतरेंगे किर्गियोस

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई टेनिस स्टार निक किर्गियोस इस बार 18 जनवरी से शुरु हो रहे ऑस्ट्रेलियाई ओपन में केवल युगल मुकाबलों में ही उतरेंगे। किर्गियोस ने कहा है कि इस बार वह एकल में नहीं खेलेंगे। युगल में उनके जोड़ीदार हमवतन थानासी कोकिनाकिस रहेंगे। किर्गियोस ने सोशल मीडिया में लिखा, मैं इस साल केवल ऑस्ट्रेलियन ओपन युगल में ही इसलिए उतर रहा हूं क्योंकि में अपने शरीर पर अधिक दबाव नहीं देना चाहता हूं। यह टूर्नामेंट मेरे लिए सब कुछ है पर मैं अपनी जगह किसी ऐसे खिलाड़ी को अवसर देना चाहूंगा जो बेहतर प्रदर्शन कर सके। मैं अगले साल एकल में भी वापसी करुंगा। किर्गियोस ने फिट नहीं होने के कारण साल 2025 में केवल पांच मैच खेले थे। पिछले माह न्यूयॉर्क और दुबई में प्रदर्शनी मैचों की एक सीरीज के साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता में वापसी की थी। किर्गियोस को पिछले कुछ समय में कई गंभीर चोटों का सामना करना पड़ा है। इससे उनके करियर पर काफी असर आया है। इससे उनकी रैंकिंग फिसलकर 673 पर आ गई है। वह साल 2022 के बाद से ही केवल एक ग्रैंड स्लैम मैच खेल पाये हैं। इसके बाद से ही घुटने और कलाई की सर्जरी के कारण उनको काफी समय तक खेल से बाहर रहना पड़ा था।





# किसी भी अन्य जॉनर की तरह ही चुनौतीपूर्ण होती है कॉमेडी

फुकरे फिल्म में एक्टर पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की केमिस्ट्री ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। यह जोड़ी एक बार फिर फिल्म राहु-केतु के जरिए धमाल मचाने आ रही है। फिल्म के रिलीज से पहले वरुण और पुलकित ने बातचीत की। इस दौरान उन्होंने फिल्म के टाइटल से लेकर शूटिंग के अनुभव के बारे में बताया। एक्टर वरुण शर्मा ने कहा, फिल्म का टाइटल राहु-केतु सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि करियर और दोस्ती के यादगार पल दिलाने वाला प्रतीक है। मैंने और पुलकित ने एक-दूसरे के साथ दस साल से ज्यादा समय बिताया है और यह हमारी पांचवीं फिल्म है। जैसे राहु और केतु हमेशा हमारे जीवन में चलते रहते हैं। वैसे ही हमारी दोस्ती और काम करने का सफर भी बेहद खूबसूरत तरीके से आगे बढ़ रहा है।
फिल्म स्क्रिप्ट को लेकर वरुण ने कहा, राहु-केतु केवल दर्शकों को हंसाने वाली फिल्म नहीं है। इसके साथ ही इसमें एक संदेश भी छिपा है। फिल्म के लेखक और निर्देशक विपुल विग ने कहानी में इस तरह की परतें डाली हैं कि दर्शक फिल्म देखकर हल्का महसूस करेंगे। हंसते-हंसते खुद को और अपने कर्मों को भी समझ पाएंगे। इस फिल्म के जरिए नया साल हंसी और पॉजिटिविटी के साथ शुरू करने का मौका मिलेगा। पुलकित सम्राट ने कॉमेडी को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, कॉमेडी किसी भी अन्य जॉनर की तरह ही चुनौतीपूर्ण होती है। हर सीन में मेहनत लगती है और सही समय पर हंसी लाना बहुत मुश्किल होता है।
वहीं पुलकित ने कहा, वरुण से मैंने बहुत कुछ सीखा है, खासकर टाइमिंग के मामले में। उसके साथ काम करने से मेरी कॉमिक स्किल्स और परफॉर्मेंस में निखार आया है। मुझे कभी वरुण के साथ फिल्मों में काम करना बोरिंग नहीं लगा। लोग हमारी बॉन्डिंग को पसंद करते हैं। हम हर बार नए अंदाज में आते।






# 'जन नायकन' के बाद विजय के फिल्मों से दूरी बनाने पर मालविका मोहनन ने जताया दुख

तमिल सुपरस्टार थलापति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज फिलहाल टल गई है। 9 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म सेंसर सर्टिफिकेट न मिल पाने के कारण रिलीज नहीं हो सकी। फिल्म का मामला अभी भी मद्रास हाईकोर्ट में लंबित है। इस बीच अब विजय व 'जन नायकन' के सपोर्ट में तमिल इंडस्ट्री उतर आई है। इस बीच आज ही रिलीज हुई प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' की अभिनेत्री मालविका मोहनन ने थलापति विजय को लेकर बात की है। साथ ही 'जन नायकन' के बाद विजय के फिल्मों से संन्यास लेने पर उन्होंने निराशा जताई है।

## विजय की फिल्में बनाती हैं त्योहार जैसा माहौल

इंडिया टुडे के साथ बातचीत के दौरान मालविका मोहनन ने 'जन नायकन' के बाद विजय के सिनेमा से दूरी बनाने पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके सभी प्रशंसकों की तरह मुझे भी बड़े पर्दे पर उनकी कमी खलेगी। उनकी हर फिल्म रिलीज होती है, तो ऐसा लगता है जैसे कोई त्योहार हो। उनकी फिल्म रिलीज से पहले पूरे तमिलनाडु के माहौल में जबरदस्त जोश और उत्साह होता है। इसे महसूस करने के लिए आपको वास्तव में चेन्नई, तमिलनाडु में होना पड़ेगा। बहुत कम अभिनेता अपनी फिल्मों की रिलीज के समय ऐसा माहौल बना पाते हैं।

## विजय कभी खुद को सुपरस्टार जैसा नहीं समझते

मालविका ने थलापति विजय के साथ 'मास्टर' फिल्म में काम भी किया है। विजय के साथ काम करने के अनुभव को याद करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि 'मास्टर' में उनके साथ काम करने का बहुत अच्छा अनुभव रहा।



आपको ऐसा महसूस नहीं होता कि आप किसी बड़े सुपरस्टार के साथ काम कर रहे हैं। वह बहुत ही प्यारे, विनम्र और एक बेहतरीन इंसान हैं और आपकी बातों को अच्छे से सुनते हैं। वह सचमुच आपके बारे में जानना चाहते हैं। वह सुनते हैं, लोगों को परखते हैं और उनकी समझ बहुत गहरी है।

## इस वजह से टली 'जन नायकन' की रिलीज

एच. विनोथ द्वारा निर्देशित जना नायकन राजनीतिक करियर में कदम रखने से पहले विजय की आखिरी फिल्म मानी जा रही है। यह फिल्म 9 जनवरी यानी आज ही रिलीज होनी थी। लेकिन सेंसर से सर्टिफिकेट नहीं मिला। इसके बाद मेकर्स मद्रास हाईकोर्ट गए, लेकिन अब तक वहां भी फिल्म के सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर कोई फैसला नहीं आया है। इस वजह से फिल्म की रिलीज फिलहाल टल गई है। मेकर्स ने एक बयान जारी कर इस बारे में बताया कि भारी मन से हम अपने सभी दर्शकों के साथ यह खबर साझा कर रहे हैं। 9 जनवरी को रिलीज होने वाली जन नायकन की रिलीज कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दी गई है, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है।

## 'द राजा साब' में नजर आई हैं मालविका मोहनन

मालविका मोहनन प्रभास स्टारर द राजा साब में नजर आई हैं। 'द राजा साब' आज यानी 9 जनवरी को ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में प्रभास और मालविका के अलावा निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार, संजय दत्त और बोमन ईरानी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।



# रोमांटिक कॉमेडी में अच्छी कहानियों की तलाश कर रही हैं दीपिका पादुकोण

हाल ही में दीपिका पादुकोण ने मुंबई में अपने फैंस के लिए एक स्पेशल फैन मीट सेशन रखा था। इस दौरान एक्ट्रेस देश भर के 50 फैंस से मिलीं। इस सेशन में फैंस ने दीपिका से खूब सवाल पूछे और उन्होंने सबका जवाब भी दिया। सेशन के दौरान एक्ट्रेस से पूछा गया कि वो कब किसी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगी? इस पर उन्होंने जवाब दिया- 'मुझे पूरी उम्मीद है कि बहुत जल्द। जैसा कि आप सभी जानते हैं, यह मेरी पसंदीदा जोनर है। एक ऑडियंस के तौर पर भी और एक एक्ट्रेस के तौर पर भी। मुझे लगता है कि अभी के माहौल में दर्शक कुछ अलग देखना चाहते हैं। लेकिन अगर आप में से इतने सारे लोग रोमांटिक कॉमेडी देखना चाहते हैं, तो मुझे यकीन है कि पब्लिक का एक बड़ा हिस्सा यही चाहती है।'
जैसे ही दीपिका ने यह कहा एक फैन ने ऋतिक रोशन का नाम लिया। सेशन के होस्ट ने इस बात पर वहां मौजूद फैंस से एक एक पोल कराया कि रोमांटिक कॉमेडी में दीपिका को किसके साथ काम करना चाहिए... ऋतिक रोशन, शाहरुख खान या उनके पति रणवीर सिंह। फैंस ने शाहरुख और ऋतिक के नाम पर चीयर किया लेकिन सबसे ज्यादा रणवीर सिंह के नाम को समर्थन मिला। बातचीत के दौरान, दीपिका ने शाहरुख खान, रणवीर सिंह या रणबीर कपूर के साथ एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में स्क्रीन साझा करने की संभावना के बारे में बात की और स्वीकार किया कि वो इस जोनर में अच्छी कहानियों की तलाश कर रही हैं। ऐसी अफवाह चल रही है कि दीपिका अयान मुखर्जी की अगली रोमांटिक फिल्म के लिए रणबीर कपूर के साथ काम कर सकती हैं। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।
उन्होंने कहा- यह ऐसी चीज है जिसकी तलाश में मैं और मेरी टीम लगी रहती हैं। हम लगातार ड्रामा, लव स्टोरी, रोमांटिक कॉमेडी, जैसे जोनर की फिल्में ढूंढते रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि इस तरह के कंटेंट को सपोर्ट करने वाले या इस समय इस तरह की फिल्में और टीवी शो लिखने वाले बहुत कम मेकर्स हैं।' दीपिका ने अपने फैंस से यह भी पूछा कि क्या वे रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को ओटीटी पर देखना पसंद करेंगे या थिएटर में। फैंस ने जवाब में थिएटर कहा। फिर दीपिका ने पूछा- अगर मैं ओटीटी पर काम करूं तो क्या आप नाराज होंगे? एक फैन ने जवाब दिया- आप बड़े पर्दे के लिए ही बनी हैं। एक अन्य फैन ने मजाकिया अंदाज़ में कहा- जब तक आपका किरदार नहीं मरता, तब तक सब ठीक है। दीपिका हंसते हुए कहती हैं- मेरी मां भी यही कहती रहती हैं। बता दें कि दीपिका की कई फिल्मों में उनके किरदारों की मौत हो जाती है, जिनमें उनकी पहली फिल्म ओम शांति ओम, गोलियों की रासलीला रामलीला, पद्मावत और जवान शामिल हैं। दीपिका जल्द ही शाहरुख खान की फिल्म किंग में नजर आएंगी। इसके अलावा, वह अल्लू अर्जुन के साथ एटली की फिल्म में काम कर रही हैं।

# प्रियदर्शन ने फिल्म धुरंधर की सक्सेस पर खुशी जताई



आदित्य धर की फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की है। फिल्म ने दुनियाभर में 1200 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। बुधवार को फिल्ममेकर प्रियदर्शन ने फिल्म की सक्सेस पर खुशी जताते हुए इसके डायरेक्टर आदित्य धर को बधाई दी। बता दें कि आदित्य धर ने अपने करियर के शुरुआती दौर में प्रियदर्शन के साथ काम किया था और उन्हें वो उन्हें अपना गुरु मानते हैं। धर ने प्रियदर्शन की दो फिल्मों आक्रोश (2010) और तेज (2012) के डायलॉग लिखे हैं। प्रियदर्शन ने इंस्टाग्राम पर धर के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने लिखा कि अपने शिष्य को इतनी बड़ी सफलता हासिल करते देखना सबसे बड़ी खुशी होती है। उन्होंने धुरंधर की सफलता के लिए धर को बधाई और धुरंधर 2 के लिए शुभकामनाएं भी दीं। प्रियदर्शन की इस पोस्ट पर धन्यवाद देते हुए धर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, मेरे सबसे प्यारे प्रियदर्शन सर... यह मेरे लिए इतना मायने रखता है कि मैं इसे शब्दों में पूरी तरह कह भी नहीं सकता। आपने मुझ पर तब भरोसा किया, जब मैं कुछ भी नहीं था और मेरे पास सिर्फ कंविक्शन और कुछ लिखे हुए पन्ने थे।
उन्होंने आगे लिखा, आपने मुझे बराबरी का दर्जा दिया और सिर्फ काम ही नहीं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा कीमती चीजें दीं। सम्मान, भरोसा और अपनापन। एक ऐसी इंडस्ट्री में, जहां मैंने अक्सर यह सीखा कि क्या नहीं करना चाहिए, वहां आपने मुझे साफ तौर पर सिखाया कि क्या करना चाहिए। सिर्फ एक फिल्ममेकर के तौर पर नहीं, बल्कि एक इंसान के तौर पर भी। धर ने यह भी लिखा, आक्रोश और तेज के लिए डायलॉग लिखने से लेकर आज यहां तक पहुंचने तक, हर कदम पर आपकी छाप रही है। मैं हमेशा सबसे पहले आपका ही छात्र रहूंगा। हर चीज के लिए धन्यवाद, सर। यह सफलता जितनी मेरी है, उतनी ही आपकी भी है। फिल्म धुरंधर रिलीज के 35 दिन बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।






# हमारी इंडस्ट्री में आज भी हीरो को पूजा जाता है

राशि खन्ना ने हिंदी फिल्म मद्रास कैफे से एक्टिंग का ककहरा सीखा, फिर जल्द ही तमिल-तेलुगू सिनेमा को भी साध लिया। पैन इंडिया कलाकार बन चुकीं राशि आने वाले दिनों में पवन कल्याण के साथ तेलुगू फिल्म उस्ताद भगत सिंह में नजर आएंगी। यही नहीं, वह तमिल फिल्म राउडी एंड कंपनी और हिंदी फिल्म तलाखों में एक और ब्रिज में भी दिखेंगी। ओटीटी पर भी अजय देवगन के साथ रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस और शाहिद कपूर की फर्जी में उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। बीते साल 2025 में तीन अलग-अलग भाषाओं में वह तीन फिल्मों - 120 बहादुर (हिंदी), तेलुसु कड़ा (तेलुगू) और अगाथिया (तमिल) में अलग-अलग किरदार में पसंद की गईं। करियर के इस पड़ाव पर राशि बहुत उत्साहित हैं।

**आप दिल्ली में पली-बढ़ी, मुंबई में करियर शुरू किया, अब हैदराबाद में सेटल हैं, तो इन अलग-अलग शहरों ने आपको कैसे गढ़ा?**

सच कहूं कि कभी-कभी मुझे लगता है कि मैं कौन हूं, क्योंकि मैं इतने किरदार निभाती हूं और वो किरदार करते हुए मैं वही बन जाती हूं। फिर वो तमिल हो, तेलुगू हो या हाल ही में मैंने पंजाबी, राजस्थानी, बंगाली किरदार किए तो मेरे मैनेजर बोलते हैं कि आप पैन इंडिया हैं (हंसती हैं)। मैं हैदराबाद में रहती हूं, तो यह शहर अब घर बन चुका है। दिल्ली और मुंबई मैं आती-जाती रहती हूं। मैं फूडी हूं और दिल्ली के खाने का कोई मुकाबला नहीं है। अच्छी बात ये है कि मेरी मम्मी साथ में रहती हैं तो वो दिल्ली वाले छोले भटूरे या कुल्चे छोले घर पर बना देती हैं। फिर भी, वेस्ट दिल्ली में एक ज्वाला हेरी मार्केट थी, जहां हम गोलगप्पे खाने जाते थे, तो वो टिक्की और गोलगप्पे अब भी याद आते हैं। मुंबई की सबसे अच्छी बात वहां की सेफ्टी है। वहां रात के 12 बजे भी ऑटो लेकर कहीं भी जा सकते हैं, घूम सकते हैं। मैं जब मुंबई में रहती थी तो ऑटो में बहुत घूमती थी। अब भी कभी-कभी ऑटो लेकर चली जाती हूं, मगर मेरे मैनेजर मना करते हैं। मुंबई की एक अच्छी बात यह भी है कि यहां सब अपने काम से मतलब रखते हैं।

**आपने बॉलीवुड फिल्म मद्रास कैफे से करियर शुरू किया था। फिर साउथ की ओर कैसे मुड़ीं? हिंदी में ही आगे बढ़ने का ख्याल नहीं आया?**

असल में, मैं फिल्में देखकर बड़ी नहीं हुई हूं। मेरी सिनेमा में कोई रुचि भी नहीं थी तो जब मैंने मद्रास कैफे की तो ये नहीं सोचा था कि अरे, मैं स्टार बनूंगी या मुझे स्टार बनना है। मुझे बस उस सेट पर काम करना अच्छा लगा तो धीरे-धीरे मैं और काम करती गई। मैंने तो यह भी सोचा था कि मद्रास कैफे के बाद अगर ढंग की फिल्म नहीं मिली तो मैं कुछ और कर लूंगी। लेकिन तभी मुझे मेरी पहली तेलुगू फिल्म मिली, जो बहुत सारे लोगों को अच्छी लगी। फिर मुझे काम मिलता गया और मैं करती गई। मैंने कभी ये सब सोचा ही नहीं कि हिंदी करना है या साउथ में करना है। ये चीजें आपके हाथ में होती भी नहीं हैं। होता वही है जो किस्मत में होता है तो मैं इन चीजों में सरेंडर करना पसंद करती हूं। मुझे जहां अच्छी फिल्में मिलेंगी, मैं करूंगी।

**आप बिना किसी फिल्मी कनेक्शन के यहां तक पहुंची हैं। एक आउटसाइडर होने का क्या खामियाजा महसूस हुआ?**

यह जरूरी नहीं है कि अगर आप इंडस्ट्री से हैं तो आपको काम मिलता ही रहेगा। हो सकता है कि थोड़े समय तक मिले, पर आगे बढ़ने के लिए आपमें टैलंट होना भी जरूरी है। ये सही है कि हम जैसे बाहर से आए एक्टर्स को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, पर मैं मेहनत से कभी नहीं डरी। मुझे पता था कि ये परिस्थितियां हैं, इनका मैं कुछ नहीं कर सकती। मेरे हाथ में सिर्फ मेरी मेहनत है। चाहे कोई फिल्म मुझे मिली या ना मिली, उसकी अलग-अलग वजहें होंगी, लेकिन मैंने खुद को कभी बेचारी या विक्टिम की तरह नहीं देखा। मैंने सिर्फ मेहनत की। रिजेक्शन भी मिला तो मैं समझती हूं कि ये बिजनेस है या उन्हें किसी और को फेवर करना है तो मैं बुरा नहीं मानती। मुझे लगता है कि जो आपकी किस्मत में है वो मिलना ही है। उसे आपसे कोई ले नहीं सकता।

**इंडस्ट्री में गैर-बराबरी को लेकर बहुत सी एक्ट्रेसेज ने खुलकर बोला है। आपका इस मामले में क्या अनुभव रहा है?**

हमारा समाज ही पितृसत्तात्मक है। इंडस्ट्री में भी हम थोड़ा हीरो वरशिप (हीरो की पूजा) करते हैं। इसलिए, उन्हें ज्यादा इज्जत मिलती है। हालांकि, अब चीजें बदल रही हैं, क्योंकि लड़कियां बोलने लगी हैं। फिर भी अभी पूरी तरह से नहीं बदली है तो निश्चित तौर पर सेट पर ट्रीटमेंट के मामले में एक्टर और एक्ट्रेस के बीच थोड़ा अंतर होता है, क्योंकि प्रोड्यूसर्स का कहना है कि जिसका बॉक्स ऑफिस पुल ज्यादा होगा, जो ज्यादा ऑडियंस लाएगा, उसे ज्यादा इज्जत मिलेगी। हो सकता है कि भविष्य में यह सोच बदले। उसमें वक्त लगेगा लेकिन चीजें बदलेंगी।

# ये दोस्ती है कमाल की!

## बाघ के बच्चे के साथ अंजना



अमेरिका के एक अभयारण्य में रहने वाली चिम्पैंजी है अंजना। वह इतनी दयालु है कि उसने बहुत से जानवरों के बहुत से अनाथ बच्चों को अपनाया है। अब वह मां की तरह एक बाघ के बच्चे की देखरेख कर रही है और उसकी अठखेलियों में खुश भी हो रही है। वैसे चिम्पैंजी काफी बुद्धिमान और समझदार होते हैं और वे अपने साथ रहने वालों का भी ख्याल रखते हैं।

## थेंबा का साथी एल्बर्ट



मां के मर जाने से नन्हा थेंबा (हाथी) बहुत दुखी हुआ और कई दिनों तक इसका शोक मनाता रहा। दक्षिण अफ्रीका के एक अभयारण्य में लाए जाने के बाद भी उसने खाना-पीना छोड़ रखा था। इसी दौरान उसे एल्बर्ट नाम की भेड़ के रूप में एक अच्छा दोस्त मिला। जल्द ही दोनों में गहरी दोस्ती हो गई। खेलने के साथ दोनों झपकियां भी साथ ही लेते। नए दोस्त ने इतनी खुशियां दीं कि थेंबा अपने दुख भूल गया और फिर से खाना-पीना शुरू कर दिया।

## बालू-लियो और शेर खान की तिकड़ी



शेर खान दरअसल शेर नहीं, बल्कि एक बाघ है और उसके साथ बालू नाम का भालू और लियो नाम का शेर है। इन तीनों के साथ इनके मालिक ने बुरा सलूक किया था, जिस कारण बालू को चोट भी लग गई। इस मुश्किल की घड़ी में ये एक-दूसरे का सहारा बन गये और अब अमेरिका के एक अभयारण्य में ये अपना सारा वक्त साथ ही गुजारते हैं।

# दुश्मन के भी दोस्त बनो

**अमित लगातार कोशिश करता था कि किसी भी तरह करण को नीचा दिखा सके और दूसरे बच्चों के सामने उसकी खिल्ली उड़ा सके। लेकिन उसकी लाख कोशिशों के बावजूद करण अपनी पढ़ाई में और बेहतर होता जा रहा था। चाहे बात पढ़ाई की हो या खेल की, करण हर किसी में बाजी मारता और हर जगह उसकी खूब तारीफ होती। फिर आखिर ऐसा क्या हुआ जो अमित को नीचा देखना पड़ा और वह बदल गया।**

बहुत पहले की बात है। एक गांव था राजनगर। वहां पर करण नाम का एक लड़का रहता था। वह लड़का स्वभाव का बहुत अच्छा था। पढ़ाई में भी होशियार था। वह बहुत आज्ञाकारी और अपने मां-बाप का कहना मानता था। स्कूल में वह ज्यादातर बच्चों की तुलना में होशियार था। स्वभाव से वह विनम्र था और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करता था। उसके स्कूल में चाहे उससे बड़े लड़के हों या फिर छोटे, सभी उसे पसंद करते थे। लेकिन इस कारण बहुत से लड़के करण से जलते भी थे। करण की ही क्लास में एक लड़का पढ़ता था, जिसका नाम था अमित। अमित पढ़ाई में तेज नहीं था। उसका स्कूल में खेलने में बहुत मन लगता था। वह अपने माता-पिता की बात नहीं सुनता था और उनसे रूखे तरीके से बात करता था। अपनी क्लास के लड़कों को वह चिढ़ाया करता था। यहां तक कि करण को भी वह खूब परेशान करता था। वह लगातार कोशिश करता था कि किसी भी तरह करण को नीचा दिखा सके और दूसरे बच्चों के सामने उसकी खिल्ली उड़ा सके। लेकिन उसकी लाख कोशिशों के बावजूद करण अपनी पढ़ाई में और बेहतर होता जा रहा था। चाहे बात पढ़ाई की हो या खेल की, करण हर किसी में बाजी मारता और हर जगह उसकी खूब तारीफ होती।

अपने आठवें जन्मदिन पर करण को अपने पिता की तरफ से गिफ्ट के तौर पर एक सुंदर सा पेन मिला। करण स्कूल में नोट्स लिखने के लिए वह पेन ले जाने लगा। वह पेन दिखने में तो सुंदर था ही, लिखता भी तेज था। जब अमित ने करण का पेन देखा तो उसे बहुत जलन हुई। अमित ने नजरें तिरछी करके करण से पूछा, 'यह पेन तुम्हें कहां से मिला? क्या तुमने इसे खरीदा है?'

'नहीं, मुझे यह पेन मेरे मम्मी-पापा ने बर्थ डे गिफ्ट में दिया है।' करण ने जवाब दिया।

इस बात से अमित का गुस्सा और भी ज्यादा भड़क गया। अपने माता-पिता से वह खुद इतना बुरा सलूक करता था कि अब तक उसे उनसे शायद ही कोई गिफ्ट मिला हो। जब लंच का वक्त हुआ, तो उसने करण का पेन चुराने का फैसला कर लिया। जब हर कोई लंच के लिए बाहर निकल गया, तो अमित ने चुपके से करण के बैग से पेन चुरा लिया। इसके बाद उसने पेन अपने बैग में छिपा लिया और लंच करने बाहर चला गया।

जब करण वापस लौटा तो उसे बैग में अपना पेन नहीं मिला। उसने अपने टीचर को इस बारे में बताया। इसके बाद पूरी क्लास में पेन खोजा गया, लेकिन वह नहीं मिला। तब टीचर ने क्लास के मॉनीटर से कहा कि वह सबके बैग की तलाशी ले। जल्द ही अमित के बैग से पेन मिल गया। उसे गुस्से से देखते हुए टीचर ने पूछा, 'अमित, पेन तुम्हारे बैग से निकला है, इस बारे में तुम्हें कुछ कहना है?'

अमित की आंखों में आंसू आ गए। वह कुछ नहीं बोला।

जब करण ने अमित को रोते हुए देखा, तो उसे अमित पर दया आ गई। उसके दिल में अमित के लिए कोई गिला-शिकवा नहीं था। उसने टीचर से कहा कि उसका खोया हुआ पेन वापस मिल गया है, अब वे अमित को सजा न दें। करण के इन शब्दों ने अमित की आंखें खोल दीं। वह हमेशा करण को परेशान करता था, लेकिन करण ने हमेशा उससे अच्छा व्यवहार किया। इस समय उसे एहसास हो रहा था कि करण कितना अच्छा लड़का है। उसने तुरंत करण और क्लास टीचर से माफी मांगी। इसके बाद करण और अमित दोस्त बन गए। फिर तो अमित का व्यवहार बदल गया और सभी उसे पसंद करने लगे। करण को अपने नए दोस्त पर नाज था।






# हंसने वाला कोका

साथियों, क्या तुमने ऑस्ट्रेलिया के हंसने वाले कोका के बारे में सुना है? आजकल ऑस्ट्रेलिया में यह खूब चर्चित हो रहा है। हंसने वाले कोका का दरअसल राज यह है कि इसका मुंह इस तरह का बना होता है, मानो खुशी से हंस रहा हो। छोटे चूहे जैसा यह जानवर आजकल ऑस्ट्रेलिया में पर्यटकों के बीच खूब लोकप्रिय हो रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह बेहद सेल्फी फ्रेंडली जानवर है। इसके साथ सेल्फी आती भी बड़ी मस्त है। इसकी स्माइलिंग वाले जबड़े की बनावट के कारण कुछ समय पहले इसे दुनिया के सबसे खुश जानवर की उपाधि भी मिल चुकी है। कोका वैसे तो एक साथ रहना पसंद करते हैं। आमतौर पर ये पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दलदली इलाकों और जंगलों में रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के रॉटनेस्ट आइलैंड पर ये खूब पाए जाते हैं।

# एक है कैट आइलैंड

तुमने वह कहानी तो सुनी ही होगी, जिसमें एक राजा ने मक्खियों को उड़ाने की नौकरी एक बंदर को दी थी। एक दिन राजा की नाक पर बैठी मक्खी को उस बंदर ने डंडे से ऐसा भगाया कि राजा की नाक ही टूट गई। उसके बाद राजा ने ऐसे दोस्तों से तौबा कर ली थी। कुछ ऐसा ही माजरा हुआ है दक्षिण जापान के एक  दूर के द्वीप पर। वहां पर अधिकतर मछुआरे रहते हैं। बेचारों ने काफी समय पहले एक ऐसे दोस्त से दोस्ती कर ली, जो अब उनकी जान की मुसीबत बन गया है। दक्षिणी जापान के आओशिमा नामक द्वीप पर मछुआरों की दोस्त बनकर आई बिल्लियां अब संख्या में इतनी ज्यादा हो गई हैं कि जिधर नजर घुमाओ, बिल्लियां ही बिल्लियां नजर आती हैं। ये इतनी ज्यादा हो गई हैं कि यहां हर एक आदमी पर छह बिल्लियों का अनुपात बन गया है। बेचारे इस द्वीप के रहने वाले। हर वक्त उन्हें भगाते ही रहते हैं। कुछ उन्हें खाना भी खिलाते हैं। कुछ वर्षों पहले जब यहां चूहे बहुत ज्यादा हो गए थे और वे आए दिन मछुआरों की नाव काटने लगे, तो बिल्लियों को इस द्वीप पर लाया गया। अब चूहे तो नहीं रहे, लेकिन चारों तरफ बिल्लियां ही बिल्लियां हैं। इस द्वीप पर कुछ बुजुर्ग और युवा ही रहते हैं। बाकी सभी बड़े शहर चले गए हैं। अब यहां इतनी बिल्लियां हैं कि कोई रेस्टोरेंट या खोमचा नहीं खोला जा सकता। यहां केवल इस 'कैट आइलैंड' को देखने आने वालों को लाने-ले जाने वाली मोटरबोट ही ज्यादा दिखती हैं। हालांकि कुछ लोगों को इस द्वीप पर बिल्लियों को देखने में खूब मजा आता है।





# रूबिक क्यूब्स का तोड़ा रिकॉर्ड

**अगर इंटेलिजेंट होने की बात आती है, तो रूबिक क्यूब्स में महारत की बात भी जरूर उठती है। आपको पता है कि रूबिक क्यूब्स क्या होते हैं?**

दोस्तों, तुम सभी ने आकार में चौकोर कई रंग-बिरंगे खानों वाला यह क्यूब कभी न कभी खेला जरूर होगा। उसे हल करना आमतौर पर लोगों के लिए बहुत कठिन होता है। इसीलिए उसे जो सही-सही खेल ले, वह बड़ा बुद्धिमान माना जाता है। इस क्यूब को पसंद करने वालों में बहुत से ऐसे भी हैं, जो इसे सबसे जल्दी हल करने की प्रतियोगिता भी करते हैं। उन्हें 'स्पीड क्यूबर्स' के नाम से जाना जाता है। बहुत से लोग इसके लिए प्रसिद्ध हैं, जैसे कि भारत के भार्गव नरसिम्हन। वह एक जाने-माने स्पीड क्यूबर हैं। उनके नाम रूबिक क्यूब के दो नेशनल रिकॉर्ड हैं और अब खबर है कि उन्होंने 5 रूबीस क्यूब का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। यह उन्होंने एक मिनट के अंदर हल कर दिया। यह काम उन्होंने केवल एक हाथ से ही कर दिखाया। वैसे भार्गव केवल 22 साल के हैं और अभी पढ़ाई कर रहे हैं। इनसे प्रेरणा लेकर तुम भी रूबिक क्यूब्स को जल्द से जल्द हल करने का मुकाबला रख सकते हो। तुम्हें बहुत मजा आएगा।